वर्ष 19 | अंक 113 | पृष्ठ 12
देवघर
शुक्रवार, 25 अक्टूबर 2024
मूल्य ₹ 3/-

हिन्दी दैनिक
# श्वेत पत्र
आपकी बात सच के साथ



पेज 12 : मीरपुर टेस्ट : साउथ...

www.shwetpatra.co.in | देवघर व रांची से प्रकाशित एवं पूरे झारखंड, बिहार तथा बंगाल में प्रसारित | E-mail : shwetpatra10@gmail.com

## संक्षिप्त समाचार

### प्रियंका गांधी ने अपने पास बताई 12 करोड़ की संपत्ति

**पति 66 करोड़ के मालिक**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने बुधवार को वायनाड लोकसभा उपचुनाव के लिए कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में नामांकन दाखिल किया। हलफनामा में उन्होंने 12 करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्ति घोषित की है। उनके पास 4.24 करोड़ रुपए की चल और 7.74 करोड़ रुपए की अचल संपत्तियां है। इसके अलावा उन्होंने अपने पति रॉबर्ट वाड्रा की संपत्ति का भी ब्योरा दिया है। वाड्रा के पास कुल 65.54 करोड़ रुपए की संपत्ति है, जिसमें से चल संपत्तियां 37.9 करोड़ रुपए और अचल संपत्तियां 27.64 करोड़ रुपए की हैं।

### गांदरबल हमले के आतंकी की तस्वीर आई सामने

**7 लोगों की जान गई थी**

**गांदरबल (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के गांदरबल में 20 अक्टूबर की देर रात आतंकी हमला हुआ था। इसमें 7 लोगों की जान गई थी। बुधवार को इस हमले में शामिल आतंकी की तस्वीर सामने आई। हाथ में एके-47 जैसी राइफल लिया हुआ आतंकी किसी



इमारत में घुसता हुआ नजर आ रहा है। आतंकी की पहचान फिलहाल सामने नहीं आई है, लेकिन इस हमले की जिम्मेदारी लश्कर-ए-तैयबा के संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट ने ली थी। टीआरएफ चीफ शेख सज्जाद गुल इस हमले का मास्टरमाइंड था।

### भारत से जान का खतरा, अमेरिका में हुई हत्या की कोशिश

**आतंकी पन्नू बोला-**

**3 दिन पहले फ्लाइट्स में ब्लास्ट की धमकी दी थी**

**जालंधर (एजेंसी)।** सिख फॉर जस्टिस के आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने भारत से जान का खतरा बताया है। कनाडाई न्यूज चैनल को दिए इंटरव्यू में उसने कहा कि अमेरिका में भारत सरकार के इशारे पर उसकी हत्या की कोशिश की गई। पंजाबियों के लिए अलग देश मांगने पर हरदीप सिंह निज्जर की हत्या कर दी गई, इसके बावजूद वह खालिस्तान के लिए रेफरेंडम बंद नहीं करेगा। हाल ही में अमेरिकी सरकार ने दावा किया था कि पन्नू की हत्या की साजिश में हरियाणा के रेवाड़ी का युवक विकास यादव भी शामिल है।



# यमुना एक्सप्रेस-वे के किनारे बसेगा नया शहर, तैयारी पूरी

**एनसीआर के जिलों को होगा बड़ा फायदा, योगी सरकार का बड़ा प्लान**

**नोएडा (एजेंसी)।** अगर आप एनसीआर में रहते हैं तो आपके लिए बड़ी खबर है। यमुना एक्सप्रेस-वे के किनारे योगी सरकार एक नया शहर बसाने जा रही है। इस शहर को हाईटेक सिटी की तर्ज पर बताया जाएगा। इसमें लोगों के लिए ना सिर्फ सभी सुविधाओं से युक्त रिहायशी मकान बसाए जाएंगे बल्कि उद्योगों के लिए भी यहां कई सुविधाएं होंगी। इससे रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। मथुरा में राया के पास बसाए जा रहे इस शहर के लिए यमुना प्राधिकरण ने फेज-2 विस्तार के लिए राया अर्बन सेंटर के लिए मास्टर-2031 को यूपी सरकार से मंजूरी मिल चुकी है। यह शहर करीब 11,653.76 हेक्टेयर में फैला होगा। यूपी सरकार राया अर्बन सेंटर यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे दोनों ओर तीन-तीन किलोमीटर में बसाने की योजना बना



रही है। मास्टर प्लान-2031 के तहत राया अर्बन सेंटर के नाम से नया शहर बसाने का प्रस्ताव शासन के पास भेजा गया था। इसे सरकार ने मंजूरी दे दी है। पहले इसे 9366.2 हेक्टेयर में बसाया जाना था लेकिन अब इसका क्षेत्र बढ़ाकर 11,653.76 हेक्टेयर कर दिया गया है।

# बिहार समेत तीन राज्यों में होगा रेलवे का विस्तार

**स्पेस सेक्टर के लिए 1000 करोड़ का फंड, मोदी कैबिनेट के बड़े फैसले**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कैबिनेट ने गुरुवार को तीन बड़े फैसले लिए। इसमें एक फैसला अंतरिक्ष के क्षेत्र में काम करने वाले स्टार्टअप्स से जुड़ा है। वहीं दो फैसले रेलवे प्रोजेक्ट से जुड़े हैं। कैबिनेट में फैसला लिया गया कि आईएन-एसपीएसीईएस के तहत स्पेस सेक्टर के लिए 1000 करोड़ रुपये का वेंचर कैपिटल फंड बनेगा। इस फंड से स्पेस सेक्टर में काम करने वाले स्टार्टअप्स को बढ़ावा दिया जाएगा।

इस फंड को 5 साल में खर्च किया जाएगा। इस फंड से हर साल 150 से 250 करोड़ का इस्तेमाल किया जाएगा। वित्त वर्ष 2025-26 में 150 करोड़ रुपये और इसके बाद 250-250 करोड़ इस फंड से इस्तेमाल किए जाएंगे। इस फंड से करीब 40 ऐसे स्टार्टअप्स की मदद



की जाएगी जो स्पेस में काम करेंगे। कैबिनेट में इसके अलावा और भी फैसले लिए गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई इस मीटिंग में रेलवे के लिए दो प्रोजेक्ट पर भी मुहर लगी। इन प्रोजेक्ट की लागत करीब 6798 करोड़ रुपये है।

## श्रीलंका में अमेरिका और इजरायल को डराने वाले आतंकी गिरफ्तार

**भारत के खुफिया इनपुट से नाकाम हुआ खतरा, पुलिस ने बढ़ा दी सुरक्षा**



**कोलंबो (एजेंसी)।** भारत के पड़ोसी देश श्रीलंका में इजरायली और अमेरिकी यात्रियों के संभावित खतरे की सूचना के बाद लोकप्रिय पर्यटन स्थल 'अरुगम बे' क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। बुधवार को अमेरिका और इजरायल ने सर्फिंग के लिए मशहूर इस इलाके से तत्काल दूर चले जाने को कहा था। श्रीलंका में अमेरिकी दूतावास ने कहा कि उसे अरुगम खाड़ी क्षेत्र में लोकप्रिय पर्यटन स्थलों को निशाना बनाकर किए जाने वाले संभावित आतंकवादी हमलों के बारे में विश्वसनीय जानकारी मिली है। अमेरिका की चेतावनी के बाद इजरायल ने भी अपने नागरिकों को इलाके से दूर जाने को कहा। इजरायल की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद ने अरुगम बे समेत श्रीलंका के दक्षिणी और पश्चिमी तटीय क्षेत्रों के लिए अपनी यात्रा सलाह को उच्चतम स्तर (लेवल 4) पर कर दिया।

# अबकी दक्षिण भारत से अपना नया अध्यक्ष चुनेगी बीजेपी!

**पार्टी ने शुरू किया मंथन, दिसंबर में हो सकता है ऐलान**

**अब तक दक्षिण भारत से रह चुके हैं तीन राष्ट्रीय अध्यक्ष**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भाजपा का नया राष्ट्रीय अध्यक्ष दक्षिण भारत से हो सकता है। पार्टी ने 15 दिसंबर तक नया अध्यक्ष चुनने का लक्ष्य रखा है। प्रदेश संगठनों से कहा गया है कि दिसंबर के पहले हफ्ते तक अपने यहां संगठन चुनाव पूरे कर लें, ताकि राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनने के लिए पार्टी की संवैधानिक जरूरतों को पूरा किया जा सके। वाजपेयी सरकार के दौरान दक्षिण भारत से तीन शख्स राष्ट्रीय अध्यक्ष बने थे। ये हैं:बंगारू लक्ष्मण, जना कृष्णामूर्ति और वेंकैया नायडू। पीएम मोदी के दो कार्यकाल में राष्ट्रीय अध्यक्ष उत्तर और पश्चिम भारत के रहे। फिलहाल भाजपा के दक्षिण के दिग्गज नेताओं में प्रहलाद




जोशी, एल मुरुगन, जी. किशन रेड्डी, के. अन्नामलाई, के. ईश्वरप्पा, निर्मला सीतारमण शामिल हैं। हो सकता है कि पार्टी इन्हीं में से किसी को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए। मौजूदा भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल इसी साल जनवरी में खत्म हो चुका है। लोकसभा चुनाव के लिए जून तक विस्तार दिया गया था। जुलाई में पार्टी को नया अध्यक्ष चुनना था, लेकिन नए अध्यक्ष के चुनाव से पहले संगठनात्मक चुनाव की जरूरत होती है। इसमें 6 महीने का समय लगता है। इसलिए जून में नड्डा का कार्यकाल बढ़ाया गया।

## माहिम से चुनावी 'इम्तिहान' में उतरे अमित ठाकरे

- मगर महाराष्ट्र में फेल-पास उनके पापा राज ठाकरे होंगे

**मुंबई (एजेंसी)।** आदित्य ठाकरे के बाद ठाकरे फैमिली की तीसरी पीढ़ी का एक और सदस्य ने चुनावी राजनीति में डेब्यू किया है। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के अध्यक्ष राज ठाकरे ने अपने बेटे अमित ठाकरे को शिवसेना के गढ़ माने जाने वाले माहिम सीट से टिकट दिया है। एक्सपर्ट मानते हैं कि चुनावी इम्तिहान में अमित ठाकरे को उतारकर राज ठाकरे अपनी ताकत की आजमाइश करेंगे। शिवसेना के यूथ विंग के प्रमुख के तौर पर राज ठाकरे ने मुंबई को शिवसेना का किला बनाया था। उद्धव ठाकरे के सक्रिय होने से पहले राज ही मुंबई में पार्टी को डील करते थे। आज भी मनसे का जनाधार मुंबई में है। यह भी तय है कि अगर अमित जीत जाते हैं तो वह न सिर्फ मनसे पार्टी और राज के उत्तराधिकारी के तौर पर स्थापित हो जाएंगे। अमित ठाकरे के लिए यह चुनाव आसान नहीं होगा, क्योंकि इस सीट पर शिंदे सेना और उद्धव सेना के उम्मीदवारों से उनका मुकाबला होगा।



**दहेज उत्पीड़न के मामलों में बरतें सावधानी**

# बेगुनाहों की रक्षा करें



- सुप्रीम कोर्ट का सभी अदालतों को निर्देश
- कहा-यह ध्यान रखें कि कोई बेगुनाह परेशान न हो

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अगर आपसे पूछा जाए कि 2-4 ऐसे कानूनों का नाम बताइए जिसका सबसे ज्यादा दुरुपयोग होता है। जवाब में दहेज उत्पीड़न से जुड़ा कानून शायद ही किसी की लिस्ट में जगह पाने से छूटे। इस कानून को पति के घरवालों और रिश्तेदारों के खिलाफ हथियार के तौर पर इस्तेमाल किया जाता है। गुनाह किसी का भी हो लेकिन घर के हर बालिग सदस्य को आरोपी बना दिया जाता है। जमानत भी मुश्किल से होती है। कानून के दुरुपयोग को लेकर समय-समय पर अदालतें भी चिंता जताती रहती हैं। सुप्रीम कोर्ट ने ऐसे ही एक मामले में आरोपी को बरी करते हुए अदालतों को सलाह दी है कि वे दहेज उत्पीड़न या दहेज हत्या से जुड़े मामलों सावधानी बरतें। ध्यान रखें कि कोई बेगुनाह परेशान न हो। अदालतें दहेज उत्पीड़न के मामलों में सावधानी बरतें।

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया परचा दाखिल





**बरहेट (एप्र)।** राज्य के मुखिया हेमंत सोरेन पिता शिबू सोरेन ने गुरुवार को बरहेट अनुसूचित जन जाति निर्वाचन संख्या 03 विधानसभा से साहेबगंज के निवार्ची पदाधिकारी गौतम भगत के समक्ष अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन दाखिल करने के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समाहरणालय भवन के मुख्य द्वार पर पहुंच पत्रकारों को संबोधित किया। उन्होंने पत्रकारों से मुखातिब होते हुए कहा कि वे बरहेट विधानसभा से प्रत्याशी के तौर पर नामांकन दाखिल करने आये हैं। कहा कि इस बार झारखंड में पुनः इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। हमें जनता का विश्वास मिला है, अगर फिलहाल अभी साहिबगंज की बात करु तो साहेबगंज में राजमहल, बोरियों और बरहेट तीनों विधानसभा क्षेत्र में (झामुमों ) झारखंड मुक्ति मोर्चा फिर से अपना परचम लहराने जा रहा है। उन्होंने कहा कि दूसरे राज्यों के मुख्यमंत्री झारखंड में आकर भाजपा का प्रचार करने में लगे हैं। चुनाव के बाद सब अपने काम में लग जाएंगे, यहां कोई नजर नहीं आएगा। आगे उन्होंने कहा इस? बात को झारखंड की जनता समझ चुकी है। विदित हो कि प्राप्त जानकारी के अनुसार अचानक मौसम खराब होने के कारण सीएम का हेलीकॉप्टर दुमका से उड़ान नहीं भर सका। जिसके बाद सीएम हेमंत सोरेन सड़क मार्ग से ही साहिबगंज पहुंचे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पहुंचते ही झामुमों कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। वहीं नामांकन कार्यक्रम के उपरांत मुख्यमंत्री को तीन भागों में जनसभाओं को संबोधित करना था, लेकिन शाम हो जाने के कारण उन्होंने सिर्फ बरहेट विधानसभा में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। वहीं मुख्यमंत्री के जनसभा कार्यक्रम को सुनने के लिए भी कार्यक्रम स्थल में विशेष कर महिलाओं की जन सैलाब देखने को मिली।

# अपरकास्ट, ओबीसी और एससी का बनाया मिलाजुला संतुलन

- यूपी उपचुनाव में बीजेपी ने खेला 'आरएसएस' वाला बड़ा दांव
- आरएसएस का फीडबैक और ग्राउंड रिपोर्ट का भी लिया सहारा

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के राजनीतिक गलियारों में गुरुवार को वो दिन आ ही गया, जब सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी की तरफ से उपचुनाव के लिए प्रत्याशियों की लिस्ट जारी कर दी गई। कुल 10 खाली सीटों में मिल्कीपुर में उपचुनाव की घोषणा नहीं हुई, मीरापुर सीट पर रालोद प्रत्याशी के लिए छोड़ दिया और सीसामऊ पर अभी भाजपा प्रत्याशी का ऐलान नहीं हुआ है। बाकी 7 सीटों पर टिकट बंटवारे में भाजपा की तरफ से जिन प्रत्याशियों का चयन किया गया है, उससे यह तो स्पष्ट है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के साथ ही पार्टी की तरफ से ग्राउंड फीडबैक का भी अहम योगदान है। यूपी में उपचुनाव



की 7 सीटों पर भाजपा ने काफी मंथन के बाद टिकट बंटवारे का ऐलान कर दिया है। इसमें अपरकास्ट के साथ ही पिछड़े और दलित वर्ग का ख्याल भी रखा गया है। भाजपा ने मुरादाबाद की कुंदरकी सीट से रामवीर सिंह ठाकुर को टिकट दिया है, जो क्षत्रिय बिरादरी से आते हैं। वहीं गाजियाबाद से संजीव शर्मा को टिकट दिया है, जो कि ब्राह्मण हैं। अलीगढ़ की खैर सुरक्षित सीट से दलित उम्मीदवार सुरेंद्र दिलेर को प्रत्याशी बनाया है। वहीं मैनपुरी की करहल सीट से अनुजेश यादव और प्रयागराज की फूलपुर सीट से दीपक पटेल को टिकट मिला है। अकबरपुर की कटेहरी सीट से धर्मराज निषाद को टिकट दिया है।

- सामाजिक समीकरण साधने का प्रयास, वफादारों को तरजीह-

ओबीसी में भी यादव, पटेल, निषाद और मौर्य के जरिए भाजपा ने राजनीतिक लिहाज से अहम पिछड़े वर्ग के अलग-अलग वर्ग को साधने का प्रयास किया है। अभी सात सीटों पर प्रत्याशी उतारे गए हैं। मीरापुर (मुजफ्फरनगर) और सीसामऊ (कानपुर) विधानसभा सीट पर उम्मीदवार घोषित करने बाकी हैं। गौरतलब है कि बीजेपी ने गठबंधन के तहत मीरापुर विधानसभा सीट राष्ट्रीय लोकदल को दी है। रालोद तय रणनीति के तहत आखिरी समय में अपना पत्ता खोलेगी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी बीते दिनों में यूपी में सक्रिय हुआ।

## एक नजर

### आरोग्य मंदिरों के बेहतर संचालन के लिए कार्य आवंटित



**बैद्यनाथधाम (निसं)।** सिविल सर्जन डॉ. युगल चौधरी ने आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के बेहतर संचालन, रखरखाव एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य के लिए जिला स्तरीय तकनीकी सलाहकर ग्रुप के साथ बैठक की। इसमें सिविल सर्जन ने ग्रुप के सदस्यों को नामित करते हुए कार्य आवंटित किए। आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में कार्यरत सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी, एएनएम, सहिया एवं पुरुष कार्यकताओं के परफॉर्मेंस बेस्ड इंसेंटिव एवं टीम बेस्ड इंसेंटिव का ससमय भुगतान करने एवं इसके अनुश्रवण के लिए उचित दिशा-निर्देश दिया। सिविल सर्जन ने बताया कि विभागीय पत्र के आलोक में सभी कर्मियों को अलग-अलग उनके कार्य के आधार पर इंसेंटिव का भुगतान किया जाना है, जिसके अनुपालन में सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को पत्र निर्गत करते हुए निर्देशित किया गया है। साथ ही उन्हें निर्देश दिया गया है कि इंसेंटिव का भुगतान संबंधित को करना सुनिश्चित करेंगे। जिसकी समीक्षा अगले माह ग्रुप की बैठक के दौरान की जाएगी। मौके पर जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी एनसीडी सेल डॉ. मनोज कुमार गुप्ता, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सम्राट सिंह, जिला लेखा प्रबंधक बृजेश कुमार झा, जिला कार्यक्रम समन्वयक प्रवीण सिंह, रवि कुमार सिंह, रविचंद्र मुर्मू मौजूद थे।

### बीटीएम ने कृषक मित्रों के साथ की बैठक



**सारठ(एप्र)।** कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं बीज वितरण आदि को लेकर बीटीएम ने कृषक मित्रों के साथ प्रखंड सभागार में बैठक की। इस दौरान रवि फसलों की बुआई एवं मिलेट आदि की खेती के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। वहीं सरकार द्वारा आत्मा को उपलब्ध कराए गर सरसों, चना व मसूर वितरण करने के बारे में जानकारी दी गई। प्रत्येक पंचायत में मात्र 20 किलोग्राम सरसों का बीज उपलब्ध कराए जाने के कारण किसानों को वितरण करने होने वाली परेशानियों के बारे में कृषक मित्रों ने बीटीएम के समक्ष रखा। इसपर बीटीएम ने क्लस्टर बनाकर पंचायत में एक या दो स्थान पर सरसों चना व मसूर की खेती कराने की बात कही। कृषक मित्रों को प्रोत्साहन राशि नहीं मिलने पर कृषक मित्रों ने सरकार व विभाग के प्रति नाराजगी जाहिर किया। मौके पर एटीएम गौतम कुमार, कृषक मित्र राजकुमार यादव, रंजीत मंडल, जितेंद्र पंडित, गोपाल पंडित, बमभोला मंडल, अमिताभ सोरेन, नशिम अख्तर, बीरेंद्र सिंह, संजय यादव संजीव सिंह समेत दर्जनों कृषक मित्र मौजूद थे।

### बिना सूचना के कोयला उठाव का ग्रामीणों ने किया विरोध

**लोयाबाद (एप्र)।** लोयाबाद स्टेशन के पास स्थित नई साइडिंग में पहले से रखे कोयले को बुधवार रात बिना किसी सूचना के उठाने आए कंपनी



के हाईवा और पेलोडर को स्थानीय ग्रामीणों ने रोकते हुए दो महीने की बकाया मजदूरी का भुगतान करने के लिए विरोध किया। जानकारी के अनुसार, लगभग साढ़े ग्यारह बजे आयेश ट्रेडिंग कंपनी का हाईवा (संख्या जेएच10 सीएल 4427) और पेलोडर (संख्या जेएच10 बीडी 7314) उक्त साइडिंग से कोयला उठाने लगे। इस पर वहां उपस्थित सुरक्षा गार्ड ने तुरंत कंपनी की साइडिंग इंचार्ज अनीता देवी को सूचित किया। सूचना मिलते ही अनीता देवी और पूनम प्रसाद वहां पहुंचीं और दोनों गाड़ियों के चालकों से पूछताछ करके उन्हें रोक दिया और सुरक्षा गार्ड की निगरानी में खड़ा कर दिया। इसके बाद आज सुबह, सभी स्थानीय महिलाएं साइडिंग में पहुंचकर कंपनी प्रबंधक के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मजदूरों की वेतन भुगतान की मांग करने लगीं। अनीता देवी और पूनम प्रसाद ने आरोप लगाया कि कंपनी बिना किसी सूचना के साइडिंग का कोयला गलत तरीके से ले जाने का प्रयास कर रही थी, जिसे उन्होंने रोक दिया है। उन्होंने बताया कि साइडिंग में काम कर रहे 18 मजदूरों का पिछले दो महीनों से बकाया वेतन है और इसे लेकर कंपनी प्रबंधन से वार्ता के लिए बुलाया गया है, लेकिन अभी तक कोई नहीं आया है। इस घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को नहीं दी गई है। विरोध में शामिल महिलाओं में अनीता देवी, नीलू देवी, नीतू चौधरी, मुन्नी देवी, पूनम प्रसाद, गायत्री देवी, पूजा देवी, किरण देवी, खुर्शीद परवीन, गुड़िया देवी, रेखा देवी, बसंती खातून, और रनिका देवी, सोनी चौहान समेत सैकड़ों अन्य शामिल थीं।

### दुर्गोत्सव में श्रेष्ठ पूजा पंडाल के लिए श्रीश्री दुगार्पूजा नवयुवक समिति,रानीबांध धैया को मिला द्वितीय पुरस्कार



**धनबाद (एप्र)।** दुर्गोत्सव के दौरान जिले भर में आयोजित दुर्गा पूजा में बेस्ट पंडाल सहित विभिन्न कटेगरी के लिए गुरुवार को स्थानीय अखबार प्रभात खबर ने कमेटियों को सम्मानित किया। धनबाद के होटल रेडिसन ब्लू में आयोजित समारोह में पूजा कमेटियों को सम्मानित किया गया। श्रेष्ठ पूजा पंडाल कटेगरी में श्रीश्री दुगार्पूजा नवयुवक समिति, रानीबांध धैया को द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मौके पर पूजा समिति के संरक्षक पप्पू सिंह,अध्यक्ष मिहिर दत्ता,कार्यकारी अध्यक्ष अमृत सिंह, सचिव टिंकू सरकार,उपाध्यक्ष शक्ति सिंह को बिल्डर श्याम पाण्डेय ने पुरस्कृत किया।

### बाघमारा विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय चुनाव लड़ेगा मो. निजाम आंसरी



**लोयाबाद (एप्र)।** बाघमारा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कतरास के कलाली फाटक राम पूजन नगर गुहिबांध के निवासी समाजसेवी मोहम्मद निजाम आंसरी ने गुरुवार को अपने आवास पर एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में मोहम्मद निजाम आंसरी को मौजूद लोगों ने माला और बुक्के देकर सम्मानित किया। उन्होंने पत्रकारों को बताया कि बाघमारा विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए वह निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ने का इरादा रखते हैं। इस अवसर पर सेरु अंसारी, सुधीर साव, समशेर अंसारी, असगर अंसारी, राजू खान, मकसूद अंसारी, बरकु और रिंकू जैसे कई लोग मौजूद थे।

# निरसा से अरूप, झरिया से पूर्णिमा एवं टुंडी से मथुरा ने किया नामांकन दाखिल





- **विधानसभा चुनाव को लेकर आज 6 अभ्यर्थियों ने किया नॉमिनेशन, 17 ने लिए नामांकन पत्र**

**धनबाद (एप्र)।** बृहस्पतिवार को विधानसभा चुनाव के लिए सिंदरी, निरसा, धनबाद, झरिया एवं टुंडी विधानसभा के लिए नामांकन किया गया।38 सिंदरी विधानसभा के लिए झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा की उषा देवी ने निवार्ची पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता विनोद कुमार के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया।39 निरसा के लिए कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सिस्ट लेनिनिस्ट) लिबरेशन के अरुण चटर्जी ने निवार्ची पदाधिकारी सह एडीएम सप्लाई जियाउल अंसारी के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया। 40 धनबाद विधानसभा से निर्दलीय उम्मीदवार कुमार कौशल ने निवार्ची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया।41 झरिया विधानसभा से इंडियन नेशनल कांग्रेस की पूर्णिमा नीरज सिंह एवं निर्दलीय उम्मीदवार सूरज सिंह ने निवार्ची पदाधिकारी सह एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया।42 टुंडी विधानसभा से झारखंड मुक्ति मोर्चा के मथुरा प्रसाद महतो ने निवार्ची पदाधिकारी सह एलआरडीसी दिलीप कुमार महतो के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया।वहीं विधानसभा चुनाव 2024 की अधिसूचना जारी होने के तीसरे दिन 17 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र खरीदे।आज 40 धनबाद विधानसभा के लिए सामान्य वर्ग के 5 व अनुसूचित जाति / जनजाति का 1, 41 झरिया विधानसभा के लिए सामान्य वर्ग में 3, 42 टुंडी के लिए सामान्य वर्ग के 4 व अनुसूचित जाति/ जनजाति का 1 तथा 43 बाघमारा विधानसभा के लिए सामान्य वर्ग में 3 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र खरीदे। जबकि 38 सिंदरी विधानसभा और 39 निरसा के लिए किसी ने नामांकन पत्र नहीं खरीदा।

## पीडीएस दुकान की रोज चक्कर लगा रहे कार्डधारी, नहीं मिल रहा राशन



**मोहनपुर (एप्र)।** पीडीएस गोदाम की मनमानी एवं डोर स्टेप डिलीवरी से पीडीएस दुकानदार परेशान हो गए हैं। प्रखंड क्षेत्र के बीचगढ़ा के बलजोरा गांव में पीडीएस दुकान मां काली स्वयं सहायता समूह में डोर स्टेप डिलीवरी नहीं होने से दुकानदार व कार्डधारी परेशान हैं। इस पंचायत के सभी दुकानों में डोर स्टेप डिलीवरी हो गई है, जहां सभी दुकानों में राशन वितरण कर दिया गया है। पीडीएस गोदाम की मनमानी एवं डोर स्टेप डिलीवरी की लापरवाही के कारण इस तरह की समस्या प्रत्येक महीना झेलते हैं। सभी दुकानों में पहले डोर स्टेप डिलीवरी कर दिया जाता है। सबसे बाद में इस दुकान में डोर स्टेप डिलीवरी की जाती है। सभी दुकानों में अक्टूबर माह की राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम का राशन वितरण हो चुका है लेकिन अभी तक मां काली स्वयं सहायता समूह में वितरण नहीं किया गया है। जिसको लेकर सविता देवी, देवंती देवी, हेमिया देवी ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी को शिकायत लिखित दिया गया।

### दस लीटर अवैध महुआ के साथ सुंदरनगर से एक धराया

**निरसा (एप्र)।** विधानसभा चुनाव को लेकर चिरकुंडा पुलिस पूरी तरह से चौकसी बरत रही है।इसे लेकर अवैध शराब विक्रेताओं के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है। इसी क्रम में बुधवार की रात्रि थाना प्रभारी रामजी राय के नेतृत्व में सुंदरनगर कापासारा में अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी कर परशुराम महतो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है व पुलिस ने उसके पास से 10 लीटर देशी महुआ को भी जब्त किया है।

## कार्य दिवस के दिन जितजोरी पंचायत भवन से कर्मी गायब



**बैद्यनाथधाम (निसं )।** देवीपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सभी पंचायत भवन में गुरुवार को पंचायत कार्य दिवस मनाने का निर्देश है। इसके बावजूद गुरुवार को जीतजोरी पंचायत भवन में पंचायत सचिव और रोजगार सेवक नदारत दिखे। सभागार में ताला बंद था। सभी का कार्यालय बंद था। इसके साथ ही पंचायत भवन के बाहर लिखे गए मोबाइल नंबर बीपीओ रोजगार सेवक और पंचायत पंचायत सेवक का मोबाइल नंबर पुराना लिखा हुआ मिला। जो अब से कई महीने पूर्व वहां से हट चुके हैं। वहीं बीपीओ भी बदल चुके हैं। इसके बावजूद पंचायत भवन में पुराना नंबर अंकित है। लोगों ने बताया कि हम लोग को पंचायत भवन कोई कार्य संपादित होते देखे भी नहीं है। यहां कोई आवासन भी नहीं करता है। जबकि पूर्व में रोजगार सेवक यहीं आवासन करता था, जिससे मनेरगा संबंधित कार्य करने संपादित कराने में आसानी होती थी। मामले में पंचायत सचिव प्रभाकर कुमार ने जवाब नहीं दिया। वहीं रोजगार सेवक मानक कुमार भारत ने बताया कि हम प्रखंड कार्यालय में थे, जबकि बीपीओ महावीर ने बताया कि इस बारे में हमको कोई जानकारी नहीं है।

## दीपावली एवं छठ पर्व को लेकर डीसी ने की बैठक

- **आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए मनाएं पर्व-डीसी**
- **डीसी ने कहा नगर निगम क्षेत्र के सभी घाटों की सफाई सुनिश्चित करें नगर आयुक्त**



**धनबाद (एप्र)।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में गुरुवार को न्यू टाउन हॉल में दीपावली एवं छठ पर्व को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने जिला अन्तर्गत विभिन्न छठ घाटों पर किये जाने वाले इंतजामों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिए।उपायुक्त ने नगर निगम क्षेत्र अन्तर्गत आने वाले सभी छठ घाटों की मरम्मति, तालाबों व नदियों की साफ-सफाई, जलकुंभी की सफाई छठ घाटों के समीप स्ट्रीट लाईटों की मरम्मति के अलावा विशेष साफ- सफाई व कचड़ा प्रबंधन को लेकर नगर आयुक्त को आवश्यक निदेश दिए। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि दीपावली और छठ पर्व जिले में बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। ऐसे में किसी प्रकार की कमी न रहे और सभी घाटों की साफ-सफाई ससमय सुनिश्चित करें, ताकि किसी प्रकार की असुविधा किसी को न हो।इसके अलावे बैठक के दौरान उपायुक्त ने छठ पर्व को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ सभी प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारियों व थानों को छठ समितियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए ससमय सभी कार्यों को पूर्ण करने का निदेश दिया,ताकि विधि- व्यवस्था,सुरक्षा व्यवस्था एवं यातायात व्यावस्था से जुड़ी किसी प्रकार की समस्या न हो। आगे उपायुक्त ने छठ घाटों पर विद्युत व्यवस्था व विद्युत कनेक्शन से जुड़े बिन्दुओं पर संबंधित विभाग के कार्यपालक अभियंता को आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को छठ पर्व के दौरान बरती जाने वाले सावधानियों को लेकर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिए।साथ ही उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग, एनडीआरएफ, यातायात पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम को चौबीसों घंटे एक्टिव रहने के साथ अपने-अपने विभाग के विशेष दस्ता दल को क्षेत्र में सक्रिय रखने का निर्देश दिया। साथ ही दीपावली को लेकर जिन भी दुकानदारों को पटाखे बेचने का लाइसेंस निर्गत किया गया है उनके गोडाउन की जांच अवश्य कर लें कि वह सुरक्षा मानकों का ध्यान रख रहे हैं या नहीं।वही वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इस वर्ष दिवाली एवं छठ पर्व इलेक्शन के दौरान हो रहा है, इसलिए आवश्यक है कि सभी पुलिसकर्मी एवं पदाधिकारी यह सुनिश्चित करें कि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन ना हो, इस पर विशेष निगरानी रखें। सभी घाटों पर गोताखोर उपलब्ध रहें इसकी भी व्यवस्था सुनिश्चित हो।मौके पर ग्रामीण एसपी,सिटी एसपी,एडीएम लॉ एंड ऑर्डर,डायरेक्टर डीआरडीए, विभिन्न विभाग के पदाधिकारी, सभी डीएसपी,सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी समेत थाना के अधिकारी मौजूद रहे।

## पुलिस ने 16 लीटर देशी शराब व 219 ग्राम गांजा के साथ एक व्यक्ति को किया गिरफ्तार ,भेजा जेल




**बाघमारा (एप्र)।** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर बाघमारा पुलिस द्वारा निरंतर छापेमारी की जा रही है। इसी निमित बाघमारा पुलिस द्वारा बुधवार देर शाम भीमकॉलोनी बाजार के समीप एक दुकान में छापेमारी कर 16 लीटर देशी शराब 219 ग्राम गांजा एवं तीन चिल्लम के साथ दिनेश गोराई को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस मामले को लेकर बाघमारा थाना प्रभारी चिरंजीत प्रसाद ने बताया कि गुप्त सुचना के आधार पर बुधवार की देर शाम को छापेमारी के दौरान दुकानदार दिनेश गोराई पकड़ा गया। दुकान की तालाशी के क्रम में लकड़ी के आलमारी में छुपा कर रखा हुआ अलग-अलग प्लास्टिक में अवैध गांजा जैसा पदार्थ एवं लाल रंग का तीन चिल्लम को बरामद हुआ है।दुकान के अंदर रखे हुए अलमारी का जाचं किया तथा दुकान के अन्य भागो का जाँच करने के दौरान कैरेट में रखा हुआ दो लीटर वाले 8 बोतल में करीब 16 लीटर अवैध देशी महुआ शराब बरामद किया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि गांजा एवं शराब बेचने के आरोप में 247/245/292 बीएनएस एवं धारा 20 (बी) (11) अ एनडीपीएस एक्ट एवं धारा 47 ए झारखंड शुक्ल उत्पाद अधिनियम धाराओ के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गुरुवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। छापेमारी दल में सुमन कुमार, लालेंदर कुमार सिंह, नरेश कुमार पाल मौजूद थे।

### छह आरोपितों की जमानत याचिका खारिज

**रांची।** रांची के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी चंदन की अदालत ने गुरुवार को अवैध शराब के साथ जुआ खेलते गिरफ्तार छह आरोपितों को जमानत देने से इनकार किया है। आरोपितों की ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई पश्चात अदालत ने तबारक खान, इरशाद अंसारी, संदीप कुमार, खुर्शीद अंसारी, नीरज कुमार और अनीश मुंडा को जमानत देने से इनकार किया। नगड़ी पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर 18 अक्तूबर को गिरफ्तार किया था। तब से ही पांचों जेल में है। आरोपितों के पास से एक लाख 9 हजार रुपए भी बरामद किया गया है। सभी आरोपित नगड़ी थाना क्षेत्र के मनोकामना इलाके के मेहता बैक्वेट हॉल में जुआ खेल रहा था।

## मतदान केंद्रों की साफ-सफाई का रखें ध्यान : के. रवि कुमार

**रांची (एप्र)।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि लोकसभा निर्वाचन में स्कूलों के वालिंटियर द्वारा दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं के सहयोग के लिए बेहतर कार्य हुआ था। विधानसभा निर्वाचन 2024 में उनकी महत्वपूर्ण सहभागिता अपेक्षित है। इसके लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा 29 अक्टूबर को ऑनलाइन माध्यम से सभी वालिंटियर को ट्रेनिंग देने की व्यवस्था की जा रही है। इस दौरान पूरे राज्य से लगभग एक लाख 20 हजार वालिंटियर को बूथ पर उनके द्वारा किए जाने वाले कार्यों के विषय में विस्तृत जानकारी दी जाएगी। वह गुरुवार को निर्वाचन सदन में ऑनलाइन माध्यम से स्कूली शिक्षा के पदाधिकारियों एवं राज्य के प्राइवेट एवं सरकारी स्कूलों के सेक्रेट्री एवं प्रिंसिपल के साथ बैठक कर रहे थे। कुमार ने कहा कि सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी इस बात का प्रमाणपत्र ले लें कि उनके अधिकार क्षेत्र के विद्यालयों में सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाओं की उपलब्धता हेतु कार्य करा लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि मतदाताओं, मतदान कर्मियों तथा सुरक्षा बलों को इससे संबंधित किसी भी प्रकार की परेशानी की जिम्मेदारी संबंधित पदाधिकारी की होगी। उन्होंने कहा कि सभी स्कूलों में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। साथ हीं स्कूलों में रनिंग वाटर, शौचालय , रैंप, बिजली आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करा लें। इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार सहित ऑनलाइन माध्यम से स्कूली शिक्षा के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### मांडर में कुएं से अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद

**रांची।** मांडर थाना पुलिस ने ग्राम बिसाहा खटंगा मुरकुनी डबराटांड़ के पास बेड़ो मांडर मुख्य रोड किनारे ओपेन कुंए से 40 वर्षीय एक व्यक्ति का शव बरामद किया है। शव की पहचान फिलहाल नहीं हो पायी है। थाना प्रभारी राहुल कुमार ने बताया कि शव में किसी जगह पर मारने या जख्म देने के कोई निशान नहीं पाये गये हैं। इस लिए फिलहाल यह कहना जल्दबाजी होगी की उसकी हत्या कर शव को कुंए में डाला गया या फिर वह खुद ही कुएं में गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गया। मालूम हो कि जिस कुएं में शव पाया गया है वह मुरकुनी डबराटांड़ के जक्रियस बाड़ा का है। इधर कुंए में शव होने की खबर पा कर आसपास के गांव के लोगों भीड़ शव देखने वहां पहुंच गयी। लेकिन किसी ने शव की पहचान नहीं की। मौका ए वारदात पर पहुंचे ग्रामीणों ने कह कि मृतक गांव का तो नहीं है ,हो सकता है कि मृतक के शव को अपराधियों ने द्वारा कहीं से ला कर कुंए में डाल दिया।

### राष्ट्रीय खेल घोटाला मामले में शिकायतकर्ता को सीबीआई ने बुलाया, दोबारा जांच शुरू

**रांची।** 34वें राष्ट्रीय खेल घोटाले की जांच एक बार फिर शुरू हो गयी है। इस मामले के याचिककर्ता पंकज यादव को सीबीआई कार्यालय से पूछताछ और तथ्यों की जानकारी देने के लिए गुरुवार को फोन से संपर्क कर बुलाया है। सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट के बाद याचिकाकर्ता पंकज यादव और सूर्य सिंह बेसरा ने क्लोजर रिपोर्ट का विरोध करते हुए दोबारा जांच की मांग करते हुए सीबीआई कोर्ट में प्रोटेस्ट याचिका दाखिल की थी। पंकज यादव का कहना था कि सीबीआई ने ना तो शिकायतकर्ता से बात की ना ही उस विधानसभा कमिटी के सदस्यों से बात की। शिकायतकर्ता पंकज यादव की मांग पर गत 13 सितंबर को सीबीआई कोर्ट ने दोबारा से सीबीआई को सभी बिंदुओं पर जांच के आदेश दिए थे। इसी आदेश के आलोक में राष्ट्रीय खेल के मेगा स्पोर्ट्स निर्माण और खेल सामग्री की खरीददारी को लेकर सीबीआई ने जांच शुरू कर दी है।

## एम्स के पास रोड पर लगाया जा रहा है प्रचार के खंभा, हादसे की आशंका




**बैद्यनाथधाम (निसं )।** देवीपुर एम्स के समीप सत्संग देवीपुर रोड पर ही प्रचार के खंभा लगाया जा रहा है। वहीं सड़क के दायरे में कई ऐसे दुकान का निर्माण हाल में कर दिया गया है। जबकि यह सड़क चौड़ीकरण कर 120 फिट किया जाना है। बावजूद कई लोगों ने अब निर्माण कार्य जारी रखा है। इसके साथ ही इस सड़क पर कई प्रचार के खंभा लगाया जा चुका है और अभी कई खंभे लगाए जाने की तैयारी कर रही है। साथ ही मकान और दुकान निर्माण सड़क के दायरे में होने से आए दिन सड़क दुर्घटना की संभावना बनी हुई है। एक खंभा एम्स के मुख्य गेट पर लगाया गया है। यह मुख्य गेट है जो अभी संचालित नहीं है। सड़क के दोनों ओर प्रचार के खंभे लगाने से ओर के सड़क पूर्वी भाग कई दुकान और मकान बनाए हुए हैं। जिससे सड़क दुर्घनाएं की संभावनाएं और अधिक बढ़ गई है। वहीं उक्त लगे प्रचार के खंभे में किसी तरह का रेडियम युक्त स्टीकर नहीं लगाया गया है। जिससे रात्रि में खंभे कम दिखाई देता है। एम्स के समीप सड़क सीधी ओर चौड़ी के वजह से सभी गाड़ियों की रफ्तार अत्यधिक रहती है। इस प्रकार प्रचार के खंभे गाड़ियों का टकराने का अधिक संभावना बनी हुई है। सरकारी स्तर पर सड़क पर ही प्रचार के खंभे लगाए जाने से निजी रूप से लोगों को मकान बनाने को सीमा को पार कर उक्त खंभे की बराबरी करने में लगे हुए हैं।

# बागी कामेश्वर 28 को करेंगे नामांकन जदयू जिला कमेटी एनडीए प्रत्याशी के साथ

■ **पार्टी आलाकमान ने कहा है, चुनाव लड़ने के लिए स्वतंत्र हैं : कामेश्वर दास**

**श्वेत-पत्र/देवघर (का. प्र.)।**




जदयू के प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक कामेश्वरनाथ दास देवघर विधानसभा से निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे। 28 अक्टूबर को वे नामांकन दाखिल करेंगे। गुरुवार को शहर के एक होटल में जदयू की समीक्षा बैठक के बाद कामेश्वर दास ने उक्त घोषणा की। उन्होंने कहा कि वे पूर्व में देवघर से विधायक रह चुके हैं। लेकिन इस बार जदयू ने संगठन के लोगों को टिकट नहीं दिया। जदयू एनडीए का घटक है। इसलिए पार्टी के शीर्ष नेताओं को कह दिया गया है कि देवघर में हमलोग दोस्ताना चुनाव लड़ेंगे। इस पार्टी आलाकमान ने कहा है कि आपलोग स्वतंत्र हैं। इसलिए देवघर से चुनाव निर्दलीय चुनाव लड़ने जा रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि देवघर के लोगों का समर्थन उन्हें मिल रहा है और जीत को लेकर भी आश्वस्त हूं। उन्होंने अपनी भावना से पार्टी आलाकमान को भी अवगत करा दिया है।

## देवघर में दोस्ताना संघर्ष भी हो सकता है : कामेश्वर

राज्य में जदयू ने 11 सीटों की मांग की थी, लेकिन दो सीट ही मिला। उन्होंने संभावना जताई है कि अभी नामांकन पांच दिन शेष है। हो सकता है कि जदयू उन्हें सिंबल अलॉट कर दे। ऐसा हुआ तो देवघर में भाजपा के साथ दोस्ताना संघर्ष होगा। उधर, कामेश्वर दास के चुनाव मैदान में उतरने से भाजपा प्रत्याशी नारायण दास की मुश्किलें बढ़ सकती है। क्योंकि नारायण और कामेश्वर दोनों एनडीए के नेता है और एक ही समाज से आते हैं। ऐसे में एनडीए का वोटों का बंटवारा हो सकता है। उल्लेखनीय है कि 2005 में कामेश्वरनाथ दास ने देवघर विधानसभा से जदयू की टिकट पर चुनाव लड़ा था और जीत हासिल की थी।

## एनडीए प्रत्याशी के साथ ख़ड़ा रहेंगे : जिलाध्यक्ष

जदयू की एक समीक्षा बैठक जिलाध्यक्ष सतीश दास की अध्यक्षता में हुई। इसमें जिला से लेकर प्रखंड अध्यक्ष और प्रदेश स्तरीय नेताओं ने भाग लिया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि संथाल परगना में जदयू की ओर से एक भी प्रत्याशी नहीं उतारा गया है। इससे कार्यकताओं में उदासीनता है। कम से कम एक-दो सीटों पर भी जनता दल यूनाइटेड विधानसभा चुनाव लड़ती तो कार्यकताओं में उत्साह बना रहता। इस बारे में प्रदेश अध्यक्ष से लेकर राष्ट्रीय पदाधिकारी तक गुहार लगा चुके हैं। लेकिन राष्ट्रीय नेतृत्व ने दो सीटों पर ही चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है। राष्ट्रीय नेतृत्व का जो दिशा-निर्देश होगा, उसके तहत जदयू जिला कमेटी देवघर में एनडीए के साथ मजबूती के साथ चुनाव में खड़ा रहेगी। पूरे दम-खम के साथ जदयू एनडीए प्रत्याशी का साथ देगी। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष और जदयू से बागी हुए पूर्व विधायक कामेश्वरनाथ दास, सुरेश्वर प्रसाद सिंह, ब्रह्मा प्रसाद राय, अरुण मरीक कुशवाहा, राम कुमार राव, राज कुमार दास, दशरथ राउत, पिंकी देवी, मंजू देवी, होबो देवी, देवकी देवी, कार्तिक कर्म्हे, सविता दुबे, मिथिलेश महथा, आरती देवी, मीनू मरांडी, गिरधारी मंडल मौजूद थे।

# झामुमो ने चुन्ना का किया स्वागत, शशांक भोक्ता, परिमल सिंह, नरसिंह मुर्मू गायब

**सारठ (एप्र)।** चुन्ना सिंह को सारठ से झामुमो का टिकट मिलने के बाद पार्टी के कई नेताओं में नाराजगी देखी जा रही है। गुरुवार को झामुमो जिलाध्यक्ष संजय शर्मा ने तेतरिया मोड़ में चुन्ना सिंह को झामुमो से प्रत्याशी बनाए जाने पर उनका स्वागत किया। इस दौरान झामुमो जिलाध्यक्ष ने अपने प्रत्याशी व कार्यकर्तओं से एक-दूसरे से परिचित कराया। इस दौरान जिलाध्यक्ष ने कहा पार्टी आलाकमान द्वारा चुन्ना सिंह को प्रत्याशी बनाया गया है। अतः सभी पार्टी कार्यकताओं का दायित्व है मिलकर चुनाव लड़ते हुए झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन द्वारा किए गए कार्यों को जन जन तक पहुंचाने का काम करना है। कार्यक्रम में पूर्व विधानसभा स्पीकर शशांक शेखर भोक्ता, झामुमो के वरीय नेता नरसिंह मुर्मू, परिमल सिंह नहीं दिखे।

**असंतोष**

टिकट नहीं मिलने पर नाराज कार्यकताओं के बारे में पूछने पर चुन्ना सिंह ने कहा कि सबके साथ मिलकर चुनाव लड़ना है एवं मिलकर विरोधियों को करारा जबाव देना है। पार्टी बदलने की बात पर उन्होंने कहा कि जनता मुझे भी जानती है और जेएमएम को। जेएमएम माटी की पार्टी है और में भी इसी माटी से हूं। मौके पर उनके साथ राहुल सिंह, राजद नेता नरेश प्रसाद यादव, बहस सिंह, दिलीप भोक्ता, महादेव सिंह, मंटु राय, मुखिया प्रतिनिधि अब्दुल मियां, हासिब मियां, राकेश राय, रामकिशोर यादव, झामुमो जिला उपाध्यक्ष इस्तियाक मिर्जा, सारठ प्रखंड अध्यक्ष लखेश्वर मुर्मू, प्रखंड सचिव अनिल सिंह, पालोजोरी प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल रहीम अंसारी , सचिव सोनाराम मुर्मू, करमाटांड़ प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद इसहाक,जमरुद्दीन अंसारी, शकूर अंसारी , रामरतन मंडल, बैजन मंडल मौजूद थे।



## शशांक भोक्ता ने शनिवार को बुलाई बैठक, लेंगे अहम निर्णय



सारठ (एप्र)। पूर्व स्पीकर शशांक शेखर भोक्ता ने अपने कार्यकताओं व समर्थकों की एक अहम बैठक शनिवार सुबह 10 बजे चितरा स्थित अपने आवास पर बुलाई है। इस बैठक में शशांक भोक्ता अहम निर्णय लेंगे। जानकारी हो कि सारठ विधानसभा से झामुमो ने उदय शंकर सिंह को टिकट दिया है। जिसके बाद शशांक समर्थकों व कार्यकताओं का गुरुवार सुबह से उनके आवास पर जमावड़ा लगना शुरू हो गया और सभी ने सारठ से उन्हें चुनाव लड़ने का अनुरोध कर रहे हैं। लेकिन शशांक भोक्ता शनिवार की बैठक में सारठ विधानसभा के सभी कार्यकताओं व समर्थकों से रायशुमारी कर आगे की रणनीति पर निर्णय लेंगे।

## एक नजर

### झारखंड में सरकार बदलने का समय आ गया है : आलोक रंजन झा

**बैद्यनाथधाम (निसं )।** भाजपा देवघर विधानसभा की शहर के प्रमुख लोगों के साथ एक बैठक रेड रोज स्कूल के पास हुई। इसकी अध्यक्षता नगर अध्यक्ष धनंजय खवाड़े ने की। बैठक में बिहार के पूर्व मंत्री वर्तमान बिहार विधानसभा के सचेतक विधायक आलोक रंजन झा मुख्य रूप से उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि झारखंड में वर्तमान सरकार से लोग दुखी है और अब समय आ गया है जल्द से जल्द इस सरकार को बदल दे और राज्य में एनडीए की सरकार बनाने में सहयोग करे। बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष संजीव जजवाड़े, रीता चौरसिया, दिवाकर गुप्ता, विशाखा सिंह, पकज सिंह भदोरिया, राकेश नरौने, समाजसेवी युधिष्ठिर राय, पवन तमकोरिया, पूर्व डिप्टी मेयर नीतू देवी, स्वदेशी जागरण मंच के मनोज कुमार सिंह, अविनाश चंद्र राय, सविता मिश्रा, कमलेश रस्तोगी, अशोक भोक्ता, अशोक शर्मा, बबलू पासवान, सचिन सुल्तानियां, विजया सिंह, धनंजय तिवारी, सुलोचना देवी, सुमन केसरी, दशरथ दास, पवन अग्रवाल, विवेक कुमार मौजूद थे।

### बाइक के धक्के से जख्मी

**बैद्यनाथधाम (निसं )।** नगर थाना क्षेत्र के बेलाबागान काली मंदिर के पास बाइक के चपेट में आने से साइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए देवघर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में चंद्रमंडी थाना क्षेत्र के जोगीडीह गांव निवासी घायल कारो दास ने बताया कि गुरुवार को काम कर वापस आ रहे थे। तभी बाइक सवार ने धक्का मार दिया।

### जमीन विवाद में दो पक्षों में मारपीट

**बैद्यनाथधाम (निसं )।** बुढ़ई थाना क्षेत्र के बबनडीहा गांव में पुराने जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई, जिसमें चार लोग घायल हो गए। सभी का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। घटना के संबंध में दिलीप राय ने बताया कि मधु देवी घर में अकेली थी और मुकेश राय बाजार से आ रहा था। घर के पास घात लगा कर बैठे लोगों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। बीच बचाव करने आई मधु देवी, दिलीप राय, मुकेश राय एवं आयुष राय जख्मी हो गए।

### बाइक की टक्कर में जख्मी

**बैद्यनाथधाम (निसं )।** मोहनपुर के खरगडीहा सीएसपी कार्यालय के पास दो बाइक की टक्कर में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। जख्मी निक्की कुमार, बैद्यनाथपुर का रहने वाला है। उसने बताया कि खरगडीहा सीएसपी के पास एक बाइक सवार ने सामने से धक्का मार दिया।

### संगठन विस्तार को लेकर गोष्ठी 27 को

**सारठ (एप्र)।** विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में 27 अक्टूबर को प्रखंड स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय डिंडाकोली में गायत्री परिवार के सक्रिय सदस्यों की अत्यावश्यक गोष्ठी आयोजित की गई है। जिला समन्वयक उमाकांत राय ने बताया कि गायत्री परिवार के राष्ट्रव्यापी युग निर्माण योजना के तहत प्रज्ञा मंडल, महिला मंडल, युवा मंडल को सक्रिय एवं सुदृढ़ करने के लिए सारठ प्रखंड समन्वय समिति का पुनर्गठन किया जायेगा।

### एम्स के स्टैंड का कागजात सीओ ने मंगवाया

**बैद्यनाथधाम (निसं)।** एम्स अस्पताल के द्वारा निर्धारित एम्स स्थित वाहन स्टैंड का कागजात अंचलाधिकारी खोपलाल राम ने एम्स निर्देशक डॉ सौरव वार्ष्णेय से मंगवाया है और कागजात की जांच की जा रही है। लोगों ने बताया कि वाहन स्टैंड में मोटरसाइकिल, टोटो, छोटी बड़ी निजी कार, भाड़े का वाहन आदि स्टैंड में लगाया जाता है। इसका अलग-अलग भाड़ा वसूला जाता है। लेकिन सुरक्षा मानक की दृष्टि से जरा सा सुरक्षा व्यवस्था नहीं रखा गया है। इस मामले की जानकारी जब अंचलाधिकारी को लगा तो एम्स अस्पताल के निदेशक से संबंधित कागजात मंगवाया है। अंचल अधिकारी ने बताया है कि कागजात की जांच की जा रही है।

### रेलवे ट्रैक पर मिली युवक की क्षत-विक्षत लाश, जांच में जुटी पुलिस

**देवघर (का.प्र.)।** जसीडीह-मधुपुर रेलखंड पर अर्जुन नगर हॉल्ट के पास ट्रेन से कटकर एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान जसीडीह थाने के चंपागड़ी गांव निवासी सागर वर्मा ( 18 ) के रूप में हुई है। मथुरापुर रेलवे स्टेशन मास्टर ने मधुपुर आरपीएफ और जसीडीह जीआरपी को घटना की सूचना दी। इसके बाद मौके पर आरपीएफ और जीआरपी की टीमें पहुंची और लाश को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। युवक किसी अज्ञात ट्रेन की चपेट में आकर कट गया था, जिससे उसकी लाश क्षत-विक्षत हो गई थी।

**मधुपुर विधानसभा चुनाव: भाजपा में घमासान, चुनाव में पार्टी की गुटबाजी सड़क पर**

# गंगा का नामांकन, राज का अल्टीमेटम आज होगा खत्म

■ **28 अक्टूबर को भव्य तरीके से फिर से नामांकन करेंगे गंगा**

**श्वेत पत्र / मधुपुर (निसं)।**

मधुपुर विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी गंगा नारायण सिंह ने गुरुवार को एसडीओ सह निर्वाची पदाधिकारी राजीव कुमार के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। मौके पर उन्होंने कहा कि शुभ दिन एवं तिथि को देखते हुए सादे तरीके से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया हूं। आगामी 28 अक्टूबर को भव्य जुलुस के साथ भारतीय जनता पार्टी के आला नेता एवं कार्यकताओं के साथ नामांकन पत्र फिर दाखिल करूंगा। इस अवसर पर उन्होंने हेमंत सोरेन सहित मधुपुर विधानसभा के पूर्व मंत्री सह विधायक हाफिजुल हसन पर निशाना साधा।



## प्रत्याशी बदलने के लिए राज ने पार्टी को दो दिन दिया है समय

उल्लेखनीय है कि गंगा नारायण सिंह को भाजपा से टिकट मिलने पर पूर्व विधायक राज पलिवार बागी हो गए हैं और उन्होंने प्रत्याशी बदलने की मांग भाजपा आलाकमान से की है। इसके लिए राज पलिवार ने दो दिनों का अल्टीमेटम भी पार्टी को दिया है, जिसकी समय सीमा शुक्रवार को खत्म हो रही है। राज पलिवार ने शेखपुरा स्थित अपने आवास पर समर्थकों के साथ बैठक कर भाजपा आलाकमान से कहा है कि मधुपुर से किसी जमीन कार्यकर्ता को टिकट मिले। अगर ऐसा नहीं होता है तो राज पलिवार मधुपुर से निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने एक दिन पहले फॉर्म भी खरीद लिया है। उधर, प्रत्याशी बदलने की मांग को देखते हुए गंगा नारायण सिंह ने आनन-फानन में गुरुवार को नामांकन कर दिया, जबकि उनका नामांकन 28 अक्टूबर को होना निर्धारित हुआ था, जिसमें भाजपा के प्रदेश और राष्ट्रीय नेताओं का मधुपुर आगमन हो रहा है।

## तीसरे दिन छह नामांकन फॉर्म बिके

देवघर। विधानसभा चुनाव को लेकर गुरुवार को देवघर विधानसभा से एक, मधुपुर से 3 और सारठ से दो नामांकन फॉर्म खरीदा गया। इस प्रकार अबतक मधुपुर विधानसभा से कुल 14, सारठ विधानसभा से 9 एवं देवघर विधानसभा अन्तर्गत कुल 4 नामांकन फॉर्म खरीदा गया है। ज्ञात हो कि नामांकन पत्रों को दाखिल करने एवं क्रय करने के लिए समय पूर्वाह्न 11 बजे से 3 बजे अपराह्न तक निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित किया गया है। इसके अलावे सरकारी अवकाश के दिन नामांकन की प्रक्रिया नहीं की जा सकेगी।

# एनडीए प्रत्याशियों के नामांकन में आजसू से हजारों कार्यकर्ता भाग लेंगे



**देवघर (का. प्र.)।** आजसू देवघर जिला कमेटी की बैठक जिला अध्यक्ष आदर्श लक्ष्य की अध्यक्षता में हुई। इसमें सर्वसमिति से निर्णय लिया गया कि एनडीए गठबंधन धर्म का पालन करते हुए आजसू पार्टी के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता हजारों की संख्या में देवघर जिले के चारों विधानसभा देवघर, मधुपुर, सारठ और जरमुंडी में एनडीए प्रत्याशियों के नामांकन में भाग लेंगे। मौके पर आजसू पार्टी देवघर जिला अध्यक्ष आदर्श लक्ष्य ने कहा कि आजसू कार्यकर्ता निरंतर एनडीए गठबंधन प्रत्याशी की जीत के लिए प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। बैठक में जिला उपाध्यक्ष मुरारी प्रसाद केसरी, जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार विजय, अनुसूचित जाति महासभा जिला अध्यक्ष आनंद तुरी, महिला संघ जिला अध्यक्ष जया देवी, व्यापार प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष अनिल झा, छात्र संघ जिला अध्यक्ष कुणाल किशोर ठाकुर, जिला सचिव रविकांत झा, जिला सचिव अविनाश कुमार यादव, जिला सचिव सुमित राव, जिला सचिव सुनील कुमार यादव, जिला सचिव आलोक राय, महिला संघ जिला महासचिव कोमल देवी, महिला संघ जिला उपाध्यक्ष पूजा देवी, इत्यादि देवघर के सभी प्रखंड के पदाधिकारी समेत दर्जनों पदाधिकारी उपस्थित थे।

## फोन पर जान मारने की धमकी, शिकायत

**सारठ (एप्र)।** थाना क्षेत्र के बामनगामा निवासी धनंजय सिंह ने मोबाइल पर फोन पर जान मारने की धमकी देने की शिकायत थाने में दी है। उन्होंने बताया कि एक अज्ञात नम्बर से फोन आया। रिसीव करने पर उधर से भद्दी-भद्दी गलियां देते हुए जान मारने की धमकी दी गई। पुलिस उक्त नंबर के आधार पर मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

## टेनिस बॉल क्रिकेट फेडरेशन ऑफ इंडिया दिसंबर में आयोजित करेगी लीग



**बैद्यनाथधाम (निसं)।** टेनिस बॉल क्रिकेट फेडरेशन ऑफ इंडिया दिसंबर के अंत में उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में टेनिस बॉल सर्किल क्रिकेट लीग का आयोजन करेगी। उक्त आशय की जानकारी देवघर जिला टेनिस बॉल क्रिकेट के सचिव संजीव कुमार झा ने दी। उन्होंने बताया कि भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्रीज के सुपर स्टार सह लोकसभा सदस्य रवि किशन शुक्ला लीग के ब्रांड एम्बेसडर बने हैं। झारखंड टेनिस बॉल क्रिकेट एसोसिएशन इस बात के लिए प्रयासरत है कि पहली बार आयोजित इतने बड़े आयोजन में झारखंड के क्रिकेटर पर भी बोली लगे तथा झारखंड से भी कोई फ्रेंचाइजी लें। इसके लिए प्रथम चक्र के दो दिवसीय चयन शिविर का आयोजन रांची के एचईसी धुर्वा गोलचक्कर मैदान में 26 एवं 27 नवंबर को किया जा रहा है। जबकि सूचीबद्ध खिलाड़ियों का फ्रेंचाइजी द्वारा बोली लगाकर चयन 3 एवं 4 दिसंबर को गोरखपुर में किया जाएगा। इच्छुक प्रतिभागी अंतिम तिथि 20 नवंबर तक अपना ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। लीग के लिए आकर्षक पुरस्कारों की घोषणा कर दी गई है, जिसके तहत प्रथम पुरस्कार 12 लाख रुपए एवं ट्रॉफी तथा द्वितीय पुरस्कार 8 लाख एवं ट्रॉफी के अलावा बेस्ट बैटर्स, बॉलर तथा ऑलराउंडर को बाइक एवं ट्रॉफी के साथ - साथ अन्य टॉप टेन प्लेयर्स को 25 हजार की नकद राशि प्रदान की जायेगी। प्रतियोगिता में कुल 12 फ्रेंचाइजी की टीम होगी। प्रत्येक टीम में 18 खिलाड़ी होंगे जिसमें से 2 अंडर 19 एवं 2 अंडर 17 के होंगे।

## प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**सारठ(एप्र)।** राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत भीबीडी से संबंधित उन्मुखीकरण को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इसमें जिला भीबीडी पदाधिकारी डॉ. अभय यादव, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. जियाउल हक, एमटीएस अनिकेत तिवारी सभी सहिया और एमपीडब्ल्यू को ट्रेनिंग दी गई। प्रशिक्षक ने सभी सहिया एवं सहिया साथी से कहा कि अपने-अपने क्षेत्र में सतत निगरानी, साफ सफाई एवं जन जागरूकता कार्यक्रम करें ताकि ग्रामीण जागरूक होकर मच्छर जनित बीमारी से बच सके।

# रविदास समाज की बैठक, इंडिया गठबंधन से प्रत्याशी न होने पर जताई नाराजगी

■ **प्रदेश भर के रविदास समाज जल्द बैठक कर लेंगे बड़ा निर्णय**

**श्वेत-पत्र/देवघर (का. प्र.)।**



खिजुरिया के रविदास मंदिर परिसर में गुरुवार को रविदास समाज के प्रबुद्ध लोगों की एक अहम बैठक हुई। इसमें विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन से रविदास समाज का एक भी प्रत्याशी नहीं बनाए जाने पर नाराजगी जाहिर की गई। समाज के लोगों ने कहा कि जहां रविदास जाति की जनसंख्या सर्वाधिक है, वहां भी इंडिया गठबंधन ने रविदास समाज से एक भी प्रत्याशी नहीं दिया। इसीलिए जल्द ही पूरे झारखंड के रविदास समाज के लोगों की महत्वपूर्ण बैठक होने वाली है, जिसमें विधानसभा चुनाव को लेकर लेकर अहम निर्णय होगा।

## 9 सीटों पर रविदास समाज से एक भी प्रत्याशी नहीं : अध्यक्ष

रविदास समाज की बैठक के बाद महासंघ के अध्यक्ष राजेश दास और सचिव सुधीर दास ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि पूरे भारतवर्ष में इंडिया गठबंधन को रविदास समाज के लोगों ने शत-प्रतिशत वोट किया। गठबंधन के वरिष्ठ नेताओं ने कहा था कि जिसकी जितनी संख्या रहेगी, उसकी उतनी भागीदारी होगी। पूरे झारखंड में अनुसूचित जाति के लिए 9 विधानसभा की सीट आरक्षित है। लेकिन एक भी सीट से इंडिया गठबंधन ने रविदास समाज के लोगों को उम्मीदवार नहीं बनाया। इससे समाज के लोग नाराज हैं। जबकि झारखंड के ऐसे कई विधानसभा क्षेत्र हैं, जहां रविदास समाज के लोगों की संख्या 50 हजार से अधिक है।

## इन सीटों पर रविदास समाज के सर्वाधिक मतदाता

देवघर, मधुपुर, गोड्डा, महागामा, पोड़ैयाहाट, जरमुंडी, पलामू, चतरा, चंदनकियारी में रविदास समाज के लोगों की अच्छी खासी जनसंख्या है। किसी भी प्रत्याशी की जीत-हार में उक्त विधानसभा क्षेत्रों में रविदास समाज निर्णायक भूमिका निभा सकता है। फिर भी इंडिया गठबंधन के लोगों ने रविदास समाज को नजरअंदाज किया है। बैठक में कुलदीप दास, प्रकाश राज अंबेडकर, मिलन कुमार कुमुद कुमार दास, गणेश दास, मनोज दास, परशुराम दास, यमुना दास, गोपेश्वर दास, रविकांत दास, मिथिलेश दास, राज कुमार दास, मणिलाल दास, प्रदीप कुमार दास, बुधन बौद्ध मौजूद थे।

## सारठ में फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

**देवघर (का.प्र.)।** स्वीप कार्यक्रम के तहत सारठ विधानसभा अन्तर्गत गोपीबांध मैदान में फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें युवा मतदाताओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान प्रतियोगिता में शामिल सभी टीमों ने अपने युवा साथियों के साथ-साथ अपने परिजनों को मतदान के प्रति जागरूक करने का शपथ लिया। फुटबॉल प्रतियोगिता के दौरान कचुआबांक की टीम विजेता एवं जमुआसोल की टीम को उप विजेता घोषित किया गया।

## एक नजर

### राज्य स्तर पर तीसरे स्थान पर कस्तूरबा की छात्रा रहीं



**अमड़ापाड़ा(एप्र)।** गांवों में छुपी हुई प्रतिभा को निखारने और उनके हौसलों को ऊंचे उड़ान देने के लिए सरकार द्वारा शुरू किए गए खेलो झारखंड प्रतियोगिता में एक बार फिर अमडाप़ाडा. प्रखंड के डुमरचीर कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के अंडर 14 वर्ष की छात्राओं ने कबड्डी की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन किया है। राज्य स्तरीय पर तीसरा स्थान प्राप्त कर अपने विद्यालय सहित पूरे प्रखंड के साथ-साथ जिला का नाम रोशन किया है। छात्राओं ने कबड्डी प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। छात्राओं के द्वारा राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त करने पर मैडल सर्टिफिकेट और कप देकर सम्मानित किया गया। साथ ही कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के 5 छात्राओं का नेशनल खेलों झारखंड कबड्डी प्रतियोगिता के लिए सिलेक्शन हुआ है। जिसमें से अंडर 14 वर्ष की 2 छात्रा, अंदर 19 की 2 छात्रा और अंडर 17 की 2 छात्रा का नेशनल खेलों झारखंड कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेने का शुभ अवसर प्राप्त हुआ है।

### भाजपा के शंभू नंदन निर्दलीय लड़ेंगे चुनाव



**पाकुड़(एप्र)।** भाजपा के शंभू नंदन भगत निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे। पाकुड़ विधानसभा से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन पर्चा दाखिल करेंगे। यह जानकारी स्वयं शंभू नंदन भगत ने बुधवार की शाम प्रेस वार्ता आयोजित कर दी। उन्होंने मीडिया कर्मियों से कहा कि मैं निर्दलीय चुनाव लडूंगा। मैं भाजपा में था, लेकिन गठबंधन के चलते भाजपा ने पाकुड़ विधानसभा सीट आजसू पार्टी को दे दिया है। इसलिए मैं निर्दलीय चुनाव लड़ने जा रहा हूं। उन्होंने कहा कि मैं भ्रष्टाचार और शोषण के खिलाफ आवाज उठाता रहा हूं। आम जनता के बीच भ्रष्टाचार और शोषण के साथ-साथ पाकुड़ के विकास के मुद्दे को लेकर जाऊंगा। अगर मुझे अवसर मिला तो पाकुड़ विधानसभा अंतर्गत आने वाले बरहरवा और पाकुड़ दोनों प्रखंड की तस्वीर बदल दूंगा। उन्होंने यह भी कहा कि चुनाव की तैयारी शुरू हो चुकी है। मैं जनता के बीच जाना भी शुरू कर दिया हूं। उन्होंने विकास के मामले में स्थानीय जनप्रतिनिधियों पर सवाल भी उठाया। कहा कि पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र में लोगों को पानी, बिजली, सड़क और स्वास्थ्य जैसी सुविधाओं के लिए परेशानी उठानी पड़ रही है, यह बेहद ही शर्मनाक बात है।

### कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में किया जनसंपर्क किया जीत का दावा: उदय लखमानी



**पाकुड़(एप्र)।** प्रखंड अंतर्गत इलामी गांव में जनसंपर्क अभियान चलाया गया.कांग्रेस प्रदेश महासचिव उदय लखवानी के नेतृत्व में कई गांव का दौरा किया गया. उदय लखमानी ने कहा कि पाकुड़ विधानसभा से पाकुड़ विधायक-सह-पूर्व मंत्री आलमगीर आलम ने विकास की झड़ी लगा दी है सड़क,पुल,पुलिया,नाला जैसे अनेक कार्य जनता के लिए किए गए है। हमलोगों को काफी खुशी है कि हमलोग कांग्रेस का कार्यकर्ता है और जीजान से कांग्रेस को विजयी बनाएंगे. कांग्रेस उम्मीदवार इस बार रिकॉर्ड मतों से विजय होंगे। जनसंपर्क अभियान में जहां-जहां हम लोग जा रहे हैं जनता का आशीर्वाद मिल रहा है। मौके पर किशन पासवान, पप्पू गंगवानी, शाहीन परवेज, टोनी शेख, शाहजहां शेख, मिसबाहउल शेख, मोतीउर रहमान, मोहम्मद कैफी, अनुर शेख,अब्दुल कासिम, अख्तरुल शेख, रहीम शेख आदि मौजूद थे

### फरार अभियुक्त गया जेल



**पाकुड़(एप्र)।** नगर थाना की पुलिस ने गुरुवार को एक फरार अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के मुताबिक अभियुक्त का नाम गुड्डू अंसारी उर्फ जाकिर अंसारी (पिता- स्वर्गीय मुकलू अंसारी) है। यह भी बताया गया कि गुड्डू अंसारी उर्फ जाकिर अंसारी नगर थाना कांड संख्या 224/24 का अभियुक्त हैं। गत 25 सितंबर को थाना में कांड अंकित किया गया था। धारा 329 (4), 351 (2), 109 (1), 118 (1) तथा 3 (5) बीएनएस के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। पुलिस को प्राथमिकी दर्ज होने के बाद से ही गुड्डू अंसारी की तलाश थी। इधर गुप्त सूचना पर पुलिस को उसे गिरफ्तार करने में सफलता मिली।

### अलर्ट मोड में प्रशासन

**अमड़ापाड़ा(एप्र)।** विधानसभा चुनाव को लेकर तैयारियां जोरों पर है। चुनाव को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड में है। प्रशासन शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न कराने को लेकर एहतियाती कदम उठा रही हैं। वहीं सुरक्षा के द्दष्टिकोण से गुरुवार को थाना क्षेत्र के साहेबगंज-गोबिंदपुर मुख्य सड़क पर फतेहपुर मोड़ के समीप श्रम विभाग पाकुड़ के दंडाधिकारी धीरेंद्र कुमार एवं थाना के एसआई नर्वदेश्वर सिंह के द्वारा वाहन जांच किया गया। दंडाधिकारी धीरेंद्र कुमार ने बताया कि वाहन जांच का आदेश उच्च अधिकारी के निर्देश पर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वाहन जांच अभियान के दौरान दो पहिया वाहन व चार पहिया वाहन की जांच की गई। जिसमें सीट बेल्ट एवं गाड़ी से संबंधित जरूरी कागजात के अलावा डिक्की भी जांच की गई। उन्होंने बताया कि वाहन जांच का मुख्य उद्देश्य अपराधी व असमाजिक तत्वों पर लगाम लगाना है। मतदान से पहले मादक पदार्थों, हथियारों की तस्करी व अवैध कैश के आवागमन को रोकने के लिए जांच अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही उन्होंने लोगों से अपील किया कि वाहन चलाते समय अपनी सुरक्षा को ध्यान में रखें।

# आपका मत आपकी ताकत कार्यक्रम का आयोजन





**पाकुड़(एप्र)।** जिला के उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी मनीष कुमार की अगुवाई में डीपीएस पाकुड़ के प्रांगण में स्वीप कार्यक्रम (सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम) के अंतर्गत आपका मत आपकी ताकत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पाकुड़ में 20 नवंबर को होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए पाकुड़ के उपायुक्त ने मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से कई तरह के स्विप कार्यक्रम की शुरूआत की है। इसी कार्यक्रम के तहत उपायुक्त द्वारा स्वयं स्कूलों में भ्रमण करना भी है जिसके अंतर्गत वह बच्चों और बच्चों के द्वारा उनके अभिभावक गण तथा शिक्षक गण को मतदान के महत्व के बारे में समझाकर उन्हें एक जागरूक नागरिक बनने के लिए प्रेरित करते हैं।उपायुक्त द्वारा चलाए गए मतदाता जागरूकता अभियान ₹आपका मत आपकी ताकत₹ को और सशक्त और सफल बनाने के लिए डीपीएस पाकुड़ के बच्चों ने एक बहुत ही मनमोहक और मतदाताओं को प्रेरित करने वाला नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। उपायुक्त ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि ₹ जीवन में सिर्फ समस्याओं के बारे में चर्चा करके या उनको सोचकर दुखी होने से कुछ नहीं होगा, हमारा प्रयास होना चाहिए समस्याओं के समाधान को ढूंढने में। हमारे आसपास और देश की समस्याओं का निदान हमारे द्वारा चुने गए सही नेता से होगा,और यह तभी संभव होगा जब हर एक नागरिक अपने मतदान का प्रयोग सही प्रत्याशी चुनने के लिए करेगा। उन्होंने लोकतंत्र के महापर्व में 20 नवंबर को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए बच्चों और शिक्षकों के माध्यम से मतदान में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने के लिए मतदाताओं से अपील की। उन्होंने बच्चों से उनके सर्वांगीण विकास के लिए पठन-पाठन,खेल और अन्य विषयों पर भी चर्चा की. और प्रशासन द्वारा यथासंभव सहयोग का आश्वासन दिया. पाकुड़ उपायुक्त महोदय श्री मनीष कुमार ने मतदाताओं में सु०?यवस्थित मतदान शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए बच्चों तथा शिक्षकों को शपथ भी दिलाई।डीपीएस पाकुड़ के प्रधानाचार्य श्री जी के शर्मा ने बच्चों, शिक्षकों तथा पाकुड़ के लोगों से अपील करते हुए कहा कि 20 नवंबर को होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव में आपका मतदान हमारे लोकतंत्र की मजबूती के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह आपका अधिकार और कर्तव्य है कि आप अपने मत का उपयोग करें और अपने क्षेत्र के विकास में योगदान करें।₹ उन्होंने मतदाताओं निवेदन करते हुए कहा कि चुनाव में शांति और सौहार्द बनाए रखें और मतदान केंद्र पर जाकर आप अपने मत का उपयोग करें। आपका एक एक वोट हमारे समाज के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## सर्दी, खांसी व बुखार के मरीजों की बढ़ती जा रही संख्या



**अमड़ापाड़ा(एप्र)।** बदलते मौसम के साथ ही लोगों की परेशानी भी बढ़ गई है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचने वाले आधा से ज्यादा मरीजों में सर्दी-खांसी व बुखार के मरीज होते हैं। हालांकि पहले से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के ओपीडी में मरीजों की संख्या में कुछ बढ़ोत्तरी हुई है।मौसम में बदलाव होने से इन दिनों सर्दी खांसी व बुखार के मरीज अधिक पहुंच रहे हैं। इसके साथ ही इस मौसम में खुजली व लुजमोसन के मरीजों को भी परेशानी बढ़ गई है। डॉक्टर भी लोगों को स्वास्थ्य के प्रति विशेष ध्यान देने की सलाह दे रहे हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर दानिश ने बताया कि मौसम बदलने के कारण सुबह-शाम थोड़ी-थोड़ी ठंड लग रही है और यह शुरूआती ठंड है।इससें लोगों को बचने की जरूरत है। इस मौसम में खासकर छोटे बच्चे पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। डॉक्टर ने कहा यहां आने वाले हर 40-50 मरीजों में से कम से कम 30 मरीज सर्दी खांसी एवं बुखार से पीड़ित पहुंच रहे हैं।मौसम में बदलाव को लेकर डॉक्टर ने बच्चों को ठंड से बचने की सलाह दे रहे हैं। डॉक्टर ने बताया कि छोटे-छोटे बच्चे को पूरा कपड़ा पहनाए।सुबह छोटे बच्चें को बाहर निकालने न दें। बच्चों को साफ सफाई पर खास ध्यान दें। ऐसे मौसम में बच्चे ज्यादा बीमार हो रहा है। सेहतमंद रहने के लिए खान-पान पर विशेष ध्यान दें, गरम खाना का सेवन करें, पानी को उबालकर पिए, गरम कपड़ा का प्रयोग करें, बच्चे को धूल मिट्टी में ना खेलने दें। अस्पताल में मिलने वाली सभी आवश्यक दवाई उपलब्ध है।मरीजों को अस्पताल में निःशुल्क दवा दी जा रही है।

## उपायुक्त के निदेर्शानुसार खाद्य प्रतिष्ठानों में जांच अभियान जारी, संग्रह किए गए सैंपल



**पाकुड़(एप्र)।** आगामी दीपावली एवं छठ महापर्व के मद्देनजर जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त मनीष कुमार के निदेर्शानुसार खाद्य प्रतिष्ठानों में जांच अभियान जारी है। इसी क्रम में आज खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी धनेश्वर हेम्ब्रम के द्वारा हीरा स्वीट्स,सागर स्वीट्स,अंबा स्वीट्स का निरीक्षण किया गया। इस दौरान मिल्क केक, काजू बर्फी, कलाकंद एवं लड्डू का नमूना संग्रह किया गया। सागर स्वीट्स में रसगुल्ला में गंदगी पाई गई जिसे मौके पर नष्ट करा दिया गया तथा साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने हेतु सख़्त चेतावनी दी गई। उन्होंने कहा कि जांच प्रतिवेदन में यदि मिलावट की पुष्टि होती है तो खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सभी मिठाई दुकान संचालकों एवं कर्मियों को अनिवार्य रूप से सिर में हेयर नेट या टोपी या एप्रन लगाकर ही खाद्य सामग्री बिक्री करने का निर्देश दिया गया।

## शेख सैफुद्दीन व गोपीन सोरेन ने सीपीआई (एम) से भरा नामांकन





**पाकुड़(एप्र)।** विधानसभा सीट से कामरेड शेख सैफुद्दीन और महेशपुर विधानसभा सीट से कामरेड गोपीन सोरेन ने गुरुवार को सीपीआई (एम) प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया। बता दें कि कामरेड शेख सैफुद्दीन और कामरेड गोपीन सोरेन लंबे समय से पार्टी से जुड़े हैं। महेशपुर से बतौर प्रत्याशी घोषित कामरेड गोपीन सोरेन और पाकुड़ से कामरेड शेख सैफुद्दीन को सीपीआई (एम) से गत 1 अक्टूबर को प्रत्याशी घोषित किया गया था। पाकुड़ विधानसभा सीट से सीपीआई (एम) प्रत्याशी कामरेड शेख सैफुद्दीन का राजनीतिक सफर काफी पुराना है और करीब 54 साल से पार्टी से जुड़े हैं। उन्होंने बताया कि साल 1971 से पार्टी से जुड़े हुए हैं। इंटर की पढ़ाई राज प्लस टू हाई स्कूल से पूरी करने के बाद राजनीति में आना हुआ। इस दौरान कई अहम जिम्मेदारियां मिली। पार्टी ने मनीरामपुर ग्राम शाखा सचिव का जिम्मा सौंपा। इसके बाद 12 साल से लोकल कमेटी के सचिव के पद पर काबिज है। जिला कमेटी के मेंबर और जिला कमेटी सिक्रेटिएट मेंबर भी है। इसके अलावा अखिल भारतीय जिला किसान सभा के कन्वीनर (एआईकेएस) के पद पर भी काबिज हैं। सदर प्रखंड के मनीरामपुर गांव के रहने वाले कामरेड शेख सैफुद्दीन ग्रामीण चिकित्सक के रूप में लंबे समय से सेवा दे रहे हैं। इसके अलावा गांव में ही साल 2002 से संचालित एस रहमानिया अकैडमी के संस्थापक हैं। पिछले पंचायत चुनाव में जीत हासिल कर पंचायत समिति सदस्य बने। कामरेड शेख सैफुद्दीन ने कहा कि सीपीआई (एम) पार्टी हमेशा से किसान और श्रमिक हित में काम करती रही है। किसान और मजदूरों की समस्याओं को मजबूती के साथ उठाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि चुनाव में किसान और श्रमिकों की बदहाल स्थिति पार्टी का मुख्य मुद्दा रहेगा। इसके साथ-साथ बेरोजगारी और पलायन के मुद्दों को लेकर भी जनता के बीच जाएंगे। वहीं गोपीन सोरेन भी सीपीआई (एम) का बहुत ही पुराना चेहरा है।

## झामुमो प्रत्याशी प्रो. स्टीफन मरांडी ने किया जनसंपर्क



**पाकुड़िया(एप्र)।** महेशपुर विधायक सह झामुमो प्रत्याशी प्रो. स्टीफन मरांडी ने पाकुडिया प्रखंड के डोमनगड़िया, बड़ा सिंहपुर और गणपुरा पंचायत में अपने लिए कार्यकर्ताओं संग जनसंपर्क अभियान चलाया। जनसंपर्क अभियान चलाकर महेशपुर विधानसभा में अपने पक्ष में वोट देने के लिए ग्रामीणों से अपील किया। जनसंपर्क के क्रम में तीन पंचायत डोमनगड़िया में हारूण रशीद, नजरूल इस्लाम, निगार अंसारी, बड़ा सिंहपुर में मुनीराम मरांडी, अली मुहम्मद, गणपुरा में मुखिया सुशीला मरांडी के नेतृत्व मे विधायक के समक्ष बीजेपी पार्टी के सैंकड़ों कार्यकताओं ने पार्टी की विचारधारा, महेशपुर विधायक के द्वारा क्षेत्र में किया जा रहा विकास कार्य एवं मौजुदा झारखंड सरकार के द्वारा किया जा रहा जनहित कार्य से प्रेरित होकर झामुमो का दामन थामा। शामिल होने वालों में मुख्य रूप से प्रकाश यादव, प्रेम यादव, सुबोध भगत, नरेश यादव, कार्तिक लेट, बबलु सोरेन प्रधान, रवि राय, कालीदास लोहार, मेरी टुडू, जुगीन बेसरा, कुमार सानु दास, मनोज लोहार, सारगेन किस्कू, मिठुन मिर्धा, सुशील किस्कू, टिंकू पाल, विष्णु पाल, सुलेमान मरांडी, गोपाल सोरेन, आयुब मियां, समीर मियां सहित सैंकड़ों अन्य मौजूद थे। सभी को विधायक श्री मरांडी ने पार्टी का पट्टा पहनाकर झामुमो में स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक प्रो. स्टीफन मरांडी ने कहा आज से आप सब झामुमो परिवार के सदस्य? है। मैं आप लोगों के साथ खड़ा रहुंगा। आप सब अपने अपने पंचायत एवं बूथ पर ज्यादा से ज्यादा मतदान हो, इसके लिए अपना शत प्रतिशत योगदान दें। यह चुनाव लोकतंत्र की लड़ाई है और यह लड़ाई हमें हर हाल में जितना है। झामुमो के आंदोलन का पुराना इतिहास रहा है। जल, जंगल और जमीन की लड़ाई को आगे भी बरकरार रखना है। आप सभी के सहयोग व मेहनत से अपने पिछले जीत के रिकॉर्ड को तोड़ते हुए इस बार और अधिक मतों से जीता कर विधानसभा भेजने का आप सब काम करें। कार्यक्रम? का संचालन प्रखंड अध्यक्ष मोतीलाल हांसदा ने किया। मौके पर वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष हरिवंश चौबे, देबीलाल हांसदा, मईनुद्दीन अंसारी, निवारण मरांडी, कालीदास टुडू, मंजर आलम, छोटू भगत, मंटू भगत, लालबाबू शेख आदि मौजूद थे।

## झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा ने मुखिया विकास गोंड को बनाया प्रत्याशी



**पाकुड़(एप्र)।** सदर प्रखंड अंतर्गत शहरकोल पंचायत के मुखिया विकास गोंड जयराम महतो की पार्टी झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा से प्रत्याशी बनाए गए हैं। पाकुड़ विधानसभा सीट से प्रत्याशी घोषित होने के बाद मुखिया विकास गोंड ने जयराम महतो से मुलाकात कर उनका आभार जताया। मुखिया ने जयराम महतो को गुलदस्ता भी भेंट किया। इस दौरान पाकुड़ की वर्तमान राजनीतिक हालातों पर चर्चा की। मुखिया विकास गोंड ने कहा कि पाकुड़ के विकास को बढ़ावा देना मेरा मुद्दा रहेगा। पंचायत चुनाव में जनता का विश्वास जीतने के बाद मुझे लगा कि अब दायरा को बढ़ाना चाहिए। पाकुड़ के विकास को दरकिनार करने वाले नेताओं से जनता उब चुकी है। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा और केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो जी पर जनता का विश्वास और भरोसा बढ़ा है।

# कार्यकर्ताओं का मनोबल तोड़ने का प्रयास कर रहे विरोधी, मगर टूटना नहीं हैं: तनवीर आलम



**पाकुड़(एप्र)।** कांग्रेस प्रदेश महासचिव तनवीर आलम गुरुवार को कार्यालय पहुंचे। उनके कार्यालय पहुंचने से पूर्व ही कार्यकताओं की भीड़ उमड़ पड़ी। कार्यकताओं के द्वारा जिंदाबाद के नारों के साथ माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान कार्यकताओं में जबरदस्त जोश और उत्साह देखने को मिला। बता दें कि पाकुड़ विधानसभा से कांग्रेस पार्टी से प्रत्याशी की घोषणा में विलंब को लेकर कुछ दिनों से अफवाहों का बाजार गरम है। इसी बीच कार्यकताओं के बीच पहुंचकर तनवीर आलम ने उनका मनोबल बढ़ाया। कार्यकताओं में जोश भरने का काम किया। कांग्रेस प्रदेश महासचिव तनवीर आलम ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि विरोधी आपके मनोबल को तोड़ने का प्रयास कर रही है। लेकिन कार्यकताओं को डरने की जरूरत नहीं है। तनवीर आलम ने कहा कि कुछ लोग टिकट को लेकर अफवाह फैला रहे हैं। यह सिर्फ और सिर्फ आपको तोड़ने, आपको नीचा दिखाने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द आधिकारिक घोषणा हो जाएगी। जिस दिन टिकट और प्रत्याशी की घोषणा हो गई, उसके बाद आप विरोधियों को बताइए। मैं जानता हूं कि आपको क्षेत्र में बहुत सारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। कांग्रेस के विरोधियों के हरकतों का सामना करना पड़ता है। आप निडर होकर क्षेत्र में जाइए और कांग्रेस की विचारधारा को लोगों तक पहुंचाएं। तनवीर आलम ने कहा कि टिकट की घोषणा में देरी के पीछे कई कारण है? । प्रदेश नेतृत्व को पाकुड़ से आप लोगों के बीच से मैसेज गया है कि आपका नेता आलमगीर आलम को टिकट मिले। प्रदेश के नेता इस पर विचार मंथन करते हुए मुझे दिल्ली जाने की सलाह दी। मुझे कहा गया कि हमारे नेता राहुल गांधी और खरगे जी से मिलना है। मैं दिल्ली गया और खरगे जी से मुलाकात की। उन्होंने मुझे भरोसा दिलाया और कहा कि आलमगीर आलम के परिवार से ही टिकट मिलेगा। आप क्षेत्र में जाइए और जनता के बीच जाकर अपना काम करिए। मैं आप कार्यकताओं से अपील करता हूं कि आप जनता के बीच जाकर कांग्रेस की विचारधारा को पहुंचाने का काम करें। तनवीर आलम ने कहा कि जनता को हमारे कार्यो, गठबंधन सरकार की उपलब्धियां और कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि हम कहीं भी किसी भी समय पहुंचे, आप वहां हर घड़ी जनता के साथ तैयार रहें। कार्यकताओं ने जितना हमारा साथ दिया, मैं कार्यकताओं की हर बातों को ध्यान में रखूंगा। आपसे मुझे जो भी उम्मीद है, मैं उस पर खड़ा उतरने का काम करूंगा। तनवीर आलम ने यह भी कहा कि कांग्रेस पार्टी एक विचारधारा है। कांग्रेस पार्टी संगठन में काम करने वाले लोगों की ही अहमियत है। जो लोग टिकट की बात करते हैं, वह पार्टी के सदस्य भी नहीं है। कांग्रेस उसी को टिकट देगी, जो कांग्रेस परिवार के सदस्य हैं। मौके पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष श्रीकुमार सरकार, प्रखंड अध्यक्ष मंसारुल हक, कांग्रेस प्रदेश महासचिव उदय लखवानी, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष शाहीन परवेज, मुखिया मजिबूर रहमान, नसीम आलम, अंसारुल हक, कृष्णा यादव, वंशराज गोप, अमीर हमजा उर्फ मिस्टर, अर्धेंदु शेखर गांगुली आदि मौजूद थे।

हिन्दी दैनिक
श्वेत पत्र
आपकी बात सच के साथ
देवघर, शुक्रवार, 25 अक्टूबर, 2024



## एक नजर

### झामुमो प्रत्याशी आलोक सोरेन ने दाखिल किया नामांकन, नलिन सोरेन ने जताया भरोसा



**दुमका (काप्र)।** शिकारीपाड़ा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी आलोक सोरेन ने गुरुवार को निवार्ची पदाधिकारी सह भूमि सुधार उपसमाहर्ता अब्दुश समद को एक सेट में अपना नामांकन पत्र सौंपा। मौके पर दुमका सांसद नलिन सोरेन, जिप अध्यक्ष जोयस लुप्सी बेसरा, संदीप आदि उपस्थित रहे। नामांकन के बाद मीडिया से रुबरु होते हुए आलोक सोरेन ने कहा कि झामुमो की हेमंत सोरेन सरकार ने जो जनता के लिए इतनी सारी योजनाएं दी है। निश्चित तौर पर शिकारीपाड़ा से झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि हमारा मुख्य मुद्दा वैसे पूंजीपति जो झारखंड में नजर गड़ाए बैठे हैं उसको झारखंड से भगाना है। शिकारीपाड़ा के लगातार सात बार विधायक रहे नलिन सोरेन के बारे में पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि नलिन सोरेन ने विधायक रहते जो विकास की बड़ी लकीर खींची है, उसको मिटाना संभव नहीं है और मेरे लिए यह उनका आशीर्वाद है। भाजपा प्रत्याशी परितोष सोरेन पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि परितोष पहले भी लड़ चुके हैं अभी भी आ रहे हैं, सुनते हैं वो अब अभिनेता बन गए हैं। परितोष उसी फिल्ड में ध्यान दें तो अच्छा होगा। बांग्लादेशी घुसपैठ के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि बीजेपी का काम ही लोगों को बांटना व तोड़ना है। जो मुद्दे ही नहीं है बीजेपी उसे उठाती है। घुसपैठिया बोल रहे हैं जबकि हमारे झारखंड कोई बोर्डर इंटरनेशनल बोर्डर शेयर ही नहीं करता। यह केंद्र का मामला है वो जाने, जबरजस्ती मुद्दा उठाने से क्या होगा। मौके पर आलोक सोरेन के पिता सह दुमका सांसद ने कहा कि उन्होंने सात बार शिकारीपाड़ा का प्रतिनिधित्व किया है, निश्चित रूप से मेरा पुत्र पहली बार वहां आएगा और मेरी तरह लगातार क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करेगा। नलिन सोरेन ने कहा कि हमारा मुद्दा विकास का रहेगा, विशेष रूप से शिक्षा के विकास पर फोकस रहेगा। उन्होंने कहा कि शिकारीपाड़ा स्थित पत्थर खदान बंद होने से वहां के मजदूर इधर उधर भटक रहे हैं, वैध पत्थर खदानों को फिर से चालू कराने का प्रयास किया जायेगा, जिससे युवा को रोजगार मिल सके, लेकिन अवैध खदाने बंद रहेगी।

### ऑटो में अवैध शराब की तस्करी कर रहा चालक माल समेत पकड़ाया

**गोड्डा (संवाददाता)।** झारखंड से बिहार की ओर जा रहे अवैध शराब से लदे ऑटो को सीमा पर पकड़ा गया। मामला गोड्डा जिला के बलबड्डा



थाना क्षेत्र का है। पुलिस को यह सूचना प्राप्त हुई कि ऑटो में छुपाकर अवैध अंग्रेजी शराब की ढुलाई की जा रही है। इस सूचना पर बलबड्डा थाना प्रभारी राहुल कुमार चौबे अपने अधीनस्थ पदाधिकारी मुक्तेश्वर राम सहित अन्य को लेकर चेकनाका पर घेराबंदी किए। तभी आमौर की तरफ से आ रहे ऑटो बीआर 10पीसी 1188 को रोका गया। ऑटो की तलाशी लिए जाने पर सीट के नीचे सफेद थैला में छुपाकर अवैध शराब की बोतलों को रखा गया था। कुल छब्बीस बोतल को बरामद किया गया जिसपर मेक डॉवेल और ब्लेंडर प्राइड का लेबल चिपका हुआ था। हिरासत में लिए गए युवक जो चालक सह ऑटो मालिक है उसकी पहचान श्रीकांत सिंह पिता लखन सिंह ग्राम बरारी जिला भागलपुर के रूप में की गई है। पकड़ाए व्यक्ति द्वारा शराब से संबंधित कोई वैध कागजात नहीं दिखाए जाने पर युवक को गिरफ्तार कर लिया गया तथा ऑटो समेत शराब की बोतलों को भी जब्त कर लिया गया है। घटना को लेकर बलबड्डा थाना में मामला दर्ज कर चालक को जेल भेज दिया गया है।

### शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र में अनवरत जारी है पत्थर चिप्स का अवैध परिवहन

**दुमका ( काप्र)।** शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र से पत्थर चिप्स का अवैध परिवहन निरंतर जारी है। प्रशासनिक कोशिशों के बावजूद पत्थर चिप्स के अवैध परिवहन पर लगाम नहीं लग पा रही है, हालांकि उपायुक्त के निर्देश पर पत्थर के अवैध परिवहन पर रोक के लिए जिला खनन टास्क फोर्स की टीम द्वारा छापेमारी भी की जा रही है। पिछले कुछ दिनों पहले बिना समुचित कागजात पत्थर चिप्स का परिवहन कर रहे चार वाहनों को मुफ्फसिल थाना क्षेत्र से जब्त किया गया था, बावजूद अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों का मनोबल काफी ऊंचा है। इतना ही नहीं अगर कोई आम व्यक्ति पत्थर चिप्स लदे वाहन को रोकने का प्रयास करता है तो उसे खामियाजा भुगतना पड़ता है। गुरुवार की सुबह शिकारीपाड़ा संत रीता उच्च विद्यालय के सामने पत्थर चिप्स लदा हाईवा ओवरटेक करने के चक्कर में तकनीकी रूप से खराब हो गया जिस पर क्षमता से अधिक पत्थर चिप्स लदा हुआ था। इस संबंध में अंचल अधिकारी कपिल देव ठाकुर से संपर्क करने पर उन्होंने जानकारी नहीं होने की बात कही। कहा कि आप लोकेशन बताएं मैं देखता हूं। तकरीबन 1 घंटे के बाद वहां चौकीदार की तैनाती कर दी गई और बताया गया कि वाहन को जप्त कर लिया गया है। नियमानुसार कार्रवाई करने के पश्चात ही छोड़ा जाएगा। मामले में मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने कहा कि कहीं ना कहीं परोक्ष रूप से राजस्व विभाग की अवैध परिवहन में संलिप्तता है। उन्होंने कहा कि पत्थर चिप्स के अवैध परिवहन पर लगाम लगाना पूरी तरह से संबंधित विभाग की जिम्मेदारी है परंतु उनकी शिथिलता से इस कारोबार पर अंकुश नहीं लग पा रहा है।

### हेमंत के कार्यकाल में बेटियां पूरी तरह से असुरक्षित: प्रतुल

**रांची (एप्र)।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने नामकुम में एक युवती के साथ हुए रेप और हत्या की घटना की कड़ी निंदा की है। प्रतुल ने प्रदेश मुख्यालय में गुरुवार पत्रकारों से बातचीत में कहा कि इस सरकार में बेटियां पूरे तरीके से असुरक्षित हैं। तभी राजधानी रांची के नामकुम क्षेत्र में दिनदहाड़े एक बेटी को किडनैप करके हत्या कर दी जाती है। इस सरकार के कुल पांच वर्षों के कार्यकाल में अब तक 7200 रेप की घटनाएं हो चुकी हैं। 7000 से ज्यादा हत्याएं हो चुकी हैं ,ढाई लाख से ज्यादा संज्ञेय अपराध हुए हैं। यानी राज्य में पूरे तरीके से अपराधियों का बोलबाला है । उन्होंने कहा कि सबसे दुर्भाग्यपूर्ण है कि भाजपा के कार्यकाल और हेमंत सरकार के कार्यकाल की तुलना करें तो 29 प्रतिशत रेप केस की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। (वर्ष 2017 और 2022 के आंकड़े) इसके अतिरिक्त बलात्कार और पोक्सो के भी मामलों में 25 प्रतिशत से भी कम आरोपितों को सजा हुई है।

## कांग्रेस प्रत्याशी दीपिका पांडेय सिंह ने किया नामांकन, कहा

# झारखंड में कुछ बाहरी लोग नफरत फैलाने की कर रहे कोशिश





**महागामा ( संवाददाता)।** महागामा विधानसभा क्षेत्र से महागठबंधन प्रत्याशी दीपिका पांडेय सिंह ने अपना नामांकन पर्चा दाखिल करने के बाद राजेन्द्र स्टेडियम ऊर्जानगर महागामा में जनसभा सभा को संबोधित किया। मौके पर महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अल्का लांबा, पूर्व मंत्री अवध बिहारी सिंह, पूर्व विधायक रामविलाश पासवान, छत्तीसगढ़ के नेता प्रतिपक्ष मोहन अमरकांत, अवधेश प्रजापति, पूर्व जिप अध्यक्ष कल्पना देवी सहित अन्य नेता मौजूद थे। इस दौरान महागठबंधन दल के कांग्रेस प्रत्याशी दीपिका पांडेय सिंह ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि इस बार के विधानसभा चुनाव में झारखंड से नफरत को हराने और भाईचारे को मजबूत करने का काम करना होगा। इस बार की लड़ाई संविधान को बचाने और देश में फैली हुई नफरत को हराना है। उन्होंने कहा कि झारखंड में कुछ बाहरी लोग आकर नफरत फैलाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन विधानसभा का चुनाव में उन्हें जनता करारा जवाब देगी। उन्होंने महागठबंधन सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर हम जनता के बीच जाएंगे और राज्य की एकता,अखंडता, संस्कृति और परंपरा को बचाने एवं संविधान को सुरक्षित रखने के लिए महागठबंधन सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने जन सभा में संबोधन के दौरान महागठबंधन सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए बताया कि झारखंड में गठबंधन सरकार के द्वारा बिजली बिल माफी,मंईयां सम्मान योजना, कृषि लोन माफी, अबुआ आवास सहित अन्य योजनाओं का लाभ दिया गया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने कृषि ऋण माफी कैबिनेट से पास किया। विधानसभा क्षेत्र में नई सड़क,चेक डेम, भोरा बराज, नया डिग्री कॉलेज में पढ़ाई शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि अब विधानसभा क्षेत्र में धर्म की राजनीति नहीं शिक्षा की राजनीति चलेगी। सभा के दौरान कृषि मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने महागामा विधानसभा क्षेत्र की जनता से चुनाव में बढ़-चढ़कर जन समर्थन करने का अपील किया। मौके पर भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं जनसमर्थक उपस्थित थे।

### पिछले 6 महीने में गांडेय के विकास के लिए हर संभव प्रयास किया: कल्पना

**गिरिडीह (निस)।** गांडेय विधानसभा क्षेत्र से दूसरी बार पर्चा दाखिल करने के बाद जेएमएम नेत्री कल्पना सोरेन ने कहा कि हर पांच साल में चुनावी



प्रतियोगता होती है। अलग-अलग प्रतिद्वंदी मैदान में आते हैं। लेकिन जनता को तय करना पड़ता है कि वो ऐसे उम्मीदवार को चुने जो उनकी कसौटी पर खरा उतर सके। पिछले छह महीने में गांडेय के विकास के लिए उन्होंने हरसंभव प्रयास किया है। छह माह में किए गए काम के आधार पर अब वह अगले पांच साल के लिए समर्थन मांगने आई हैं। सिर्फ छह महीने में सड़कों का जाल बिछाया गया। बच्चियों के लिए उनका पूरा प्रयास रहा कि बच्चियों को पढ़ाई का अधिकार मिल सके। इधर पत्रकारों से बातचीत के दौरान मंत्री हाफिजुल हसन, राज्यसभा सांसद सरफराज अहमद, जमुआ विधायक केदार हाजरा भी मौजूद थे। डुमरी से ही जयराम महतो ने भी पर्चा दाखिल किया।

### मतदाता जागरूकता सह कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन

**दुमका ( का प्र)।** स्वीप कोषांग की ओर से गुरुवार को मतदाता जागरूकता अभियान के तहत राजकीय पुस्तकालय दुमका में मतदाता जागरूकता सह कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सहायक समाहर्ता अभिनव प्रकाश ने छात्रों को मतदाता शपथ दिलाई। उन्होंने उपस्थित छात्रों को एक-एक वोट के महत्व से अवगत करवाया। विद्यार्थियों से यह भी अपील की गई कि वे इन कार्यक्रमों में जो जानकारी प्राप्त कर रहे हैं, उसे अपने तक सीमित न रखकर अपने अभिभावकों और आस-पड़ोस के मतदाताओं को भी दें। वोट करने से लोकतंत्र को मजबूती प्रदान होती है, इसलिए हर मतदाता को मतदान कर भारत को और मजबूत बनाना चाहिए।

### भाजपा प्रत्याशी मुनिया देवी ने किया नामांकन



**गिरिडीह (एप्र)।** गांडेय विधानसभा क्षेत्र में आयोजित नामांकन सभा में गिरिडीह की पावन धरा पर भाजपा के प्रति जनता का जोश और समर्थन स्पष्ट रूप से देखने को मिला। हजारों की संख्या में एकत्रित देवतुल्य जनता-जनार्दन ने कार्यक्रम में भाग लेकर यह संकेत दिया कि आगामी चुनावों में क्षेत्र के हर बूथ पर भाजपा का कमल खिलेगा। यह विराट जनसैलाब भाजपा की नीतियों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के विकास के प्रति लोगों के गहरे विश्वास का प्रतीक है। गांडेय की जनता ने यह संकल्प लिया है कि इस बार भाजपा सरकार को पुनः सत्ता में लाने के लिए वे स्वयं चुनाव लड़ रही हैं। सभा में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने जनता का आभार प्रकट करते हुए कहा, ₹जनता का यह विश्वास और समर्थन हमें नई ऊर्जा और साहस प्रदान करता है। हम क्षेत्र के विकास और जनकल्याण के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं।₹ सभा के दौरान क्षेत्रीय मुद्दों, विकास योजनाओं और भाजपा के भविष्य की योजनाओं पर भी चर्चा किया गया।

## कल्पना सोरेन समेत कुल 14 प्रत्याशियों ने किया नामांकन





**गिरिडीह (निस)।** गिरिडीह के सभी विधानसभा क्षेत्र से गुरुवार को कुल 14 नामांकन पर्चा दाखिल किया गया। जिसमें गिरिडीह से 3, गांडेय से 3, जमुआ से 3, बगोदर से 2, धनवार से 1 तथा डुमरी से 2 शामिल हैं। मुख्य रूप से गांडेय विधायक क्षेत्र से प्रदेश के मुख्यमंत्री की पत्नी कल्पना सोरेन शामिल हैं। गांडेय से कल्पना सोरेन के अलावा भाजपा से मुनिया देवी, जागरूक जनता पार्टी से शमीम अख्तर, गिरिडीह विधानसभा क्षेत्र से झामुमो से सुदिव्य कुमार सोनू, जागरूक जनता पार्टी से अनिशा सिन्हा, बहुजन समाजवादी पार्टी से अरुंधति मिश्रा शामिल हैं। वहीं जमुआ विधानसभा क्षेत्र से झामुमो प्रत्याशी केदार हाजरा, जेएलकेएम पार्टी से रोहित कुमार दास शामिल हैं। धनवार विधानसभा क्षेत्र से माले प्रत्याशी राजकुमार यादव के आलावा बगोदर विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के नागेंद्र महतों, निर्दलीय प्रत्याशी चंद्रशेखर मंडल शामिल है।

## गिरिडीह विधानसभा के प्रधान चुनावी कार्यालय पहुंचे बाबूलाल मरांडी

### कार्यकर्त्ताओं में जोश भरने का किया काम



**गिरिडीह (निस)।** भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी गुरुवार को स्वर्ण परिसर स्थित गिरिडीह विधानसभा के प्रधान चुनावी कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने कार्यालय का निरीक्षण किया एवं कार्यकर्त्ताओं को चुनाव में डटकर लगने का संदेश दिया। इससे पूर्व गिरिडीह विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी निर्भय कुमार शाहाबादी ने उपस्थित नेताओं एवं कार्यकर्त्ताओं के साथ उनका जोरदार अभिनंदन किया। मौके पर श्री मरांडी ने कहा कि वे पहली दफा विधानसभा क्षेत्र के प्रधान चुनावी कार्यालय में पहुंचा हूं। कहा कि निर्भय कुमार शाहाबादी पहले भी यहां से दो दो बार प्रतिनिधित्व कर चुके हैं । यहां की जनता उन्हें और वे यहां की सम्मानित जनता को अच्छी तरह से जानते हैं। जनता के बीच उनकी गहरी लोकप्रियता है। कहा कि गिरिडीह विधानसभा इस बार पिछले पांच वर्षों से जो व्यक्ति वर्तमान मे यहां नेतृत्व कर रहे हैं जिसको जनता ने वोट देकर जिताया लेकिन गिरिडीह ही नहीं बल्कि पूरे झारखंड को ये लोग लूटने में पीएचडी हासिल किया है। जो काम होना चाहिए वो काम ये लोगों ने किया नहीं और इसलिए भारतीय जनता पार्टी कहती है कि ये जो सरकार है आज यहां प्रदेश में कांग्रेस पार्टी जेएमएम, राष्ट्रीय जनता दल की सरकार ने पांच वर्षो में झारखंड की जनता को ठगने कम किया। ठगने के विषय में अगर एक एक बात कहूं तो आप याद करिए कि इनलोगों ने चुनाव के समय अपने घोषणा पत्र में कहा था कि सरकार बनेगी तो मां बहनों के चूल्हा खर्च के लिए 2000 महीना देंगे पर दिया नहीं। उन्होंने कहा था कि लड़कियों की शादी होगी, बेटी तो सोने का सिक्का देंगे वो भी दिया नहीं । उन्होंने 5 लाख नौकरी देने का वादा किया था मगर ये वादा भी उन्होंने पूरा नहीं किया। जितना भी एग्जाम झारखंड में हुई सभी का पेपर लीक हो गया। बच्चे नौकरी के लिए इंसाफ के लिए हाई कोर्ट से लेकर के सुप्रीम कोर्ट तक दौड़ लगाते रहे । कहा कि झारखंड के संसाधनों पर इन्होंने लूट मचा रखी है। कोयला हो, बालू हो ,पत्थर हो यहां तक की सेना के जमीनों को भी नहीं छोड़ा। सरकारी दफ्तर जहां आम लोगों को काम पड़ता है लेकिन अंचल हो ,ब्लॉक हो या थाना हो बिना पैसा से काम नहीं होता है। कहा कि पूरे पांच साल तक इस सरकार ने यहां की जनता को लूटने का काम किया है। भारतीय जनता पार्टी झारखंड को इन लुटेरों से बचाना चाहती है। मौके पर सैंकड़ों कार्यकर्त्ता व नेतागण मौजूद थे।

### गोड्डा में भाजपा और महगामा में कांग्रेस प्रत्याशी समेत तीन ने किया नामांकन



**गोड्डा (संवाददाता)।** आगामी विधानसभा चुनाव में नामांकन दाखिल करने के तीसरे दिन गोड्डा विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी के रूप में निवर्तमान विधायक अमित मंडल ने अपना नामांकन दाखिल किया जबकि महगामा विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी के तौर पर दीपिका पाण्डेय सिंह ने अपना पर्चा भरा। एक अन्य प्रत्याशी ज्ञानेश्वर झा ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में गोड्डा सीट से पर्चा दाखिल किया। जिला अंतर्गत आने वाले तीन विधानसभा क्षेत्र में दो में नामांकन दाखिल करने की शुरूआत हो गई जबकि पोड़ैयाहाट विधानसभा में अबतक किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन दाखिल नहीं किया है। तीसरे दिन आठ फॉर्म की बिक्री हुई। जिसमें पोड़ैयाहाट सीट के लिए दो फार्म बिके। जिसमे उम्मीदवार मुकेश टुडू, पार्टी- निर्दलीय एवं रामचन्द्र हेम्ब्रम - भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी है। गोड्डा सीट के लिए तीन फॉर्म बिके जो हेमकांत ठाकुर पार्टी- निर्दलीय, रंजीत कुमार पार्टी- आजाद समाज पार्टी एवं मो इदरीश, पार्टी- निर्दलीय के नाम है। महगामा विधानसभा के लिए तीन फार्म बिक्री हुई। जो जवाहर लाल यादव, पार्टी- झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा, अशोक कुमार पार्टी- भारतीय जनता पार्टी एवं मो कामरान खान - ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के नाम है।

## केवाईसी अपडेट करने के नाम पर लाखों की ठगी

**पौडेयाहाट (संवाददाता)।** बैंक खाता को अपडेट करने के नाम पर साइबर ठगी करने वाले गिरोह ने मिठाई दुकानदार को लाखो रुपए की चपत लगा दी। मामला पौड़ेयाहाट बाजार के बंगाली टोला स्थित मिठाई दुकानदार संतोष कुमार डे का है। इनके पास फर्जी बैंक मैनेजर बनकर किसी ने फोन कर बताया कि आपका बैंक खाता अपडेट नहीं है एक लिंक व्हाट्सएप पर भेजा हूं उसे भरकर भेज दे। दुकानदार ने जब लिंक खोला तब उसे अहसास हुआ कि कहीं यह ठगी का मामला तो नहीं है। यह सोचकर तुरंत बैंक पहुंचा और अपना बैंक खाता बंद करवा दिया। दो दिन के बाद खाता को चालू किया गया। खाता को चालू करने के बाद साइबर ठगी करने वाले गिरोह ने तीन अलग अलग नाम से एक लाख से अधिक की राशि का खाता से ट्रांसफर करवा लिया। मामला की जानकारी पौडेयाहाट थाना में दिए जाने के बाद घटना को लेकर साइबर ठगी की धारा के तहत कांड दर्ज कर लिया गया है। साइबर क्राइम को लेकर समय समय पर विभिन्न एजेंसियों के जरिए आमलोगों को जागरूक और सतर्क किया जाता रहा है बावजूद इसके ठगी करने वाले अपने मकसद में कामयाब हो ही जाते हैं।

## डबल इंजन की सरकार बनने पर ही इस राज्य की भलाई संभव : अमित मंडल





**गोड्डा (संवाददाता)।** यह चुनाव मैं नही लड़ रहा हूं बल्कि आपसब लड़ रहे है। आप सब जनता जनार्दन जिंदाबाद हैं। सब दिन नेता जिंदाबाद के नारे लगाने वाली जनता जिंदाबाद हैं। गुरुवार को गोड्डा विधानसभा सीट के लिए भाजपा प्रत्याशी के तौर पर अपना नामांकन दाखिल करने के बाद हटिया मैदान में उपस्थित भाजपा समर्थकों और जनता को संबोधित करते हुए निवर्तमान विधायक अमित मंडल ने कहा कि यह चुनाव कार्यों के मूल्यांकन करने का है। आप जनता से मैं यह पूछना चाहता हूं कि क्या राज्य की हेमंत सरकार जो चुनावी वायदे करके सत्ता मे आई थी उसे पूरा कर पाई या नहीं। अगर यह सरकार झूठ बोलकर कुर्सी पर आई थी तो इसको उतार फेंकने का समय अब आ गया है। इस सरकार ने कहा था कि मैं पांच लाख बेरोजगार को नौकरी दूंगा क्या इस सरकार ने 5 लाख बेरोजगारों को नौकरी दिया इसपर जनता ने हाथ उठाकर अपनी सहमति जताई। अगर नौकरी बेरोजगारों को नही मिली तो इस सरकार को कुर्सी पर बैठने का अधिकार मिलना चाहिए या नहीं। श्री मंडल ने कहा कि गोड्डा सीट पर भाजपा की जीत तय है और प्रदेश में भी भाजपा का सरकार बनना तय है। डबल इंजन की सरकार बनने पर ही इस राज्य का भला हो सकता है और तभी जनता का विकास होगा और प्रदेश में खुशहाली आएगी। उन्होंने कहा अब चुनाव के नजदीक देखकर हार के डर से हेमंत सरकार ने महिलाओं को सम्मान देने के नाम पर झुनझुना देने का काम किया है अगर उनकी नियत सही होती तो वह एक हजार के बदले ढाई हजार की रकम देती जो काम भाजपा सरकार सत्ता में आने के बाद करेगी। उन्होंने आम जनता से अपना भरपूर समर्थन देकर पूरे प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने का अपील किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष, आजसू के पार्टी पदाधिकारी सहित अन्य नेता मौजूद थे।

## झामुमो प्रत्याशी बसंत सोरेन एवं कांग्रेस प्रत्याशी बादल पत्रलेख ने किया नामांकन

**दुमका ( का प्र)।** दुमका विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी बसंत सोरेन ने गुरुवार को निवार्ची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी को अपना नामांकन पत्र सौंपा। वहीं जरमुंडी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी बादल पत्रलेख ने निवार्ची पदाधिकारी सह जिला आपूर्ति पदाधिकारी को अपना नामांकन पत्र सौंपा। बताते चलें कि झामुमो प्रत्याशी बसंत सोरेन दूसरी बार दुमका विस सीट से चुनाव लड़ेंगे। बसंत सोरेन ने इससे पहले 2019 में भाजपा प्रत्याशी डॉ लुईस मरांडी को मात देकर दुमका सीट पर फतह हासिल की थी। बसंत सोरेन झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन के छोटे पुत्र व सीएम हेमंत सोरेन के भाई हैं। दुमका सीट पर इस बार उनका मुकाबला भाजपा के सुनिल सोरेन से होना तय माना जा रहा है। वहीं जरमुंडी विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी बादल पत्रलेख राज्य के कृषि मंत्री रह चुके हैं। उन्होंने जरमुंडी से अपनी जीत का दावा किया है।



हिन्दी दैनिक
# श्वेत पत्र
आपकी बात सच के साथ
देवघर, शुक्रवार, 25 अक्टूबर, 2024



## सुभाषितम्

चाहे गुरु पर हो या ईश्वर पर, श्रद्धा अवश्य रखनी चाहिए। क्यों कि बिना श्रद्धा के सब बातें व्यर्थ होती हैं। - समर्थ रामदास

## गुजराती ठगों की देश-दुनिया में हो रही है चर्चा

**पिछले कुछ वर्षों में गुजरात** एक ऐसे राज्य के रूप में उभरा है, जिसकी कई तरीके से नई पहचान बनती जा रही है। अब एक नई पहचान सारे देश और दुनिया में देखने को मिल रही है, ठगी के रूप में। गुजरात के ठगों ने अपने कौशल का झंडा देश और विदेशों तक में गाड़ दिया है। विभिन्न प्रकार से संगठित ठगी और धोखाधड़ी के मामले में गुजरात के ठग सारी दुनिया के देशों में सुर्खियों में बने हुए हैं। गुजराती ठगों ने समाज के हर वर्ग को निशाना बनाया है। आम नागरिक हों, या उच्च पदस्थ सरकारी अधिकारी, नेताओं और बैंकों को भी चूना लगाने की महारत गुजराती ठगों के पास है। ऐसा कौन सा काम बाकी रह गया है, जो गुजरात के ठगों द्वारा नहीं किया जा सकता है। गुजरात को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल और मोहम्मद अली जिन्ना के कारण सारी दुनिया में जाना जाता था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत को वैश्विक महाशक्ति बनाने की दिशा में प्रयासरत हैं। पिछले 10 वर्षों में उन्होंने भी विश्व में अपनी पहचान विश्व गुरु के रूप में बनाई है। दूसरी ओर गुजराती ठग देश एवं दुनिया में गुजरात की नई छवि ठगी के क्षेत्र में बना रहे हैं। गुजरात के ठगों की हिम्मत और चालाकी इतनी बढ़ चुकी है कि वो फर्जी जज, फर्जी वकील और फर्जी ट्रिब्यूनल बनाकर कई सालों तक लोगों को ठगने का हुनर जानते हैं। इसके अलावा हजारों करोड़ रुपए की सरकारी जमीन कबजाने में भी यह ठग पीछे नहीं रहे हैं। ताजा मामला गांधीनगर के मॉरिस सैमुअल का है, जिसने फर्जी अदालत लगाकर पांच साल तक लोगों को अपने जाल में फंसाया। पोल खुलने के पहले तक उसने विवादित जमीनों के फैसले सुनाकर अरबों रुपए की जमीन हेराफेरी कर दी। इसी तरह किरण पटेल नामक ठग का मामला भी चौंकाने वाला है। जिसने खुद को पीएमओ का अधिकारी बताकर, कश्मीर तक वीआईपी ट्रीटमेंट और सुरक्षा को लेकर करोड़ों रुपए की ठगी कर ली। वह भी कश्मीर जैसे राज्य में, जहां चप्पे-चप्पे पर पुलिस और मिलिट्री का पहरा होता है। फर्जी दस्तावेजों के जरिए हजारों करोड़ों रुपए की ठगी के सैकड़ों मामले सामने आ चुके हैं। ये घटनाएं केवल राज्य या देश तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि गुजरात से जुड़े ठगों का जाल देश के सभी राज्यों और विदेशों तक फैला है। अमेरिका जैसे देश में गुजराती ठग ने फर्जी ग्रीन कार्ड से लेकर बड़े-बड़े अंतरराष्ट्रीय आर्थिक घोटाले के मामले सामने आ चुके हैं। भारतीय बैंकों से हजारों करोड़ों रुपए की ठगी करके कई कारोबारी गुजराती ठग विदेशों में जाकर रह रहे हैं। उन्होंने भारत से भाग कर विदेशों की नागरिकता ले ली है। भारत सरकार एक भी ठग को विदेश से भारत वापस नहीं ला पाई है। सवाल यह है, कि आखिर गुजराती ठगों के इतने मामले क्यों सामने आ रहे हैं। 2014 के बाद से बड़ी संख्या में गुजराती ठगों को जहां मौका मिलता है, वहीं ठगी करना शुरू कर देते हैं। दुनिया और ब्रह्मांड में ऐसी कोई चीज नहीं है। जो गुजराती ठगों की जद से बाहर हो। गुजरात के ठगों को कानून और सजा का कोई डर नहीं रहा। क्या, ठगों को राजनेताओं, न्यायपालिका और प्रशासन का संरक्षण मिल रहा है? भ्रष्टाचार और सांठ-गांठ की गहरी जड़ें राजनेताओं, न्यायिक अधिकारियों, प्रशासन और पुलिस तक अपनी जड़ें जमा चुकी हैं। जो भी हो, स्पष्ट है, कि गुजरातियों को ठगी के क्षेत्र में सारी दुनिया में विशिष्ट माना जाने लगा है। गुजरात के ठगों ने अपने कौशल से यह साबित कर दिया है। देश और विदेश की पुलिस और कानून व्यवस्था उनकी ठगी के रास्ते में रुकावट नहीं डाल सकती हैं। कभी किसी बड़े उद्योगपति ने तीन दशक पहले चांदी के जूते की ताकत को सार्वजनिक किया था। चांदी का जूता बड़ा चमत्कारी होता है। यह हर किसी की आंख, कान और मुंह बंद रखने की क्षमता रखता है। यही एक कारण है, गुजरात के ठग, ठगी करने के बाद पूरी तरह से निश्चिंत रहते हैं। उनके पास हमेशा चांदी का जूता होता है। चांदी के जूते के बल पर वह ठगी का पैसा, सुरक्षित रख पाते हैं। ठगी के पैसे से देश एवं विदेशों में गुजराती ठग ऐश कर रहे हैं। अब तो लोग यह भी कहने लगे हैं कि गुजरात के ठगों को कॉलेज और विश्वविद्यालय खोलकर इसकी डिग्रियां भी बांटना चाहिए। ताकि ठगी का यह गुण आम जनता भी सीख सके। ठगी के सहारे सारी दुनिया के देशों में भारत को आर्थिक दृष्टि से भारत को प्रथम पंक्ति में आकर खड़ा कर सकें।

## चिंतन-मनन

## ईश्वर की कृपा बुद्धि से ही प्राप्त होती है

**योग में आसन, प्राणायाम, मुद्रा और** आहार-विहार आदि पर तो बहुत शोध हुए हैं, अब ध्यान और मुद्रा की बारी है। इस विधा के अनुसार शांत मस्तिष्क ऊर्जा का केंद्र है तो निर्मल मन शांति और स्थिरता का। शास्त्रों में इन केंद्रों की उपमा ब्रह्मलोक और क्षीर सागर से दी गई है। मस्तिष्क या खोपड़ी में जहां दिमाग माना जाता है वहां एक केंद्र की कल्पना की गई है। इस केंद्र को ब्रह्मकेंद्र कहते हैं। ब्रह्मरंध अर्थात मस्तिष्क का मध्यबिन्दु। ब्रह्माण्ड के मध्य में ब्रह्मलोक माना गया है और ब्रह्मरंध्र मस्तिष्क में है। जीव और ब्रह्म के बीच अति महत्वपूर्ण आदान-प्रदान का माध्यम यही है। पृथ्वी भी मनुष्य की तरह अंतग्रही आदान प्रदान से समृद्ध होती रहती है। उससे सूक्ष्म आवश्यकताओं की पूर्ति के साधन जुटते रहते हैं। इस आदान-प्रदान का केन्द्र द्वार ध्रुव है। ठीक इसी प्रकार मस्तिष्क का मध्य केन्द्र ब्रह्मरंध्र सहस्त्रार कमल है। यह जितना सशक्त या दुर्बल होता है उसी अनुपात में जीवन को ब्रह्मसत्ता के अनुदान पाने की सम्भावना बढ़ती है। अन्तर्जगत के इस ब्रह्मलोक की अमृत वर्षा का लाभ लेने के लिए खेचरी मुद्रा का साधन बताया गया है । ध्यान मुद्रा में शान्त चित्त का साधन बताया गया है। ध्यान मुद्रा में शान्त चित्त से बैठकर जीभ के अगले भाग को तालु मूर्धा से लगाया जाता है। सहलाने जैसे मन्द-मन्द स्पन्दन पैदा किये जाते हैं। उस उत्तेजना से सहस्त्र दल कमल की प्रसुप्त स्थिति जागृति में बदलती है। यह खेचरी मुद्रा है। इस स्तर पर अनुभव होने वाले उपादानों का वैज्ञानिक विश्लेषण अभी बाकी है। अध्यात्मविदों के अनुसार यदि भावना और क्रिया का सही समन्वय करके इस साधना को किया जा सके तो चेतना क्षेत्र में आनन्द और कार्य क्षेत्र में उल्लास की उपलब्धि होती है।

# झूठ की बुनियाद पर टिका भाजपा का सदस्यता अभियान

निर्मल रानी

**भारतीय जनता पार्टी द्वारा** आजकल राष्ट्रीय स्तर पर सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। इसी दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री योगी आदित्य नाथ साहित भाजपा के अनेक बड़े नेता पार्टी के सदस्य अथवा सक्रिय सदस्य बन चुके हैं। परन्तु एक बार फिर भाजपा का यह सदस्य्ता अभियान विवादों में पड़ गया है। भाजपा इस सदस्यता अभियान के माध्यम से यह साबित करना चाहती है कि भारतीय जनता पार्टी ही विश्व का सबसे बड़ा व सबसे अधिक सदस्यों वाला राजनैतिक दल है। और इस लक्ष्य तक पहुँचने के लिये पार्टी के नेताओं व कार्यकताओं द्वारा झूठ व अनैतिकता की सभी हदों को पार किया जा रहा है। आश्चर्य है कि हाल में हुये लोकसभा चुनावों में 63 लोकसभा सीटें गंवाने के बावजूद अभी भी भाजपा न जाने किस आधार पर अपने सदस्यों की संख्या में इजाफा करना चाह रही है ?

दरअसल कई राज्यों में भाजपा, सदस्यता अभियान में निर्धारित अपने लक्ष्य को पूरा नहीं कर पा रही है। इसके लिये उसके नेता व कार्यकर्त्ता साम दाम दंड भेद सभी हथकंडे अपनाकर किसी भी तरह से सदस्यों की संख्या में बढ़ोत्तरी करना चाह रहे हैं। मिसाल के तौर पर गुजरात में 2 करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य पार्टी द्वारा निर्धारित किया गया था। गुजरात भाजपा ने सदस्यता अभियान के तहत पिछली बार से ज्यादा सदस्य बनाने के लिए खास योजना बनाई है। सरपंच से लेकर सांसद तक सभी 100-100 प्राथमिक सदस्य बनाएंगे। परन्तु इस लक्ष्य तक पहुंचना संभव नहीं था। एक रिपोर्ट के अनुसार भावनगर में स्थानीय नेता 100 सदस्य जोड़ने के लिए 500 रुपये भी ऑफर कर रहे हैं क्योंकि निर्धारित तिथि 15 अक्टूबर तक 2 करोड़ का लक्ष्य पूरा करने के लिये प्रतिदिन 8 लाख से अधिक सदस्य बनने जरूरी थे। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिये भाजपाई जिस स्तर तक गये हैं उसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। गुजरात में कई शहरों में स्कूली बच्चों तक को सदस्यता दिला दी गई। अनेक लोगों को तो उनका केवल फोन नंबर लेकर ही बिना बताए उन्हें भाजपा का सदस्य बना दिया गया। यह रहस्य तब उजागर हुये जब अपनी सदस्यता से अनजान कई छात्रों व आम लोगों के मोबाइल पर भाजपा का सदस्य बनने से सम्बंधित बधाई संदेश आने लगे। गुजरात में न केवल स्कूली बच्चों और उनके अभिभावकों तक को सदस्य बनाया गया बल्कि अस्पताल के मरीजों , नर्मदा में ग्रामीण रोजगार गारंटी कार्यकर्ता और भावनगर में 100 नए सदस्यों को नामांकित करने के लिए स्थानीय पार्टी नेताओं द्वारा 500 रुपये देने की योजना तक शामिल थी। खबरों के अनुसार जब एक महिला अपने पति के साथ रेबीज का इंजेक्शन लगवाने के लिए विसनगर के एक जन स्वास्थ्य केंद्र गयी तभी एक कर्मचारी ने उनका मोबाइल नंबर पूछा और फिर मोबाइल पर आया ओटीपी माँगा। और जैसे ही उन्होंने ओटीपी शेयर किया उसी समय मरीज को भाजपा का प्राथमिक सदस्य बनने के लिए बधाई संदेश मिला। हालांकि मरीज महिला के पति ने सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों द्वारा उन्हें चुपके से भाजपा




सदस्य बनाने पर आपत्ति जताई। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों और रेजिडेंट मेडिकल ऑफिसर (आरएमओ) से बात करते हुए अपने फोन पर एक वीडियो रिकॉर्ड किया कि उन्हें बिना बताए या उनकी सहमति के बिना उन्हें भाजपा सदस्य के रूप में क्यों नामांकित किया गया। रोगी के पति विकुंभ दरबार ने घटना के बाद स्थानीय मीडिया को बताया कि ह्लआज सुबह, मैं और मेरी पत्नी एंटी रेबीज इंजेक्शन के लिए विसनगर सिविल अस्पताल गए क्योंकि उन्हें कुत्ते ने काट लिया था। पहली बार, हमें इंजेक्शन पाने के लिए एक ओटीपी साझा करने के लिए कहा गया था। शुरू में, हमें रजिस्टर में चेक इन करने के लिए कहा गया था, और जब हम इंजेक्शन के लिए आगे बढ़े, तो अस्पताल के कर्मचारी ने एक ओटीपी मांगा। मैंने पूछा कि इसकी आवश्यकता क्यों है, इसपर उस ने जवाब दिया कि - यदि आप इंजेक्शन चाहते हैं, तो आपको ओटीपी प्रदान करना होगा। जब मैंने इस नियम पर सवाल उठाया, तो उन्होंने दावा किया कि यह एक नया सिविल अस्पताल विनियमन है।

इसी तरह गुजरात में ही राजकोट के जूनागढ़ के रणछोड़ दास ट्रस्ट अस्पताल का एक बेहद गंभीर मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि राजकोट के इस अस्पताल में आंख के मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराने गए 250 मरीजों को रात में नींद से उठाकर बीजेपी का सदस्य बना दिया गया। इसका खुलासा उस समय हुआ जबकि एक मरीज ने इस पूरी घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया। कमलेश भाई ठुम्मर अपनी आंखों का ऑपरेशन कराने इसी अस्पताल में गए थे। जहां उनके साथ 250 से ज्यादा और भी मरीज भर्ती थे। कमलेश के मुताबिक आधी रात को एक व्यक्ति आया और अचानक सभी मरीजों को नींद से उठाकर उनसे ओटीपी मांगने लगा। मुझसे (कमलेश भाई) भी ओटीपी पूछा। जब मैंने ओटीपी भेज दिया तो फोन में मैसेज आया कि बधाई हो,आप बीजेपी के सदस्य बन गए हैं। जब कमलेश ठुम्मर ने मैसेज देखकर उस व्यक्ति से पूछा कि क्या आप बीजेपी का सदस्य बना रहे हो? तब उसने जवाब दिया कि -इसके बिना उद्धार नहीं। यदि किसी मरीज को डळढ नहीं पता चलता था, तो वह कर्मचारी स्वयं मरीज का फोन अपने हाथ में ले लेता और उसे भाजपा का सदस्य बना देता। इस कर्मचारी ने वार्ड के 200 से 250 मरीजों को बीजेपी का सदस्य बना दिया। कहना गलत नहीं होगा कि इस जबरन भाजपा सदस्य बनाने के इस अभियान में अस्पताल की भी मिली भगत जरूर रही होगी।

इसी तरह मध्य प्रदेश में भी जोर जबरदस्ती से सदस्यता अभियान चलाये जाने की खबर है। यहाँ भी युवाओं को सदस्यता अभियान से जुड़ने और नये सदस्य बनाने के लिये 3000 से लेकर 5000 रुपए तक के ऑफर दिये जाने की खबर है। भारतीय जनता पार्टी सरकरी कर्मचारी, छात्र-छात्राएं, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, हितग्राही लाड़ली बहनें,मुफ़्त राशन प्राप्त करने वालों,सभी सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने वालों आदि सभी को जबरन या धोखे से पार्टी सदस्य बनाने पर तुली हुई है। हद तो यही है कि भाजपा अब आधी रात में सोते हुये मरीजों को भी चैन की नींद नहीं सोने दे रही है। यानी इलाज और ऑपरेशन बाद में भी होता रहेगा, आराम भी बाद में कर लेना, पहले अपने मोबाइल पर आया ओटीपी दे दीजिए। देश भर से मिलने वाली इस तरह की और भी खबरें इस निष्कर्ष पर पहुँचने के लिये काफी हैं कि भाजपा का सदस्यता अभियान दरअसल झूठ की बुनियाद पर टिका हुआ है।

## भारतीय ज्योतिषियों की बलिहारी

राकेश अचल

**मेरा ज्योतिष में किंचित क्या रत्ती भर** विश्वास नहीं है ,लेकिन मेरे विश्वास करने और न करने से क्या फर्क पड़ता है। देश की बहुसंख्यक जनता का विश्वास तो है ज्योतिष पर। और इसी विश्वास के सहारे देश का कारोबार ,बाजार चलता आ रहा है। ज्योतिषी जब बताते हैं तब हमारे यहां नेता चुनाव में नामांकन पत्र दाखिल करते है। हम खुद ज्योतिषी के बताये मुहूर्त पर गृह प्रवेश करते है। और तो और भाँवरें डालते हैं। लेकिन सबसे महत्वपूर्ण ये है कि हम खरीद-फरोख्त भी ज्योतिषियों द्वारा बताये गए महूर्त के हिसाब से ही करते हैं। मैंने जब से होश सम्हाला है तब से देखता आ रहा हूँ कि हमारे भारतीय ज्योतिषी मुहूर्तों के बारे में पूछने पर ही बताते हैं और वो भी दक्षिणा लेने के बाद। वे पत्रा /पंचांग तभी खोलते हैं जब चढ़ौती चढ़ा दी जाय। लेकिन खरीद-फरोख्त के लिए शुभ मुहूर्त बताते हुए ज्योतिषी किसी से कोई दक्षिणा नहीं मांगते । बस बता देते हैं कि कब मकान खरीदना है ,कब सोना-चांदी खरीदना है ,कब वाहन खरीदना है। त्यौहार के मौसम में ज्योतिषी ऐसे -ऐसे दुर्लभ मुहूर्त बताते हैं की जनता बावली हो जाती है। जनता को बाबला कर ये ज्योतिषी बाजार की बल्ले-बल्ले करा देते हैं। एक ही दिन में साल-छह महीने का कारोबार हो जाता है। लगता है कि बाजार कि और ज्योतिषियों कि कोई दुरभि संधि है। हम उन लोगों में से हैं जो अपना हर काम अबूझ मुहूर्त में करते है। ज्योतिषियों के बताये मुहूर्त के फेर में नहीं पड़ते ,इसीलिए चाहे जितना दुर्लभ मुहूर्त हो हम बाजार की और रुख नहीं करते । हालाँकि हमारे घर में दूसरे लोग नजर बचाकर बाजार से खरीदारी कर लेते हैं लें हम धनतेरस को भी चम्मच/ घंटी से ज्यादा कुछ नहीं खरीदते। खरीदना भी नहीं है क्योंकि ज्योतिषी तो साल में दस बार दुर्लभ मुहूर्त बताते है। यदि उनके हिसाब से खरीदारी करने लगे तो घर का बजट ही फेल हो जाये। अब इस साल ही देख लीजिये। ज्योतिषियों ने कहा है की इस साल 24 अक्टूबर को जो दुर्लभ मुहूर्त बना है वो आज से 752 साल पहले बाना था। कमाल की बात है न कि जब दुनिया में कम्प्यूटर नहीं जन्मा था तब भी हमारे ज्योतिषियों का गुणा-भाग चलता था और उन्हें आज भी कम्प्यूटर नहीं बल्कि उनका अपना पत्रा/ पंचांग ही सैकड़ों साल पुराने मुहूर्त के बारे में बता देता है। मुझे कभी-कभी लगता है कि देश की असली सेवा हमारे ज्योतिषी ही करते हैं ,लेकिन कभी-कभी इनके ऊपर शक भी होता है , क्योंकि ये ज्योतिषी आजतक ये नहीं बताये कि देश के अच्छे दिन कब आएंगे ?

आपको बता दूँ कि मै जिस शहर में रहता हूँ वो एक बड़े गांव जैसा ही ह। महाराजाओं का शहर है। यहां न सिटी बस है और न मेट्रो रेल। लेकिन वहां भी इस मुहूर्त के फेर में एक दिन में एक हजार वाहनों की खरीद हो गयी । मकान खरीदने वालों को मुहूर्त के हिसाब से रजिस्ट्री करने के लिए मुंह-मांगी रिश्वत देने के लिए मजबूर होना पड़ा। क्या पता कि मुहूर्त निकलने के बाद खरीदारी लाभप्रद हो या न हो। हमारे यहां आदमी धर्मभीरु ही नहीं ज्योतिष-भीरु भी है। ज्योतिषी नट की तरह देश की सीधीसादी जनता को अपने इशारे पर नचाते हैं। जनता कभी नहीं सोचती कि ये दुष्ट ज्योतिषी उनके भले के लिए नहीं बल्कि बाजार के भले के लिए खास मुहूर्त निकलकर अखबारों में ,टीवी चैनलों पर दिखाते हैं। जनता तो ठहरी आँख की अंधी और नाम नयनसुख वाली। अपने दिमाग की खिड़कियां और दरवाजे कभी खोलती ही नहीं।चाहे चुनाव हो या भागवत कथा। देश की जनता कभी इन ज्योतिषियों से पूछती ही नहीं कि दुर्लभ योग में उन्होंने अपने लिए क्या खरीदा ?

ज्योतिषी बड़े चतुर -सुजान होते हैं। जनता को किश्तों में उलूक बनाते हैं। इस साल उन्होंने वृषभ ,कन्या और तुला राशि के जातकों को चुना। कहा कि इन राशियों के लोग यदि 752 साल बाद पड़ने वाले दुर्लभ योग का लाभ उठाना चाहते हैं जो हनकर यानि जमकर दरियादीली से खरीद-फरोख्त करें। ईडी ,सीबीईआई की फिक्र न करें। चूंकि ये मुहूर्त केवल हिन्दू पंचांगों में से निकलते हैं इसीलिए ये हिन्दुओं के लिए ही शुभ होते है। मुसलमान,ईसाई या दूसरे धर्मों के लोगों के लिए नहीं। हामिद को तो आज भी अपनी अम्मी के लिए बाजार से चिमटा ही खरीदना पड़ता है। देश के 85 करोड़ लोग तो उस मुहूर्त को ही शुभ मानते हैं जिस दिन उन्हें पांच किलो मुफ्त का अन्न मिलता है। लाड़ली बहिनों के लिए तो केवल वो मुहूर्त शुभ होता है जिस दिन उनके खाते में सरकार 1250 रुपए राखी बंधन के नेग के रूप में डाल देती है। हमारा दुर्भाग्य ये है कि हम लोग चाहकर भी इन ज्योतिषियों की भविष्यवाणीयों को चुनौती देने देश की किसी छोटी या बड़ी अदालत नहीं जा सकता। जैसे-तैसे पहुँच भी जाएँ तो वहां हमें सुनेगा कौन? अदालतों में भी तो आखिर धर्मभीरु/ मुहूर्त प्रेमी लोग ही विराजते हैं। हमारे देश के मुख्यन्यायाधीश ने खुद रहस्योद्घाटन किया कि वे जब भी किसी बड़े मामले में फैसला करने वाले होते हैं भगवान की शरण में चले जाते हैं। देश का कोई ज्योतिषी वही गुरु,अल्लाह या जीसस की शरण में कभी गया हो तो हमें पता नहीं। कहने का आशय ये है कि जिस देश में कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालीका तक भगवान के भरोसे काम करती हो उस देश में आखिर ज्योतिषियों का तम्बू कौन उखाड़ सकता है ? इन्हें तो सर्वदलीय समर्थन हासिल होता है। किसी भी दल की सरकार हो कोई इनके खिलाफ जाने वाला नहीं है। क्योंकि सभी की दुकानदारी में ज्योतिष की अहम भूमिका है। आप मुझे ज्योतिष शास्त्र कहें या विज्ञान कहें का विरोधी न माने। निंदक न मानें। मुझे तो अपने सनातन ज्ञान पर गर्व है। इसी के चलते सहमत न होते हुए मै जिस अखबार में काम करता था उसके पंडित जी यदि किसी दिन भविष्यफल भेजने में आलस करते थे तो मैं खुद उनकी और से भविष्यफल लिखकर छाप लेता था ।पाठकों का मन जो रखना होता था। मैने जिस स्थानीय न्यूज चैनल में काम किया उसके दर्शकों के लिए खुद कंठीमाला पहनकर ज्योतिषी की भूमिका अदा की।आजकल चैनलों में अभिनय ही तो प्रधान है। आखिर जनता की आँखों में धूल ही तो झोंकना है नेताओं की तरह। जनता की आँखों में धूल झोंकना सबसे आसान काम और सबसे अधिक ललितकला है। इसलिए आप भी मेरे कहने से 752 साल बाद बने इस सौभग्यशाली मुहूर्त की अनदेख न करें। खरीदारी करे। क्रेडिट कार्ड से करें ,परसनल लोन लेकर करें ,कढ़ुआ [ कर्ज लेकर ] काढ़कर करें। खरीदारी जरूर करें ,क्योंकि इसी से तो आपका भाग्य चमकने वाला है।

## आत्महत्याएं एक त्रासदी ?

नरेन्द्र भारती

**मानव हताशा व निराशा के भंवर से** मुकाबला करने के बजाए मौत ही आखिरी विकल्प ढूंढ रहा है। जबकि दुनिया में कोई भी चीज असंम्भव नहीं है। हताशा के अन्धेरे में दीये बूझ रहे हैं।इन बूझते दीयों को बचाने के लिए समाज को एक रूपरेखा तैयार करनी होगी।ताकि इस भयानक प्रवृति पर विराम लग सके। समाज में टूटते परिवार,बेरोजगारी ,गरीबी ,व अशिक्षा, तनाव के मुख्य कारण हैं। आज के युवा कैरियर को लेकर भी परेशान है। मनमाफिक रोजगार न मिलने के कारण तनावग्रस्त रहते है। प्रेम में असफलता ,परीक्षा मे फेल होने, कर्ज न चुकाने ,के कारण भी मौत को गले लगा रहा है।युवा वर्ग में यह प्रवृति बडे पैमाने पर बढती जा रही है।यदि इस पर संज्ञान न लिया तो भविष्य में मुशिकलें पैदा होगी।भारत एक ऐसा देश है जहां सबसे अधिक आत्महत्याएं होती है।प्रतिदिन आत्महत्याओं की खबरें सुर्खियां बनती है।इंसान खुद तो मर जाता है लेकिन पीछे तडफने के लिए पूरा परिवार छोड देता है।दहेज के कारण भी आत्महत्याएं बढ रही है। देश के अन्नदाता कहलाने वाले किसान का आत्महत्या करने का कारण कभी सरकारी नीतियां बनती है।तो कभी मौसम की बेरूखी।पिछले पन्द्रह सालों में एक लाख से भी अधिक किसान आत्महत्या कर चुके है। आज तक किसी किसान ने अकाल ,बाढ, भूखमरी के कारण आत्महत्या तक नहीं की लेकिन सरकारी नीतियां ही इसका कारण बन रही हैं। लोगों ने अपनी जीवन लीलाएं खत्म की है। आत्महत्याओं के औसतन तीन सौ मामले प्रतिदिन सामने आते है। भारत के परिपेक्ष्य मे आत्महत्या के तरीकों में फांसी लगाना ,आग लगाना,तथा जहरीला पदार्थ निगलना,मुख्य है, देश मे घटित इन मामलों से भविष्य की भयानक तस्वीर दिख रही है।समाजशास्त्री कहते हैं कि सामाजिक सुरक्षाबोध,पारिवारिक जुडाव,और तनाव से दूरी ही आत्महत्याओं पर अंकुश लगा सकती है। हताशा के कदम रोकने के लिए सामूहिक प्रयास करने होगें। ताकि समाज से इस प्रवृति को दूर किया जा सके।देश के युवाओं की नकारात्मक सोच को सकारात्मक बनाना होगा। सामजिक परिदृश्य को बदलना हर नागरिक का कर्तव्य है।समाज के बुध्दिजीवी लोगों को इस पर मनन करना चाहिए। युवा देश के कर्णधार होते हैं जो देश की दिशा बदल सकते हैं। इन्हे दिगभ्रमित होने से बचाना जरूरी है। युवाओं का मार्गदर्शन करना होगा ताकि निराशा व हताशा से दूर रह सके।यह देश हित व जनहित के लिए बेहद लाजिमी है।सरकारों को भी इन घटनाओं को अनदेखा नहीं करना चाहिए। यदि अब भी इन घटनाओं के प्रति कदम न उठाये तो अनमोल जिंदगियां। भौतिकवादी सोच ने समाज में कई तरह के पतन पैदा किए है। पैसे की भूख व अतिवादी सोच ने उपहार में लोगों को एकाकी जीवन व तनाव दिया है।आज मानव जीवन में तनाव इतना अधिक बढ गया है।कि बच्चे से लेकर जवान व बूढे ,शिक्षित से लेकर अशिक्षित ,छात्र से लेकर उच्च अधिकारी,किसान,गरीब से लेकर अमीर सभी तनाव से ग्रस्त है।मानसिक तनाव के कारण देश में सामूहिक आत्महत्याओं की प्रवृति बेतहाशा बढती जा रही है।ऐसा क्यों यह एक यक्ष प्रश्न बनता जा रहा है 'देश में बढती आत्महत्याएं एक गंभीर चिन्ता का विषय बनता जा रहा है। आज युवा में बढती कुंठा,असहनशीलता ,और असफलता आत्महत्याओं का कारण बन रहे है।यह आंकड़ा बड़े पैमाने प? बढ़ता ही जा रहा है यह बहुत ही चिंतनीय है।

## आज का राशिफल

**मेष** – तरक्की के शुभ योग बन रहे हैं। नौकरी में आपके लिए उच्च पद की प्राप्ति की संभावना बन रही है।

**तुला** – आज दिन मिलाजुला है और आपकी इच्छा के खिलाफ कोई कार्य हो सकता है।

**वृषभ** – तरक्की के योग बने हैं। आपके घर और ऑफिस दोनों जगह का माहौल काफी अच्छा रहेगा।

**वृश्चिक** – भाग्य का साथ मिलेगा कारोबार में परिणाम मिलने से आपको भाग्य का साथ मिलेगा।

**मिथुन** – आज भाग्यशाली योग बना है और आपको नौकरी में मनचाही तरक्की हासिल होगी।

**धनु** – आज करियर में भाग्य का साथ मिलेगा और आपकी सभी योजनाएं सफल होंगी।

**कर्क** – यात्रा के योग बने हैं। ऑफिस या फिर कारोबार के काम से आपको बाहर जाना पड़ सकता है।

**मकर** – करियर के मामले में लाभ होगा और आपकी मान, प्रतिष्ठा में वृद्धि होने से मन काफी प्रसन्न रहेगा।

**सिंह** – आज भाग्य साथ दे रहा है और आपको सफलता मिलने से पूरे दिन प्रसन्नता का अनुभव होगा।

**कुंभ** – मामले में लाभ होगा और कार्यक्षेत्र में अतिरिक्त जिम्मेदारी और धार्मिक कार्य में व्यस्तता बढ़ेगी।

**कन्या** – भाग्य का साथ मिलेगा और मन काफी प्रसन्न होगा। कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**मीन** – दिन सफलता से भरा होगा। धर्म-कर्म के प्रति आस्था बढ़ेगी। संपत्ति के मामले में लाभ होगा।

## राजकाज

### झारखंड में एनडीए की सीटों का बंटवारा इंडिया में खटपट

**रजत की भूमिका फूफा** की तरह झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए एनडीए गठबंधन की सभी सीटों की घोषणा हो गई है।इंडिया गठबंधन के अंदर सीटों के बंटवारे को लेकर आखरी तक कलह बनी रही। झामुमो और कांग्रेस ने साझा प्रेस कांफ्रेंस करके 81 में से 70 सीटों की घोषणा कर दी। इससे राष्ट्रीय जनता दल और कम्युनिस्ट पार्टी बिफर गई है। तेजस्वी यादव ने अपना मुंह फुला लिया है। झारखंड के पिछले विधानसभा चुनाव में राजद को 7 सीट मिली थी। लेकिन एक सीट वह जीत पाई थी। झारखंड में राजग का कोई वजूद नहीं है। जिस तरह शादियों में फूफा अपना मुंह फुलाकर नाराजी व्यक्त करते हैं। वैसे ही राजद ने अपना मुंह फुला लिया है। फूफा जी कैसे मानेंगे। इसको लेकर अब तरह-तरह के यत्न इंडिया गठबंधन में हो रहे हैं।

### लोक निर्माण से किसका लोक कल्याण

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने मध्य प्रदेश में सेमिनार का शुभारंभ किया। सड़क और पुल निर्माण में उभरती हुई नवीनतम प्रवृत्तियां और तकनीकी विषय पर बोलते हुए,उन्होंने कहा लोक निर्माण से ही लोक कल्याण संभव है। लोक निर्माण में जो भी सड़कें बन रही हैं। जनता से टैक्स वसूला जा रहा है। सड़क और पुल बनाने का खर्च और मुनाफा भी जनता से वसूल कर लिया गया। उसके बाद भी टैक्स की वसूली जारी है। मध्य प्रदेश की सड़कें एक बार फिर दिग्विजय सिंह के शासनकाल की याद दिलाने लगी हैं। सड़क बनती है, 1 साल के अंदर ही खराब हो जाती है।

## कार्टून कोना





### आज का इतिहास

1586 स्काट्स रानी मेरी की मौत की सजा सुनाई गयी। 1794 फ्रांस के खिलाफ युद्ध से रूस हट गया। 1874 ब्रिटेन ने फिजी द्वीप पर कब्जा किया। 1938 लीबिया इटली का हिस्सा बना। 1956 मिस्त्र जार्डन और सीरिया ने एकीकृत सैन्य कमान का गठन किया। 1964 अवाडी कारखाने में निर्मित टैंक का नामकरण विजयंत के रूप में किया गया। 1966 इंडोनेशिया के विदेश मंत्री सुबांद्रियो को मौत की सजा सुनाई गयी। 1977 राष्ट्रसंघ ने चीन को सदस्य बनाया। 1986 भारतीय शांति सेना ने उत्तरी श्रीलंका में जाफना शहर पर पूरी तरह से कब्जा किया। 1989 सोवियत संघ के केंद्रीय बैंक ने रूबल के अवमूल्यन की घोषणा की। 1994 कजाक गणराज्य ने सोवियत संघ से अलग होने का ऐलान किया। 1993 इसरायल ने एक समझौते के तहत 'फलीस्तीनी बंदियों की रिहाई शुरू।

## दैनिक पंचांग

**25 अक्टूबर 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | तुला में | वृश्चिक | 07.45 ब.से |
| चंद्र | कर्क में | धनु | 10.01 बजे से |
| मंगल | कर्क में | मकर | 12.06 बजे से |
| बुध | तुला में | कुंभ | 13.53 बजे से |
| गुरु | वृष में | मीन | 15.26 बजे से |
| शुक्र | वृश्चिक में | मेष | 16.56 बजे से |
| शनि | कुंभ में | वृष | 18.36 बजे से |
| राहु | मीन में | मिथुन | 20.34 बजे से |
| केतु | कन्या में | कर्क | 22.48 बजे से |
| राहुकाल | | सिंह | 01.04 बजे से |
| 10.30 से | | कन्या | 03.16 बजे से |
| 12.00 बजे तक | | तुला | 05.26 बजे से |

**शुक्रवार** 2024 वर्ष का 299 वां दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** शरद। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** कार्तिक (दक्षिण भारत में आश्विन) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** नवमी 03.23 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** पुष्य 07.40 बजे को समाप्त। **योग** शुभ 02.26 बजे रात्र को समाप्त। **करण** तैतिल 14.36 बजे तदनन्तर गर 03.23 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 22.2 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 12° 11' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872143 **जूलियन दिन** 2460608.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2550 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** रवि उस्सानी **तारीख** 21

| दिन का चौघड़िया | | | | रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से | 07.23 बजे तक | | रोग | 05.38 से | 07.1 बजे तक | |
| लाभ | 07.23 से | 08.51 बजे तक | | काल | 07.11 से | 08.43 बजे तक | |
| अमृत | 08.51 से | 10.19 बजे तक | | लाभ | 08.43 से | 10.15 बजे तक | |
| काल | 10.19 से | 11.47 बजे तक | | उद्वेग | 10.15 से | 11.47 बजे तक | |
| शुभ | 11.47 से | 01.15 बजे तक | | शुभ | 11.47 से | 01.19 बजे तक | |
| रोग | 01.15 से | 02.43 बजे तक | | अमृत | 01.19 से | 02.51 बजे तक | |
| उद्वेग | 02.43 से | 04.10 बजे तक | | चर | 02.51 से | 04.23 बजे तक | |
| चर | 04.10 से | 05.38 बजे तक | | रोग | 04.23 से | 05.55 बजे तक | |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### मतदाता जागरूकता को लेकर चित्रांकन प्रतियोगिता आयोजित



**नाला (एप्र)।** स्वीप कार्यक्रम के तहत नाला प्रखंड क्षेत्र के नाला इंटर कॉलेज सहित विभिन्न विद्यालयों में छात्राओं के बीच चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जानकारी हो कि विधानसभा निर्वाचन के मद्देनजर सशक्त लोकतंत्र के निर्माण को लेकर भावी मतदाताओं तथा मतदाताओं के बीच मतदान की महत्ता को लेकर छात्र-छात्राओं के बीच चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चित्रांकन प्रतियोगिता में सशक्त लोकतंत्र निर्माण तथा मतदान को लेकर विभिन्न आकृतियां बनाई गई तथा लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर प्लस टू हाई स्कूल नाला, इंटर कॉलेज नाला, उत्क्रमित उच्च विद्यालय कालीपहाड़ी, कास्ता, उत्क्रमित उच्च विद्यालय पंजूनिया आदि विद्यालयों में चित्रांकन प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस अवसर पर निर्वाचन कार्यालय के पदाधिकारी, विद्यालय के प्रधानाध्यापक, सहायक शिक्षक एवं अन्य शिक्षकेतर कर्मी मौजूद थे।

### लोगों को दिया गया भयमुक्त मतदान करने का संदेश



**नाला (एप्र)।** विधानसभा चुनाव को लेकर गुरुवार को आईटीबीपी 603 अल्फा कंपनी के द्वारा एरिया डोमिनेशन तथा फ्लैग मार्च किया। इस दौरान सुरक्षा बलों के द्वारा विभिन्न बूथों का निरीक्षण कर सुरक्षा के विभिन्न आयामों को देखा गया। सुरक्षा बलों तथा पुलिस पदाधिकारियों ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय बादलपुर, राजकीय कृत मध्य विद्यालय टेसजुड़िया, उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुंजबना आदि मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। साथ ही लोगों को भय मुक्त वातावरण में मतदान करने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर नाला थाना के एएसआई संजय गहलोत तथा आइटीबीपी के पदाधिकारी एवं जवान मौजूद थे।

### मतदाताओं को मतदान करने हेतु किया गया जागरूक




**जामताड़ा (एप्र)।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सह सचिव मंत्रिमंडल विभाग झारखंड एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कुमुद सहाय के निदेशानुसार विधानसभा आम चुनाव के निमित्त मतदाता जागरूकता के तहत विगत चुनाव में न्यूनतम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केंद्रों में विशेष रूप से वीआर एलईडी स्क्रीन युक्त मतदाता जागरूकता वाहन के माध्यम से प्रचार किया जा रहा है। गुरुवार को इसी क्रम में फतेहपुर प्रखंड के ताराबाद, भूरुंडीहा एवं कोयलभाषा गांव में वीआर एलईडी स्क्रीन यंत्र युक्त जागरूकता वैन में हेड माउंटेड डिस्प्ले वीआर बाक्स के माध्यम से आमजन वर्चुअल रियलटी में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी वीडियो दिखाया गया एवं पंपलेट के माध्यम से मतदाताओं को आगामी 20 नवंबर को मतदान करने हेतु जागरूक किया गया।

### बीयू, सीयू एवं वीवीपैट का प्रथम रेंडमाइजेशन संपन्न



**जामताड़ा (एप्र)।** गुरुवार को एनआईसी वीडियो कांफ्रेंसिंग सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त जामताड़ा कुमुद सहाय की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में विधानसभा आम निर्वाचन के निमित्त बीयू, सीयू एवं वीवीपैट का प्रथम रेंडमाइजेशन किया गया। जिसमें विधानसभा आम निर्वाचन के निमित्त बीयू एवं सीयू 120 प्रतिशत एवं वीवीपैट 130 प्रतिशत पर प्रथम रेंडमाइजेशन संपन्न हुआ। मौके पर उप विकास आयुक्त निरंजन कुमार, परियोजना निदेशक आईटीडीए जुगनू मिंज, अपर समाहर्ता पूनम कच्छप, अनुमंडल पदाधिकारी अनंत कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी विजय कुमार, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी संतोष कुमार घोष सहित अन्य उपस्थित रहे।

### झामुमो प्रत्याशी रबीन्द्रनाथ महतो ने किया नामांकन, कहा

# राज्य में फिर से बन रही महागठबंधन की सरकार



**कुंडहित (एप्र)।** गुरुवार को नाला विधानसभा क्षेत्र के झामुमो प्रत्याशी रबीन्द्रनाथ महतो ने हजारों समर्थकों के साथ नामांकन दाखिल करने पहुंचे। झामुमो प्रत्याशी रविंद्र नाथ महतो के नामांकन दाखिल कार्यक्रम को लेकर नाला विधानसभा क्षेत्र के नाला, कुंडहित एवं फतेहपुर प्रखंड क्षेत्र से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता एवं समर्थकों पहुंचे। सभी कार्यकर्त्ताओं एवं समर्थकों ने अजय नदी सतसाल घाट के सामने एकत्रित होकर गाजे बाजे के साथ जिला परिषद कार्यालय पहुंचे। जानकारी हो कि नाला विधानसभा क्षेत्र में प्रतिदिन विभिन्न राजनीतिक पार्टी के कई सदस्य पार्टी छोड़कर झामुमो में शामिल हो रहे हैं। इस दौरान रविंद्र नाथ महतो ने कहा कि फिर से राज्य में महागठबंधन की सरकार बन रही है, जनता भाजपा को नकार चुकी है। इस बार पूरे झारखंड हेमंत सोरेन की सरकार बनेगी और जनता को विकास ही विकास देखने को मिलेगा। मौके पर नाला, कुंडहित एंव फतेहपुर प्रखंड के हजारों कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित थे।

## स्कूटी की डिक्की से पकड़ा गया 9.76 लाख कैश



**मिहिजाम (एप्र)।** मिहिजाम की पुलिस ने वाहन जांच के दौरान 9.76 लाख रुपया कैश पकड़ा है। मिहिजाम की पुलिस यह रुपया वाहन जांच के दौरान पकड़ा है। इसी क्रम में थाना मोड़ के आगे कुछ ही दूरी पर एक स्कूटी दुपहिया वाहन की जांच की गई। जहां उसके डिक्की से कैश बरामद किया गया। तत्पश्चात पकड़े गए रूपए को मिहिजाम थाना लाया गया। जहां रुपए की गिनती की गई। बताते चले कि विधानसभा चुनाव के मद्देनजर नजर जामताड़ा जिला में अब तक इतनी बड़ी मात्रा में कैश पकड़ाने का यह पहला मामला है। मिहिजाम थाना प्रभारी विवेकानंद दुबे खुद ही अपने दल बल के साथ वाहन चेकिंग में जुटे थे। जहां इतनी बड़ी मात्रा में कैश बरामद किया गया है। वहीं इस बाबत एफ एसटी की टीम मिहिजाम थाना पहुंच कर पकड़े गए रूपये की कागजात बनाने में जुटी है। पकड़े गया रकम कहां से कहां लेकर जाया जा रहा था, इसके सत्यापन को लेकर कागजात की मांग की गई है।

## सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी ने किया बूथों का निरीक्षण



**नारायणपुर (एप्र)।** जामताड़ा विधानसभा चुनाव को निष्पक्ष एवं शांति तरीके से सफल बनाने को लेकर सीओ सह सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी देवराज गुप्ता ने गुरुवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय घाटी पांडेडीह, सिंदूरी मध्य विद्यालय एवं डोकीडीह में मध्य विद्यालय, मध्य विद्यालय में बने बूथों का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि द्वितीय चरण का चुनाव 20 नवंबर को होना है। चुनाव को शांतिपूर्वक सफल बनाने तथा मतदाताओं की सुरक्षा के लिए मिलिट्री फोर्स तैनात रहेंगे। इन मिलिट्री फोर्स की सुविधा के लिए आज बिजली, पानी, शौचालय, रेम्प आदि का निरीक्षण किया गया। मौके पर बीपीआरओ राजेन्द्र प्रसाद सिंह, कप्यूटर ऑपरेटर मनोज कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## प्रत्याशियों के नामांकन में पत्रकारों की बनती रही हाजरी




**जामताड़ा (एप्र)।** जामताड़ा में द्वितीय चरण के नामांकन के दौरान खबर कभरेज करने आए पत्रकारों की हाजरी लग गई। मामला जामताड़ा से विधायक और कांग्रेस प्रत्याशी इरफान अंसारी के नामांकन के दौरान हुई। जामताड़ा अनुमंडल कार्यालय में अनुमंडलाधिकारी सह रिटर्निंग ऑफिसर अनंत कुमार के कार्यालय में जामताड़ा से कांग्रेस प्रत्याशी इरफान अंसारी का नामांकन हो रहा था। नामांकन के कवरेज के लिए जामताड़ा जिले के पत्रकार वहां मौजूद थे। इसी बीच मौके पर मौजूद सहायक निवार्ची पदाधिकारी सह बीडीओ करमाटांड़ नुपुर कुमारी ने उपस्थित पत्रकारों से परिचय पत्र मांगते हुए कैंपस को खाली करने कहा कभरेज के लिए आए पत्रकारों ने इसका विरोध किया तो गुस्से से तमतमाए मैडम ने सूचना और जन संपर्क विभाग से पत्रकारों की सूची मंगाकर अपने कर्मचारियों से हाजरी लगानी शुरू कर दी। उसके बाद पत्रकारों ने इसका विरोध किया और तत्काल इसकी सूचना अनुमंडल पदाधिकारी सह निर्वाचित पदाधिकारी आनंद कुमार को दी, उन्होंने तत्काल मीडिया कर्मियों से बात कर इस पर खेद प्रकट किया और कहा कि कार्रवाई की जाएगी। पूरे मामले को लेकर जामताड़ा प्रेस क्लब के अध्यक्ष राजकिशोर सिंह ने कहा कि जिला प्रशासन पत्रकारों को समाचार संकलन से रोक रही है। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि प्रशासन सरकार के दबाव में पत्रकारों को चुनाव कार्यो से दूर रखना चाहती है। मौके पर पत्रकार राणा प्रताप सिंह, देवाशीष भारती, उमेश कुमार, अजीत कुमार, देवेश कुमार, उज्जवल सिंह, रणजीत तिवारी, आरिफ हुसैन, पंकज सिंहा, योगेश कुमार, चंदन सिंह, दीनबंधु राऊत, सुमन भट्टाचार्य आदि उपस्थित थे।

## आग लग जाने से पूरा पोल्ट्री फार्म जलकर राख, लाखों का हुआ नुकसान



**नाला (एप्र)।** बीते देर रात नाला प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत गोदापियाल गांव में एक व्यक्ति के पोल्ट्री फार्म में आग लग गई। पीड़ित प्रदीप कुमार मंडल ने बताया कि रात 12 बजे तक वे लोग अपने पोल्ट्री फार्म में थे। फिर गांव स्थित अपने घर चले गए। सुबह पोल्ट्री फार्म आकर देखा तो पूरा पोल्ट्री फार्म जलकर राख हो गया था और वहां केवल आग की लपटे और धुआं ही धुआं दिख रहा था। हालांकि आनन फानन में ग्रामीणों के सहयोग से आग बुझाया गया परंतु तब तक काफी देर हो चुकी थी। पीड़ित ने बताया कि किसी अज्ञात लोगों के द्वारा इस घटना को अंजाम दिया गया है। घटना के कारणों का पता नहीं चल पाया है। उन्होंने बताया कि इस घटना में इलेक्ट्रॉनिक सामान, एड्वेस्टर्स, ऑटो ड्रिंक, जल लाइन पम्प सहित कई सामग्री जलकर राख हो गया। पोल्ट्री फार्म में रखे खाद्यान्न सामग्री भी जल गई। पीड़ित ने इस घटना में करीब ढाई लाख की संपत्ति जल जाने की बात कही है।

## चक्रवाती तूफान ने बढ़ाई किसानों की चिंता, फसल बर्बाद होने की आशंका

**कुंडहित (एप्र)।** कुंडहित प्रखंड क्षेत्र में हो रही हल्की बारिश तथा हवा चलने के कारण खेतों में लगे धान के पौधे तथा सब्जी नुकसान होने की आशंका से किसान चिंतित है। बंगाल की खाड़ी में उठा चक्रवाती तूफान दाना तेजी से बढ़ रहा है। तूफान का बहारी हिस्सा ओड़िशा के तट तक पहुंच चुका है। इसकी वजह से गुरुवार सुबह से कुंडहित में बारिश शुरू हो गई है। मौसम विभाग के अनुसार तूफान का सबसे ज्यादा असर ओडिशा पर पड़ेगा। वहीं झारखंड के करीब आधे हिस्से में इसका बहुत ज्यादा प्रभाव देखने को मिलेगा। इसे लेकर कुंडहित प्रखंड प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है, लेकिन सब्जी तथा धान की खेती करने वाले किसान काफी चिंतित है, क्योंकि तेज हवा चलने के कारण धान की फसल खेत में गिर जाएंगा तथा सब्जी खेत में ही नष्ट हो जायेगी। उल्लेखनीय है कि चक्रवाती तूफान दाना के 24 अक्टूबर की सुबह तक बंगाल की खाड़ी में गंभीर तूफान में बदलने की आशंका जताई जा रही थी। यह 24 अक्टूबर की रात से 25 अक्टूबर की सुबह तक कभी भी ओड़िशा के तट से टकरा सकता है। इस दौरान हवा की रफ्तार 120 किमी प्रति घंटे तक हो सकती है।

## कांग्रेस प्रत्याशी इरफान अंसारी ने दाखिल किया नामांकन



**जामताड़ा (एप्र)।** झारखंड विधानसभा चुनाव की नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इसी कड़ी में गुरुवार को जामताड़ा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में इरफान अंसारी ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। अपने समर्थकों के साथ कोर्ट रोड स्थित आवास से वे पूरे तामझाम के साथ अनुमंडल कोर्ट परिसर पहुंचे। उसके बाद ईसीआई का गाइडलाइन फॉलो करते हुए चार लोगों के साथ नामांकन दाखिल करने अनुमंडल पदाधिकारी

**➲ 3.50 करोड़ की संपत्ति के हैं मालिक**

अनंत कुमार के कार्यालय पहुंचे। जहां दो सेट में उन्होंने नामांकन दाखिल किया। नामांकन प्रपत्र में उन्होंने अपनी संपत्ति और उनके उपर दर्ज मुकदमे का भी जिक्र किया है। जिसमें बताया गया कि इरफान अंसारी के विरुद्ध कुल चार मामले दर्ज है, जो न्यायालय में विचाराधीन है। वही संपत्ति का जायजा देते हुए उन्होंने बताया कि उनके पास कुल चल और अचल संपत्ति 3.41 करोड़ रुपए की है। बता दे कि वर्ष 2019 और वर्ष 2024 के बीच उनकी कमाई 75.27 लाख रुपए बढ़ी है। वर्ष 2019 में उनकी कुल संपत्ति 2.66 करोड़ रुपए थी। जिसमें जमीन, मकान, फिक्स डिपाजिट, इत्यादि शामिल है। नामांकन के बाद उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए जीत का दावा किया और कहा कि बोरो प्रत्याशी को जामताड़ा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा ने खड़ा किया है।

# 11 वर्ष बीत जाने के बाद भी नहीं मिला सड़क भूमि अधिग्रहण का मुआवजा

### लाभुकों ने वोट बहिष्कार करने का लिया निर्णय



**करमाटांड़ (एप्र)।** 11 वर्ष बीत जाने के बाद भी जामताड़ा लहरजोड़ी मुख्य सड़क भूमि अधिग्रहण का मुआवजा लाभुकों को नहीं मिला है। जिसको लेकर लाभुकों में काफी रोष है। लाभुकों ने बताया कि आगामी 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में मतदान बहिष्कार करेंगे। जानकारी हो कि जामताड़ा लहरजोरी सड़क निर्माण को लेकर कालाझरिया गांव के जमीन अधिग्रहण करने के बावजूद भी लोगों को उनके भूमि एवं भवन का मुआवजा नहीं मिल पाया है। इसको लेकर गुरुवार को ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया। लाभुकों ने मुआवजा नहीं तो वोट नहीं देने की बात कही। ग्रामीणों ने बताया कि लोकसभा चुनाव 2024 में ग्रामीणों द्वारा वोट बहिष्कार को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया था लेकिन प्रशासन द्वारा वोट बहिष्कार नहीं करने की अपील की गई थी। प्रशासन द्वारा कहा गया था कि जल्द ही भूमि अधिकरण का मुआवजा भुगतान कर दिया जाएगा लेकिन प्रशासन द्वारा किसी प्रकार का भुगतान नहीं किया गया अंत में एक बार फिर से ग्रामीण बाध्य होकर वोट बहिष्कार को लेकर गुरुवार को विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने बताया कि वर्ष 2013 में सड़क निर्माण कार्य की प्रक्रिया प्रारंभ हुई। नोटिस के बावजूद हम लोग मुआवजे को लेकर जिला मुख्यालय का चक्कर लगाते लगाते थक चुके हैं। इतना ही नहीं मुआवजे की राशि को लेकर कई बार सड़क जाम तक किया, परंतु आश्वासन के अलावा कुछ भी हाथ नहीं लगा। विभाग पहले लोगों को मुआवजा दिलाए तब हम लोग मतदान करेंगे। कई लोग घर एवं जमीन से बेघर हो चुके हैं इसके बावजूद भी प्रशासन का लाभुकों पर किसी प्रकार का ध्यान नहीं है। ग्रामीणों में सुभाष साह, निरंजन मंडल, मंटू मंडल, सिद्धीक अंसारी, दुलाली दास, तारापदो मंडल, संतो गोराई, सहदेव गोराई, दीपक मंडल, फूलन मंडल, लखन गोराई ने बताया कि हम लोगों के जैसे लगभग 50 लाभुक हैं, जिसको अब तक मुआवजा मुहैया नहीं कराया गया है। जिसमें से कई ऐसे लोग है जिनका भवन एवं जमीन दोनों चले गए हैं। घर से बेघर होने के बावजूद भी किसी तरह की पहल नहीं हुई है।

## अंतर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य टीम ने सीएचसी नारायणपुर का किया निरीक्षण



**नारायणपुर (एप्र)।** जर्मनी के विश्व कुष्ठ रोग नियंत्रण संस्था ने गुरुवार को नारायणपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। टीम में जर्मनी के डॉ ऐड़ोफ, डेमीयन समिति के डॉ एम शिवाकुमार, डॉ सर्वार्थ राय, डॉ गौतम, जामताड़ा सिविल सर्जन डॉक्टर कालिदास मुर्मू शामिल थे। टीम ने कुष्ठ रोग के नियंत्रण को लेकर सीएचसी में किये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों का बारीकी से अवलोकन किया। कुष्ठ रोगियों की पहचान एवं उनके उपचार हेतु स्वास्थ्य विभाग के द्वारा किए गए विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी। इसके अलावा टीम के सदस्य लोधरिया गांव जाकर कुष्ठ रोगियों से मुलाकात भी किया। इस दौरान टीम ने विभाग द्वारा कुष्ठ रोगियों को दी जाने वाले विभिन्न सुविधाओं एवं उपचार के बारे में जानकारी ली। मौके पर एमओआईसी डॉ एके सिंह, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ केदार महतो,बीएम मुकेश कुमार समेत अन्य लोग मौजूद थे।

हिन्दी दैनिक
श्वेत पत्र
आपकी बात सच के साथ
देवघर, शुक्रवार, 25 अक्टूबर, 2024



# राजमहल विस से झामुमो प्रत्याशी के रूप में एमटी राजा, भाजपा से अनंत ओझा व निर्दलीय प्रत्याशी सुनील यादव ने किया नामांकन







**राजमहल (एप्र)।** आगामी विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर झारखंड में राजनीतिक दृष्टिकोण से गुरुवार का दिन काफी गहमा-गहमी वाला रहा। विधानसभा चुनाव को लेकर नामांकन प्रक्रिया के तहत गुरुवार को राजमहल 01 विधानसभा से झामुमों प्रत्याशी के रूप में मोहम्मद ताजुद्दीन शेख उर्फ एमटी राजा पिता मोहम्मद माउनुद्दीन एवं भाजपा प्रत्याशी के रूप में तिसरी बार पुनः अनंत कुमार ओझा पिता निवास ओझा एवं निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में सुनील यादव पिता पशुपति यादव ने राजमहल निवार्ची पदाधिकारी कपिल कुमार के समक्ष अपना नामांकन दाखिल किया। वहीं नामांकन के पश्चात विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के प्रत्याशियों ने पत्रकारों से मुखातिब होते हुए कई महत्वपूर्ण बातें बताई। नामांकन के लिए आ रहे प्रत्याशियों ने अपनी राजनीतिक शक्ति का प्रदर्शन भी किया। नामांकन के दौरान उमड़ी भारी भीड़ से एक और जहां प्रत्याशी गदगद नजर आए तो वहीं दूसरी और उनके समर्थक अभी से ही जीत का दावा करने लगे हैं।

**हेमंत सोरेन की सरकार दोबारा आएगी सत्ता में : एमटी राजा**

राजमहल विधानसभा क्षेत्र से झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी एमटी राजा ने गुरुवार को राजमहल अनुमंडल कार्यालय में अपना नामांकन दाखिल किया। इस दौरान उन्होंने दावा किया कि हेमंत सोरेन की सरकार दोबारा सत्ता में लौटेगी। नामांकन दाखिल करने के पश्चात पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार ने जिस तरह झारखंड के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं, इसलिए जनता एक बार फिर से राज्य में हेमंत सोरेन की सरकार बनाएगी। इसके अतिरिक्त उन्होंने कहा कि राजमहल विधानसभा क्षेत्र में झारखंड मुक्ति मोर्चा की अबकी जीत निश्चित है।

**रिश्ते को कई सालों से जनता सींच रही हैं : अनंत ओझा**

राजमहल विधानसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार अनंत कुमार ओझा ने गुरुवार को राजमहल अनुमंडल कार्यालय में नामांकन दाखिल किया। नामांकन दाखिल के उपरांत उन्होंने कहा की इलाके की जनता से उनका पुराना नाता है इस रिश्ते को सभी जनता कई सालों से सींच रहे हैं। उन्होंने जो काम किए हैं, वो मील के पत्थर हैं। इसके अतिरिक्त उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन वाली जेएमएम सरकार में लूट-खसोट और झूठे प्रचार के अलावा कुछ नहीं हुआ। विधायक अनंत ओझा ने कहा उनका जनता से रिश्ता है और उन्हें पूरा यकीन है कि एक बार फिर जनता उनके समर्थन में वोट कर जीत दिलाएगा।

**मौका मिला तो राज्य में बहेगी विकास की गंगा : सुनील यादव**

झारखंड के राजमहल विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन करने पहुंचे सुनील यादव ने बताया कि यहां के लोगों की जो मूलभूत समस्याएं हैं, उसका समाधान आज तक जो नहीं हो पाया उसे हर हाल में पूरा किया जाएगा। क्षेत्र का जो विकास होना चाहिए, वह अधूरा है। अगर जनता अपना समर्थन देती है तो क्षेत्र के सर्वांगीण विकास में कोई कसर नहीं छोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा मुझे जनता ने आशीर्वाद देकर जिला परिषद उपाध्यक्ष बनाया, अब क्षेत्र की जनता ही मुझे विधायक के रूप में देखना चाह रही है ताकि अब तक जो विकास से क्षेत्र की जनता कोसों दूर रहें हैं, उन्हें समय पर जनता तक पहुंचाया जा सकें।

## एक नजर

### दूसरे सेट में नामांकन के दिन होगी विशाल जनसभा: अजहर इस्लाम



**पाकुड़ (एप्र)।** आजसू नेता अजहर इस्लाम ने बुधवार को नामांकन दाखिल किया था। अगली तिथि में भी जल्द दोबारा नामांकन करेंगे। अजहर इस्लाम दूसरे सेट का भी नामांकन करेंगे। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में कागजी प्रक्रिया को दुरुस्त रखने के लिए एक सेट का नामांकन हुआ है। आजसू कार्यकताओं और समर्थकों के साथ दूसरे सेट का भी नामांकन करेंगे। इस दिन पार्टी के तमाम पदाधिकारी मौजूद होंगे। इस अवसर पर विशाल जनसभा का आयोजन भी किया जाएगा।

### विस चुनाव के मद्देनजर पुलिस ने चलाया सघन वाहन जांच अभियान

**उधवा (एप्र)।** आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए राधानगर थाना प्रभारी नितेश कुमार पांडेय ने गुरुवार को सघन वाहन जांच अभियान चलाया। चुनाव प्रभावित न हो इस पर पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार जीवी वाहन जांच अभियान चला रही है। क्रम में राधानगर थाना क्षेत्र के दक्षिण सरफराजगंज पंचायत अंतर्गत इंग्लिश बाजार में पुलिस ने वाहन जांच अभियान चलाया। इस दौरान सड़क पर आवाजाही कर रहे दर्जनों वाहनों को पुलिस बलों के द्वारा रोककर वाहनों और यात्रियों के बैग की तलाशी ली गई। वाहन जांच में रजिस्ट्रेशन, इंश्योरेंस, धुआं, परमिट, हेलमेट, डिक्की, ड्राइविंग लाइसेंस सहित अन्य कागजातों की जांच की गई। हालाकी इस बीच किसी भी वाहन से संदेहास्पद सामग्री बरामद नही हुई। थाना प्रभारी नितेश कुमार पांडेय ने बताया कि विधानसभा चुनाव को लेकर क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने के उद्देश्य से प्रतिदिन सघन वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में अपराधिक गतिविधियों पर सूत्रों के माध्यम से नजर रखी जा रही है। क्षेत्र में शांति व्यवस्था में खलल डालने वाले ऐसे लोगों पर पुलिस की पैनी नजर है। ऐसे लोगों को बख्शा नहीं जायेगा। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि चुनाव के दौरान शांति और सुरक्षा बनाए रखने में पुलिस की सहयोग करें। वाहन जांच अभियान में राधानगर थाना प्रभारी नितेश कुमार पांडेय,एसआई सब इंस्पेक्टर हसनैन अंसारी सहित अन्य मौजूद थे।

### कान्यकुबज ब्राह्मण महासभा ने राज्यपाल को सौपा मांग पत्र



**रांची।** कान्यकुबज ब्राह्मण महासभा का एक प्रतिनिधिमंडल सभा के संयोजक मनोज कुमार पांडेय के साथ राज्यपाल संतोष गंगवार से मिला। जहां पर प्रतिनिधि मंडल ने नाम सुत्री मांग पत्र सौपा। इसमें राज्य में कान्यकुब्ज ब्राह्मणों की संख्या लगभग 4 लाख के करीब है। जिसमें बहुत सारे ब्राह्मणों की स्थिति काफी कमजोर है। सिर्फ पूजा-पाठ मंदिरों में पुजारियों कं तौर पर कार्यकर किसी तरह अपने और अपने परिवार की जीविका चलाते हैं। इनकी जनसंख्या के आधार पर समाजिक एवं आर्थिक रुप से कमजोर ब्राह्मणों का सर्वे कराकर सरकारी, अर्धसरकारी नौकरियों में आरक्षण देनें, अक्षय तृतिया पर सरकारी छुट्टी की घोषणा करनें की मांग की। भगवान परशुराम विवि की स्थापना किया जाए, प्रदेश में स्थित आठ मंदिर, मठ की जमीन का नामांतरण संबंधित मठ, मंदिर के नाम से किया जाय, बहरी जिला निवासी देवदत्त पांडेय के चार वर्षिय पुत्र सक्षम पांडेय की इलाज के दौरान रानी चिलड्रेन अस्पताल में हुई मौत की जांच सीबीआई से कराने की मांग की गई। अन्य जातियों की तरह समाज के बेरोजगार युवक, युवतियों को बेरोजगारी भत्ता दिया जाए। प्रतिनिधिमंडल में विपिन कुमार पांडेय, ललीता ओझा, अरविंद कुमार झा शामिल थे।

## एसडीपीआई से हंजिला शेख होंगे प्रत्याशी विकास के मुद्दों पर लड़ेंगे चुनावः डॉ महबूब शरीफ




**पाकुड़ (एप्र)।** सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया (एसडीपीआई) से जिला परिषद सदस्य हंजिला शेख पाकुड़ विधानसभा सीट से प्रत्याशी होंगे। पार्टी के राष्ट्रीय कार्य समिति सदस्य डॉ महबूब शरीफ ने गुरुवार को इसकी घोषणा की। डॉ शरीफ शहर के एक होटल में प्रेस वार्ता में प्रत्याशी की घोषणा करते हुए मीडिया के साथ अपनी बातें रखी। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी महाराष्ट्र और झारखंड दोनों राज्य से चुनाव लड़ने जा रही है। झारखंड में पाकुड़ विधानसभा सीट से प्रत्याशी को लेकर मंथन चल रहा था। इस बीच हमने कई लोगों से बातें की। पार्टी संगठन और आम जनता के बीच जाकर भी बातों को सुना। जिसमें सभी ने हंजिला शेख का नाम लिया और उनके कार्यों की प्रशंसा की। जिसके बाद हंजिला शेख को एसडीपीआई का प्रत्याशी बनाने का निर्णय लिया गया। डॉ महबूब शरीफ ने कहा कि हंजिला शेख पंचायत चुनाव में जिला परिषद सदस्य के पद पर चुनाव लड़े और उन्होंने कामयाबी भी हासिल की। इस पद पर रहते हुए उन्होंने आम जनता के लिए काम किया। अपने स्तर से भी लोगों के सुख-दुख में खड़े रहे और उनके जरूरतों पर काम करके दिखाया। उन्होंने कहा कि हम जनता के बीच शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी जरूरत और बुनियादी मुद्दों को लेकर जाएंगे। यहां शिक्षा व्यवस्था की हालत बेहद ही खराब है। पूरे जिले में बच्चों के लिए एक यूनिवर्सिटी भी नहीं है। यहां स्वास्थ्य की जो हालात है, वह भी अच्छी नहीं है। पाकुड़ में तो एक इंडस्ट्रीज भी नहीं है। उन्होंने कहा कि एसडीपीआई के प्रत्याशी हंजिला शेख कार्यकताओं के साथ मिलकर चुनाव जीतने का काम करेंगे। मौके पर झारखंड प्रभारी अब्दुल सलाम, जिला अध्यक्ष अमीर हमजा, प्रदेश कार्य समिति सदस्य अवेदुर रहमान, विधानसभा अध्यक्ष मोसा शेख, अधिवक्ता हक साहब, अब्दुल शेख, जिला महासचिव अब्दुल हन्नान आदि मौजूद थे।

## पुलिस ने अवैध महुआ शराब लदा बाइक किया जब्त

**नाला (एप्र)।** नाला पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गस्ती के दौरान नलहाटी के समीप कास्ता जाने वाली रोड में महुआ शराब से लदा एक मोटरसाइकिल जप्त किया है बताया जाता है कि पुलिस को देखते ही कारोबारी मोटरसाइकिल छोड़कर जंगल झाड़ी का फायदा उठाकर भाग गया। उक्त मोटरसाइकिल में 40 लीटर महुआ शराब लदा हुआ है इस संबंध में थाना प्रभारी प्रदीप राणा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रकार का छापामारी निरंतर जारी रहेगी इस संबंध में अज्ञात के विरुद्ध कांड संख्या 98/24 दर्ज की गई है बताया जाता है कि मोटरसाइकिल बिना नंबर का है पुलिस द्वारा मामले को लेकर छानबीन की जा रही है।

## सास, बहू, पति सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित



**तालझारी (एप्र)।** स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर सास, बहू, पति सम्मेलन कार्यक्रम गुरुवार को संपन्न हुआ। जानकारी के अनुसार पीएम जनमन कार्यक्रम अंतर्गत पीभीटीजी बहुल्य क्षेत्र में गुरुवार को तालझारी क्षेत्र स्थित बेहड़ा पहाड़ में स्वास्थ्य शिविर कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें सभी पीभीटीजी ग्रामीणों ने स्वास्थ्य जांच के माध्यम से लाभ लिया। साथ ही मिशन परिवार विकास कार्यक्रम अंतर्गत चिकित्सा पदाधिकारी राहुल कुमार राज की अध्यक्षता में सास बहू पति सम्मेलन किया गया। वही इस कार्यक्रम में सम्मिलित होकर ग्रामीणों ने परिवार नियोजन से संबंधित जानकारी हासिल की। इसके अतिरिक्त एचआईवी, एड्स के विषय में चर्चा करते हुए बीटीटी? अबधेश कुमार के द्वारा सभी ग्रामीणों को जागरूक करने का कार्य किया गया। मौके पर सहिया मोनिका टुडू ,एमपीडब्ल्यू विद्या कुमारी ,सहिया पर्यवेक्षक अवधेश कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी राहुल कुमार राज सहित अन्य उपस्थित थें।

## डॉ. अजीत कुमार ने किया जटील आपरेशन

**रांची।** सदर अस्पताल के लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉक्टर अजीत कुमार ने कोलकाता में आयोजित लेप्रोस्कोपिक सर्जन के वर्ल्ड कांफ्रेंस 2024में केस रिपोर्ट प्रेजेंट किया। इसमें 12 वर्षीय एक लड़के के पेट में बाइक की हैंडल घुस गया था। जिससे उसका पेट फट कर लीवर में छेद हो गया था। और उसने जो खाना खाया था वह सारा का सारा उसके पेट के अंदर में फैल गया था। लड़के की उम्र कम थी ,और उसके पास पूरी जिंदगी बची हुई थी, इसलिए हमारी टीम ने सभी जांच कराने के बाद यह प्लान किया लेप्रोस्कोपी विधि से छोटे छेद के द्वारा ऑपरेशन किया जाए ,जिससे उसका पूरा पेट खोलने से बच जाए। यह एक जटिल सर्जरी थी, जिसमें आमतौर पर पूरे पेट को खोलकर ऑपरेशन किया जाता है चुनिंदा अस्पतालों में ही लेप्रोस्कोपिक विधि से इसकी ऑपरेशन होती है। यह ऑपरेशन सक्सेसफुल रहा,और बिना बड़े चींरे के ही वह स्वस्थ होकर घर गया। अगर उसका पेट खोलना पड़ता तो भविष्य में उसको हर्निया एवं आंत फसने का खतरा बना रहता। इस आपरेशन में क्रिटिकल केयर के डॉक्टर कौशल एवं पूरी टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## भाजपा के 32 उम्मीदवारों ने किया नामांकन



**रांची।** भाजपा के 32 उम्मीदवारों ने गुरुवार को नामांकन दाखिल किया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री से लेकर कई राज्यों के मुख्यमंत्री भी मौजूद थे। कोडरमा से डॉ. नीरा यादव, बरकट्ठा से अमित कुमार यादव और बरही से मनोज कुमार यादव ने पर्चा दाखिल किया। चंदनक्यारी से अमर कुमार बाउरी, हजारीबाग से प्रदीप साहू, सिमरिया से उज्ज्वल दास, भवनाथपुर से भानु प्रताप शाही, बहरागोड़ा से डॉ. दिनेशानंद गोस्वामी, घाटशिला से बाबूलाल सोरेन, पोटका से मीरा मुंडा, जमशेदपुर पूर्वी से पूर्णिमा साहू, चाईबासा गीता बालमुचू, मझगांव से बड़कुंवर गगराई, चक्रधरपुर से शशि भूषण शामड, जगन्नाथपुर से गीता कोड़ा, तोरपा से कोचे मुंडा, खूंटी से नीलकंठ सिंह मुंडा, रांची से सीपी सिंह, हटिया से नवीन जायसवाल, कांके से डॉक्टर जीतू चरण राम, मांडर से सन्नी टोप्पो, सिसई से डॉक्टर अरुण उरांव और गुमला से सुदर्शन भगत ने नामांकन किया। इसके अलावा सिमडेगा से श्रद्धानंद बेसरा, कोलेबिरा से सुजान जोजो, लातेहार से प्रकाश राम, डाल्टेनगंज से आलोक कुमार चौरसिया, विश्रामपुर से रामचंद्र चंद्रवंशी, छतरपुर से पुष्पा देवी भुईयां, बड़कागांव से राशन लाल चौधरी, सरायकेला से चंपाई सोरेन और खरसावां से सोनाराम बोदरा ने पर्चा भरा।

**पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के आवासीय कार्यालय में कांग्रेस ने की बैठक**

## आलमगीर आलम के परिवार का जीवन आगे भी आपके लिए समर्पित होगा : तनवीर आलम



**बरहरवा (एप्र)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत इस्लामपुर में गुरुवार को पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के आवासीय प्रांगण में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस कार्यकताओं की एक अहम बैठक आयोजित हुई, कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव तनवीर आलम उपस्थित हुए। वहीं उन्हें पाकुड़ विधानसभा निर्वाचन संख्या 05 क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी की और से उम्मीदवार भी बनाया गया है। बैठक के दौरान श्री आलम ने कार्यकताओं के बीच जोश भरने का कार्य किया। साथ ही सभी कार्यकताओं को बीते 5 साल में महागठबंधन सरकार ने जो भी विकास के प्रति महत्वपूर्ण कार्य किए हैं उन सभी योजनाओं को कार्यकताओं के समक्ष बताया। उन्होंने सभी कार्यकताओं को घर-घर जाकर महागठबंधन द्वारा किए गए कार्य को जनता के समक्ष रखने का दिशा निर्देश दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव ने संबोधित करते हुए कहा कि पिछले 18 सालों में झारखंड पर भाजपा सरकार ने राज की। इतने साल राज करने के बाद भी अभी तक कहीं कोई विकास की छाया नजर नहीं आई। जनता विकास का नाम तक भूल चुकी थी इन 5 सालों में महागठबंधन की सरकार ने कुछ ही साल सही तरीके से काम कर पाया। झारखंड में महागठबंधन की सरकार विकास के कार्य नहीं कर सके, इसके लिए केंद्र सरकार ने हर कदम पर अड़चनें पैदा करने का काम किया, कभी सीबीआई के नाम पर कभी ईडी के नाम पर हमेशा महागठबंधन की सरकार को परेशान करने का काम किया। उन्हें हर संभव काम करने के लिए हमेशा रोका गया ताकि जनता के बीच महागठबंधन सरकार की छवि धूमिल हो सके। आगे उन्होंने कहा आप सभी जनता को यह ज्ञात हो कि पिछले 5 सालों में 2 साल कोरोना से जुझने में समय चला गया बाकी 3 सालों में केंद्र सरकार द्वारा सीबीआई और ईडी के तहत परेशान किया गया। फिर भी महागठबंधन की सरकार ने इन सभी परेशानियों के बीच कार्य किया और मैया सम्मान योजना, बिजली माफी योजना, सर्वजन पेंशन योजना, सड़क, पानी, बिजली जैसी कई योजनाओं को निश्चित तौर पर लोगों के बीच लाने का काम किया। उन्होंने कहा आप सभी क्षेत्रवासियों को घबराने की जरूरत नहीं है, जित तय है, किसी के अफवाह में आने की जरूरत नहीं है। पूर्व मंत्री आलमगीर आलम आप सभी का हमेशा ख्याल रखे हैं और अपना जीवन आप लोगों की सेवा में समर्पित किए हैं और उनके परिवार आगे भी आप लोगों की सेवा में तत्पर तैयार रहेंगे। किसी के अफवाह फैलाने से कुछ होने जाने वाला नहीं है। आप लोगों का साथ और प्यार ही आज कांग्रेस पार्टी को बुलंदी तक ले जाएगा। वहीं कांग्रेस जिलाध्यक्ष बरकत खान ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस खराब मौसम में भी इस बैठक की उपस्थिति अपने नेता के प्रति आप लोगो के प्यार को दरसाता हैं। आपके इस प्यार के लिए हम आप सभी सम्मानित कार्यकताओं का तहे दिल से शुक्रिया अदा करते हैं। कहा कि इस विधानसभा में आप सभी आलमगीर आलम बन कर कार्य करे और अपने प्रत्याशी को भारी मतों से विजयी बनाकर विधानसभा भेजने का काम करें। मौके पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष बरकत खान, अशोक दास, कमल आर्य, मो. नसीरुद्दीन, मुफक्कर हुसैन, गुलाब रब्बानी, रणजीत टुडू,नाबिद अंजुम, मिठुन कुमार मंडल, अनंत लाल भगत, निताय सरकार, मो सफातुल्लाह, रैसुल आलम, सैफ आलम, शाहनवाज नासिर, हीरालाल साह, करीम, नेहाल, प्रमित तिवारी, अब्दुल कादिर, दिलदार, रबीउल इस्लाम, लाडला, मनोज घोष, अभिनेता बबलू यादव,जब्बार ,अश्विनी आनन्द, राजू देश के लिए, भोला महतो, तकरीज आलम सहित सैकड़ों सम्मानित कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थें।

**निष्पक्ष व शांतिपूर्ण विधानसभा आम चुनाव को लेकर**

## डीसी -एसपी ने अंतरर्राज्यीय एवं अंतरजिला चेकपोस्ट का किया औचक निरीक्षण



**पाकुड़(एप्र)।** निष्पक्ष एवं भयमुक्त माहौल में विधानसभा आम चुनाव 2024 के सफल संचालन को लेकर बुधवार देर रात को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मनीष कुमार व पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के द्वारा अन्तरर्राज्यीय चेकपोस्ट ईस्लामपुर, पत्थरघटा एवं अंतरजिला कासीला चेकपोस्ट का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में पाकुड़ व बंगाल को जोड़ने वाली सीमा का निरीक्षण करते हुए सुरक्षा व्यवस्था को लेकर किये गये इंतजामों का जायजा लिया गया। साथ ही अन्तराराज्रीय सीमाओं पर सघन जांच कराने के अलावा विशेष सतर्कता बरतने का निदेश दिया गया। वहीं जांच कार्य में पारदर्शिता बरतते हुए आपतिजनक सामानों की जब्ती सुनिश्चित करने का निदेश संबंधित अधिकारियों व पुलिस पदाधिकारियों को दिया गया। साथ ही सीमावर्ती ईलाकों में आपसी समन्वय के साथ विशेष छापेमारी चलाने का निर्देश दिया गया। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी साईमन मरांडी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पाकुड़ डीएन आजाद, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल कुमार, मुफस्सिल थाना प्रभारी संजीव कुमार झा समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

एक नजर

## पुलिस ने चलाया सघन वाहन जांच अभियान, पांच लोग गिरफ्तार



**जमुई(निंस)।** जिले के खैरा थाना के पुलिस पदाधिकारी द्वारा दिवाली और छठ पूजा के दौरान विधि व्यवस्था और अपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए एसपी चंद्र प्रकाश के दिशा निर्देश पर सघन वाहन जांच चलाया गया। वाहन जांच के दौरान एक मोटरसाइकिल से पुलिस पदाधिकारी द्वारा पेपर की मांग की जाने पर कुछ ऐसा हुआ की पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार करते हुए चोरी का मोटरसाइकिल बेचने वाले गैंग का पदार्फाश कर दिया। बीती 23 अक्टूबर की शाम 7:00 बजे खैरा थाना के पुलिस पदाधिकारी द्वारा सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। सघन वाहन जांच के दौरान पुलिस ने एक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल को जांच के लिए रुकवाया। जब मोटरसाइकिल सवार से पुलिस ने मोटरसाइकिल के पेपर की मांग किया तो मोटरसाइकिल सवार मोटरसाइकिल से संबंधित किसी भी तरह का कागज नहीं दिखा पाया। इसके बाद पुलिस ने जब मोटरसाइकिल सवार से पूछताछ करना शुरू किया तो पता चला कि मोटरसाइकिल सवार ने मोटरसाइकिल को स्थानीय एक गैराज से खरीदा है।पुलिस ने इस मामले में जब गहनता से जांच की तो मोटरसाइकिल चोरी का पाया गया। मामले की गंभीरता और मोटरसाइकिल चोरी में किसी संगठित गिरोह के शामिल होने की संभावना को देखते हुए एसपी चंद्र प्रकाश के दिशा निर्देश पर एसडीपीओ जमुई सतीश सुमन के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। इसके बाद थानाध्यक्ष खैरा द्वारा विशेष टीम के साथ छापामारी करते हुए गैरेज मालिक सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया। गैरेज मलिक के निशानदेही पर कुल 5 चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गई।इस मामले में पुलिस ने खैरा थाना क्षेत्र के रोहित कुमार साह, पिता विनोद कुमार साह,खैरा,चंदन कुमार,पिता संजय शर्मा,ग्राम गरभुआ,कुन्दन कुमार पासवान, पिता- भगवान पासवान,ग्राम- गोपालपुर,उमेश यादव,पिता-मथुरा यादव, ग्राम- डुमरकोला,मनीष यादव,पिता डी०पी० यादव, ग्राम को गिरफ्तार किया है।इस मामले में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए एसडीपीओ सतीश सुमन ने बताया कि इस मामले में आगे पुलिस द्वारा गहनता से अनुसंधान किया जा रहा है। गिरफ्तार आरोपी द्वारा चोरी,लूट की मोटरसाइकिल का रजिस्ट्रेशन नंबर के साथ छेड़छाड़ करके या फिर हटाकर अवैध रूप से बेचा जाता था। जांच में पता चला कि बरामद मोटरसाइकिल के संबंध में पटना के अलग-अलग थाना में कांड दर्ज कराया गया था।बरामद मोटरसाइकिल में एक मोटरसाइकिल के चेचिस नंबर के साथ छेड़छाड़ की गई थी और उस पर टेंपो का नंबर लगाया गया था।

# बड़े वाहनों पर नो एंट्री लगाने की डीएम से मांग



**गिद्धौर/जमुई(निंस)।** गिद्धौर बाजार के दुकानदारों ने दिन में बाजार की तंग सड़कों से बालू लाद कर निकल रहे ट्रकों के आवागमन पर रोक लगाने की मांग डीएम अभिलाषा शर्मा से की है। बता दें कि गिद्धौर बाजार होकर कोल्हुआ, दाबिल,गरसंडा होकर जमुई को जोड़ने वाली बायपास सड़क है। महीनों पूर्व से इस बायपास सड़क पर गिद्धौर बाजार होकर बानपुर, दाबिल, चांगोडीह व कोल्हुआ गांव में बने बालू डंप यार्ड पर सैंकड़ो की संख्या में बालू लादने मालवाहक ट्रक पहुंचते हैं। खनन विभाग और स्थानीय प्रशासन की मिलीभगत से इन्हें खुली छूट भी दे दी गई है कि दिन में हो रहे मालवाहक ट्रकों के परिचालन से गिद्धौर बाजार में पूरे दिन अफरातफरी का माहौल बना रहता है। हर समय बाजार से बालू लाद कर आ जा रहे सैंकड़ो ट्रकों से दुर्घटना की संभावना बनी रहती है, जिसे लेकर अब गिद्धौर बाजार के दुकानदारों ने जमुई डीएम से सुबह नौ बजे से रात के दस बजे तक मालवाहक ट्रको के परिचालन पर नो एंट्री लगाने की मांग की है। गिद्धौर के दुकानदारों में किशन वर्णवाल, राजीव वर्णवाल, प्रकाश मोदी, सुरेश मोदी, पंकज कुमार, गोपाल कुमार, सुखदेव वर्णवाल, सुबोध वर्णवाल, पप्पू कुमार, आरटीआई कार्यकर्ता विमल कुमार मिश्रा सहित अन्य ने कहा कि पिछले दो महीने से जिला प्रशासन से दिन में हो रहे बालू लदे ट्रको के परिचालन पर रोक लगाने की गुहार हम दुकानदारों द्वारा लगाई जा रही है। लेकिन जिला प्रशासन और स्थानीय प्रशासन कान में तेल डाल कर अब तक सोया हुआ है।रोजाना कोल्हुआ बायपास सड़क से बालू लाद कर दिन में हो रहे ट्रकों के परिचालन से गिद्धौर बाजार सहित लॉर्ड मिंटो टावर चौक के समीप जाम ही जाम लगा रहता है।लेकिन अब तक जिला प्रशासन द्वारा इस गंभीर समस्या पर विचार नहीं किया गया है। साथ ही आगे कहा कि विभाग और प्रशासन की आपस में मिलीभगत से बालू लदे ट्रको से मोटी रकम उगाही के चक्कर में दिन में भी बालू ढुलाई के लिए संवेदको को हरी झंडी दे दी गई है। इससे किसी भी वक्त गिद्धौर बाजार में अनियंत्रित बालू लदे ट्रकों के चपेट में आ कर किसी भी वक्त स्थानीय दुकानदार सहित अन्य ग्रामीणों की जान जा सकती है।गिद्धौर के दुकानदारों ने जमुई डीएम अभिलाषा शर्मा से दिन दहाडे बालू लदे ट्रकों के दिन के समय हो रहे परिचालन पर रोक लगाने की मांग की है।

## सुशासन एवं समावेशी विकास प्रोग्राम का आयोजन




**जमुई (निंस)।** बुधवार को 215 बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल एवं मुंगेर जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में जिला मुंगेर के थाना लडैयाटांड़ अंतर्गत सीआरपीएफ कैम्प पैसरा में सिविक एक्सन प्रोग्राम एवं सुशासन एवं समावेशी विकास प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसमें केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलायी जाने वाली विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को सूदूरवर्ती क्षेत्रों के ग्रामीणों को उनके समीपवर्ती क्षेत्र में ही उपलब्ध कराने का सार्थक प्रयास किया गया। जिसमें नक्सल प्रभवित इलाके में रह रहे गरीब,असहाय ग्रामीणों के जीवन यापन में बदलाव लाने तथा उनलोंगो की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए उन्हे पूरा करने के लिए सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत कंबल, मच्छरदानी, साड़ी, बर्तन,फुटबॉल,वॉलीबॉल, हाइजीन का समान, खाने का समान सहित अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री का वितरण किया गया। कैम्प परिसर में उपस्थित स्थानीय ग्रामीणों का चिकित्सा जांच कर उन्हें दवा दिया गया। 215 बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल एवं जिला प्रशासन के संयुक्त प्रयासों का मुख्य उद्देश्य सुदूरवर्ती इलाके में रह रहे ग्रामीणों को उनके अधारभुत समस्याओं को दूर कर आत्मनिर्भर बनाना है एवं इस क्षेत्र के नौजवानों, बुजुर्गों, महिलाओं एवं बच्चों की सरकारी योजनाओं में सहभागिता सुनिश्चित करने की चुनौती को सकार करना है, इसलिए आपलोग निर्भीक हो कर अपना दैनिक कार्य करते रहें और सुरक्षा बलों, जिला प्रशासन का साथ दें। जो भी भटके हुये स्थानीय लोग, नौजवान हैं वो पुनः मुख्यधारा में शामिल होकर सभी प्रकार की सरकारी योजनाओं का लाम उठाएं। इसके अतिरिक्त विभिन्न पदाधिकारीयों के द्वारा आम जनता के साथ सवांद कार्यकम का आयोजन भी किया गया। इस दौरान विभिन्न लोगों ने अपनी समस्याओं को बताया। जिस पर जिलाधिकारी ने सभी की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निपटारा करने का आश्वासन दिया। इसके अलावे संदीप सिंह उपमहानिरीक्षक, केन्द्रीय रिर्जव पुलिस बल रेंज मुजफ्फरपुर,अवनीश कुमार जिलाधिकारी, मुंगेर, सैयद इमरान मसूद पुलिस अधीक्षक, मुंगेर के द्वारा जनता को अवगत कराया गया कि केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, सुरक्षा बल एवं जिला प्रशासन आपकी मदद के लिए है। आप भी आगे बढ़कर हमारी मदद करें जिससे कि इस क्षेत्र में पुनः नक्सल संबंधित समस्यॉए न पनप पाये।

## प्रशासन आपके द्वार शिविर का आयोजन

**खैरा/जमुई(निंस)।** खैरा पंचायत भवन खैरा में गुरुवार को प्रशासन आपके द्वारा शिविर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसमें जमुई के अपर समाहर्ता लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन कुमार चक्रवर्ती, अंचलाधिकारी विश्वजीत कुमार बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सहित कई पदाधिकारी प्रकार के बने प्रत्येक स्टॉल का निरीक्षण किया। स्लॉट में मनरेगा विभाग, बिजली विभाग, कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, स्वच्छता विभाग, राजस्व विभाग जीव का सहित कई स्टाल लगाए गए थे। मौके पर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी रजनीश रमन सिंह, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी महेश कुमार सहित कई लोग मौजूद थे। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि आप लोग शिविर में ही पहुंचकर जो भी समस्या है उसका निदान तुरंत करवा लें। शिविर में आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन, कृषि संबंधी स्वास्थ्य जांच सहित कई प्रकार के स्टॉल लगाया गया है। आप स्टॉल पर पहुंच कर अपने कागजात के साथ अपने काम जल्द से जल्द करवा लें।

# प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम के तहत लगाया गया विशेष शिविर

**बरहट(एप्र)।** गुरुवार को प्रखंड परिसर स्थित पंचायत भवन बरहट में जिलाअधिकारी अभिलाषा शर्मा के निदेर्शानुसार प्रशासन आपके द्वारा कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ जिला पंचायत राज पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी एसके पांडेय, अंचलाधिकारी मयंक अग्रवाल, पंचायत राज पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार पाल, मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी शंभूनथ सुधाकर ने दीप प्रज्वलित कर किया। पश्चात जिला पंचायत राज पदाधिकारी ने सरकार के द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याणकारी योजना हर -घर नल -जल, जॉब कार्ड, राशन कार्ड ,मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना ,मुख्यमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत कार्ड, आंगनवाड़ी, श्रम परिवर्तन के अलावा कई योजनाओं के बारे में लोगों को विस्तार पूर्वक से जानकारी दी तथा लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। वहीं ग्रामीणों ने सड़क, नली, गली, स्वास्थ्य, जनवितरण, शिक्षा, पेयजल, प्रधानमंत्री आवास योजना राशन कार्ड, विकलांग पेंशन, वृद्धा पेंशन सहित अन्य समस्या से पदाधिकारी को अवगत कराया। वहीं पदाधिकारी ने लोगों की समस्याओं से रूबरू होकर समस्या जल्द निवारण हेतु आश्वासन दिए। कार्यक्रम में ऑन द स्पॉट भी सुलझाया गया। मौके पर उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य की सरकार के द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं को लोगों तक पहुंचना है। जिसके लिए आज सभी विभाग के पदाधिकारी सहित कर्मी आपके द्वार तक आए हैं। सरकार द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याणकारी योजना में खाद आपूर्ति, जीविका, स्वास्थ्य, श्रम, बाल विकास, शिक्षा विभाग, आवास योजना सहित कई अलग-अलग काउंटर लगाया गया था। जिसमें ग्रामीण अपनी अपनी समस्याओं को लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों से रूबरू हुए। शिविर में पंचायत के मुखिया जितनी देवी, समाजसेवी बिट्टू यादव के अलावा बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण मौजूद थे। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी एसके पांडे ने बताया कि जिला अधिकारी के निदेर्शानुसार प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम के तहत एक विशेष शिविर आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों से जुड़े दर्जनों आवेदन ग्रामीणों के द्वारा दिया गया। त्वरित कार्रवाई करते हुए दो दर्जन से अधिक आवेदनों का जांचों उपरांत निपटारा किया गया। उन्होंने कहा कि निर्धारित तिथि के अनुसार प्रखंड के सभी पंचायत में प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें अधिक से अधिक पंचायत के लोग आकर शिविर का लाभ उठाएं।

## अज्ञात वाहन के धक्के से छात्र घायल



**सोनो।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत औरैया गांव निवासी कैलाश दास के पुत्र राजकुमार गुरुवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय औयेरा से पढ़ाई कर अपने घर जाने के क्रम में अज्ञात वाहन के धक्के से गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय थाना की पुलिस ने घायल छात्र को इलाज के लिए सोना उप स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया। जानकारी हो कि आए दीन मुख्य मार्ग पर बच्चों की सड़क हादसे में दर्दनाक घटनाएं देखने को मिल रही है। जबकि मुख्य मार्ग स्थित विद्यालय होने के बाबजूद भी विद्यालय द्वारा सुरक्षा के लिए कोई निगरानी नहीं रखी जाती है। बता दें कि तकरीबन 3 साल पहले डुमरी स्थित विद्यालय में छुट्टी के समय एक छात्र की घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गई थी। छात्र के पिता कैलाश दास और उनकी धर्मपत्नी प्रमिला देवी घटना की सूचना मिलते ही अस्पताल पहुंचे और 112 की पुलिस का धन्यवाद दिया।

## युवक घायल

**खैरा/जमुई निंस।** बड़ीबाग गढ़ी मुख्य मार्ग में गुरुवार दोपहर तेज रफ्तार बाइक असंतुलित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। घटना में बाइक सवार युवक बुरी तरह घायल हो गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची डायल 112 की पुलिस टीम के सहयोग से परिजन द्वारा घायल युवक को इलाज के लिए खैरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। घायल युवक की पहचान गढ़ी थाना क्षेत्र के केतारी बांक गांव निवासी विजय कुमार मोदी के रूप में हुई है। फिलहाल सदर अस्पताल में विजय कुमार मोदी का इलाज चल रहा है। उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

पूर्व रेलवे

**निविदा सूचना सं. : ईएल-50-24, दिनांक 23.10.2024,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (साधारण), पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन- 713301 द्वारा ख्यातिप्राप्त निविदाकारों जिनके पास वैध विद्युत ठेकेदार का लाइसेंस है एवं निम्नलिखित कार्य को पूरा करने में वित्तीय रूप से सक्षम हैं, से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम एवं इसका स्थान:** आसनसोल मंडल -मयूराक्षी नदी स्रोत से दुमका स्टेशन पर वाटर पाइप लाइन कनेक्शन। **निविदा मूल्य :** रु.9,85,679/-, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **बयाना राशि :** रु. 19,700/-, **कार्य के लिए समापन अवधि :** 12 माह। **बंद होने एवं खुलने की तिथि और समय :** दिनांक 18.11.2024 को 11.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है।

ASN-203/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**विधान सभा आम चुनाव, 2024**
**(वाहन कोषांग, गोड्डा)**
**E-Mail Id- vehiclecellgodda@gmail.com**

**-: सूचना :-**

झारखण्ड विधान सभा आम चुनाव 2024 के निमित्त जिला निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देशानुसार गोड्डा जिलान्तर्गत 16-पोड़ैयाहाट विधान सभा क्षेत्र, 17-गोड्डा विधान सभा क्षेत्र, 18-महागामा विधान सभा क्षेत्र में आम चुनाव के निमित्त वाहन कोषांग, गोड्डा के द्वारा वाहनों का अधिग्रहण कार्य किया जा रहा है। उक्त अधियाचित वाहन मालिकों / चालकों को निर्वाचन आयोग के नियमानुसार पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कराने हेतु सभी वाहन मालिकों / चालकों से अनुरोध किया जाता है कि अपने मताधिकार का प्रयोग हेतु मतदान पहचान पत्र (Voter Card) की छायाप्रति निर्वाचन वाहन कोषांग, गोड्डा (जिला परिवहन कार्यालय, गोड्डा) में जमा करने का कष्ट किया जाय, ताकि पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपना मताधिकार का प्रयोग कर सके।

**प्रभारी पदाधिकारी, वाहन कोषांग**
**-सह-जिला परिवहन पदाधिकारी,**
**गोड्डा।**

PR.NO.339476 Election(24-25):D

निर्वाचन

सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतु वृहत्तर सहभागिता।
**विधानसभा आम चुनाव, 2024**
**अत्यावश्यकप्रेक्षक कोषांग, दुमका**
E-mail : **observerdumka@gmail.com**

**सूचना**

विधानसभा आम चुनाव 2024 के संचालन के क्रम में भारत सरकार निर्वाचन आयोग द्वारा 07-शिकारीपाड़ा, 10-दुमका 11-जामा, 12-जरमुण्डी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए श्रीमती नेहा (आई. आर.एस.) को व्यय प्रेक्षक के रूप में प्रतिनियुक्त की गई हे जो **"सिद्धो-कान्हू ब्लॉक उत्तरी-01"** परिसदन, दुमका में आवासित है।

इनसे निम्नांकित पता एवं समय पर संपर्क किया जा सकता है :-

| क्र. सं. | विधानसभा क्षेत्र का नाम | व्यय प्रेक्षक का नाम | संपर्क स्थल | समय | मेल / दूरभाष |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 07-शिकारीपाड़ा 10-दुमका 11-जामा 12-जरमुण्डी | श्रीमती नेहा (आई.आर. एस.) | "सिद्धो-कान्हू ब्लॉक उत्तरी-01" | पूर्वाह्न 10:00 से पूर्वाह्न 11:00 बजे तक प्रतिदिन | observerdumka@gmail.com संपर्क नं. : 9122922326 |

नोडल पदाधिकारी,
प्रेक्षक कोषांग, दुमका

PR 339480 District(24-25)#D

## दिवाली और छठ स्पेशल ट्रेनें

आगामी दिवाली और छठ के अवसर पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को संभालने के लिए, 05 जोड़ी स्पेशल ट्रेनें **आसनसोल और नौतनवा, आसनसोल और कटिहार** एवं **आसनसोल और पटना** के बीच निम्नलिखित संक्षिप्त समयसूची, ठहराव, आवागमन की तिथियों और गठन के अनुसार चलेंगी:-

**03507/03508 आसनसोल-नौतनवा-आसनसोल स्पेशल**

| आसनसोल-नौतनवा स्पेशल | | | (03507) (03508) | नौतनवा-आसनसोल स्पेशल | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिन | आ. | प्र. | स्टेशन | आ. | प्र. | दिन |
| शनि | – | 16.05 | आसनसोल | 01.25 | – | सोम |
| | 17.10 | 17.12 | मधुपुर | 23.35 | 23.37 | रवि |
| | 17.27 | 17.29 | जसीडीह | 23.08 | 23.10 | |
| रवि | 07.35 | – | नौतनवा | – | 08.40 | |

यह स्पेशल ट्रेन दोनों दिशाओं में मार्ग में चित्तरंजन, झाझा, किऊल, बरौनी जं., समस्तीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं, हाजीपुर, छपरा, सीवान जं., भटनी जं., देवरियासदर, गोरखपुर, आनंद नगर स्टेशनों पर भी रुकेगी। **आवागमन के दिन: 03507 आसनसोल से** दिनांक 02.11.2024 (शनिवार) **को और 03508 नौतनवा से** दिनांक 03.11.2024 (रविवार) को। **गठन:** एसी 3-टियर - 04, शयनयान श्रेणी - 07, साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस) -04, एसएलआरडी - 02 = 17 कोच। **कैटेगरी:** मेल/एक्सप्रेस।

**03501/03502 आसनसोल-कटिहार-आसनसोल स्पेशल**

| आसनसोल-कटिहार स्पेशल | | | (03501) (03502) | कटिहार-आसनसोल स्पेशल | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिन | आ. | प्र. | स्टेशन | आ. | प्र. | दिन |
| रवि | – | 14.30 | आसनसोल | 14.45 | – | सोम |
| | 15.35 | 15.37 | मधुपुर | 12.57 | 12.59 | |
| | 16.02 | 16.04 | जसीडीह | 12.30 | 12.32 | |
| सोम | 01.30 | – | कटिहार | – | 04.15 | |

यह स्पेशल ट्रेन दोनों दिशाओं में मार्ग में चित्तरंजन, झाझा, किऊल, बड़हिया, हाथीदा जं., न्यू बरौनी जं., बेगुसराय, साहिबपुर कमाल जं., खगड़िया जं., थाना बिहपुर जं., नौगछिया, कुर्सेला स्टेशनों पर भी रुकेगी। **आवागमन के दिन: 03501 आसनसोल से** दिनांक 03.11.2024 (रविवार) को और **03502 कटिहार से** दिनांक 04.11.2024 (सोमवार) को। **गठन:** एसी 2-टियर - 01, एसी 3-टियर - 04, शयनयान श्रेणी - 11, साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस) -06, एसएलआरडी - 02 = 24 कोच। **कैटेगरी:** मेल/एक्सप्रेस।

**03503/03504 आसनसोल-पटना-आसनसोल स्पेशल**

| आसनसोल-पटना स्पेशल | | | (03503) (03504) | पटना-आसनसोल स्पेशल | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिन | आ. | प्र. | स्टेशन | आ. | प्र. | दिन |
| रवि | – | 13.20 | आसनसोल | 06.15 | – | सोम |
| | 14.27 | 14.29 | मधुपुर | 04.29 | 04.30 | |
| | 14.54 | 14.56 | जसीडीह | 04.02 | 04.04 | |
| | 20.00 | – | पटना | – | 00.05 | |

यह स्पेशल ट्रेन दोनों दिशाओं में मार्ग में चित्तरंजन, जामताड़ा, झाझा, किऊल, मोकामा, बख्तियारपुर, पटना साहेब, राजेंद्र नगर स्टेशनों पर भी रुकेगी। **आवागमन के दिन: 03503 आसनसोल से** दिनांक 03.11.2024 (रविवार) को और **03504 पटना से** दिनांक 04.11.2024 (सोमवार) को। **गठन:** साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस)-08, एसएलआरडी-02=10 कोच। **कैटेगरी:** मेल/एक्सप्रेस।

**03511/03512 आसनसोल-पटना-आसनसोल स्पेशल**

| आसनसोल-पटना स्पेशल | | | (03511) (03512) | पटना-आसनसोल स्पेशल | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिन | आ. | प्र. | स्टेशन | आ. | प्र. | दिन |
| सोम | – | 13.20 | आसनसोल | 06.15 | – | मंगल |
| | 14.27 | 14.29 | मधुपुर | 04.29 | 04.30 | |
| | 14.54 | 14.56 | जसीडीह | 04.02 | 04.04 | |
| | 20.00 | – | पटना | – | 00.05 | |

यह स्पेशल ट्रेन दोनों दिशाओं में मार्ग में चित्तरंजन, जामताड़ा, झाझा, किऊल, मोकामा, बख्तियारपुर, पटना साहेब, राजेंद्र नगर स्टेशनों पर भी रुकेगी। **आवागमन के दिन: 03511 आसनसोल से** दिनांक 04.11.2024 (सोमवार) को और **03512 पटना से** दिनांक 05.11.2024 (मंगलवार) को। **गठन:** साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस)/द्वितीय सिटिंग-12, एसएलआरडी-02=14 कोच। **कैटेगरी:** मेल/एक्सप्रेस।

**03505/03506 आसनसोल-पटना-आसनसोल स्पेशल**

| आसनसोल-पटना स्पेशल | | | (03505) (03506) | पटना-आसनसोल स्पेशल | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिन | आ. | प्र. | स्टेशन | आ. | प्र. | दिन |
| मंगल | – | 13.50 | आसनसोल | 06.15 | – | बुध |
| | 14.57 | 14.59 | मधुपुर | 04.29 | 04.30 | |
| | 15.24 | 15.26 | जसीडीह | 04.02 | 04.04 | |
| | 20.00 | – | पटना | – | 00.05 | |

यह स्पेशल ट्रेन दोनों दिशाओं में मार्ग में चित्तरंजन, जामताड़ा, झाझा, किऊल, मोकामा, बख्तियारपुर, पटना साहेब, राजेंद्र नगर स्टेशनों पर भी रुकेगी। **आवागमन के दिन: 03505 आसनसोल से** दिनांक 05.11.2024 (मंगलवार) को और **03506 पटना से** दिनांक 06.11.2024 (बुधवार) को। **गठन:** साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस)-08, एसएलआरडी-02=10 कोच। **कैटेगरी:** मेल/एक्सप्रेस।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

पूर्व रेलवे

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

कार्यालय
**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पाकुड़**
(जिला सामान्य शाखा)

**-: नोटिश :-**

बजरिए नोटिश अधोलिखित व्यक्तियों को आगाह किया जाता है कि आसन्न विधानसभा चुनाव, 2024 को स्वच्छ, शान्तिपूर्ण एवं भयमुक्त तरीके से सम्पन्न कराने हेतु Manual on MCC, शस्त्र नियमावली, 1962 के नियम-63 एवं शस्त्र अनुज्ञप्ति की शर्त के अधीन प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दिनांक-20.10.2024 तक शस्त्र को संबंधित थाना में जमा करते हुए जमा रसीद के साथ अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को सूचित करने का निदेश दिया गया था, परन्तु पुलिस अधीक्षक, पाकुड़ के पत्रांक-121 / चु0को0, दिनांक-22.10.2024 के द्वारा अधोअंकित कुल 18 शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों द्वारा शस्त्र को संबंधित थाना में जमा नहीं किये जाने के कारण अनुज्ञप्ति को रद्द करने की अनुशंसा की गई है। विवरणी निम्नवत् है :-

| क्र0 सं0 | अनुज्ञप्तिधारी का नाम एवं पता | अनुज्ञप्ति सं0 | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 |
| 01 | श्री सियाराम मिश्रा, पिता-स्व0 विश्वनाथ मिश्रा तत्कालीन स0अ0नि0, पाकुड़(मु0), थाना-पाकुड़, जिला-पाकुड़। | 02 / 1985 / District | |
| 02 | श्री रामबाबू साह, पिता-स्व0 हरिनारायण साह, साकिन-मालकोला, थाना-पाकुड़(मु0), जिला- पाकुड़। वर्तमान पता-साकिन-कोटालपोखर, थाना- कोटालपोखर, जिला-साहेबगंज। | 25 / 1987 / State | |
| 03 | श्री धनेश्वर यादव, पिता-स्व0 मैना यादव, साकिन-सुन्दरपुर, थाना-महेशपुर, जिला-पाकुड़। | 17 / 11 | |
| 04 | श्री बबलू कुमार यादव, पिता-श्री जालिम यादव, साकिन-सुन्दरपुर, थाना-महेशपुर, जिला-पाकुड़। | 08 / 13 | |
| 05 | श्री दिनेश पाल सिंह, माता-श्रीमति मनोरमा देवी, पता-मेसो ऑफिस, पाकुड़ जिला-पाकुड़। | 01 / 01 | |
| 06 | श्री अनुराग सिंह, पिता-श्री मिथलेश कुमार सिंह, पता- थानापाड़ा, जिला-पाकुड़। | 02 / 13 | |
| 07 | श्री अमर सिंह, पिता-स्व0 गोपाल नारायण सिंह, पता-मदपाड़ा, पाकुड़, जिला-पाकुड़। | 12 / 12 | |
| 08 | श्री वलीउल्लाह अबदाली, पिता-स्व0 एस0एम0अयुब अबदाली, पता-उर्दू प्रोफेसर, के0के0एम0 कॉलेज, पाकुड़ जिला-पाकुड़। | 699 / 84 | |
| 09 | डॉ0 शिवजनम सिंह, पिता-स्व0 सिद्यनाथ सिंह, पता-वेटनरीसर्जन, पाकुड़। | 04 / 09 | |
| 10 | श्री अनिल कुमार चौधरी, पिता-स्व0 रघुनाथ चौधरी, पता-थानापाड़ा, पाकुड़। | 04 / 96 | |
| 11 | श्री सतीश कुमार श्रीवास्तव, पिता-स्व0 वृजकिशोर प्रसाद पता-राजापाड़ा, पाकुड़। | 92 / 94 | |
| 12 | श्री जय प्रकाश सिंह, पिता-सूर्य नारायण सिंह, पता-कालीबाड़ी, राजापाड़ा, पाकुड़। | 05 / 10 | |
| 13 | श्री अजय कुमार सिंह, पिता-श्री रामचन्द्र प्रसाद सिंह, पता-पी0एच0ई0डी0, कॉलनी, पाकुड़, | 29 / 82 | |
| 14 | श्री रंजनाथ सिंह, पिता-श्री राजेश सिंह, पता-हरिणडंगा बाजार, पाकुड़। | 10 / 97 | |
| 15 | श्री केशो यादव, पिता-श्री मोतीलाल यादव, पता-कालीभाषाण पोखर, पाकुड़। | 1203 / 87 | |
| 16 | श्री शालीग्राम कुँवर, पिता-स्व0 विश्वनाथ कुँवर, पता-पुलिस लाईन, पाकुड़। | 01 / 11 | |
| 17 | श्री अभिनन्दन कुमार, पिता-श्रीनिवास शर्मा, पता-छोटीअलीगंज, पाकुड़, थाना-पाकुड़ (नगर) जिला-पाकुड़। | 01 / 13 | |
| 18 | श्री बशीलाल कट्टा, पिता-स्व0 सुगनचन्द्र कट्टा, पता-बलिहारपुर, पाकुड़। | 08 / 86 | |

अतएव पुलिस अधीक्षक, पाकुड़ से उपरोक्त अनुज्ञप्तिधारियों का अनुज्ञप्ति रद्द करने संबंधी प्राप्त अनुशंसा के आलोक में उपरोक्त अनुज्ञप्तिधारी को निदेश है कि दिनांक- 30.10.2024 तक अपना कारणपृच्छा जिला शस्त्र दण्डाधिकारी, पाकुड़ के समक्ष समर्पित करें कि, किस परिस्थिति में आपके द्वारा अपना शस्त्र, संबंधित थाना में जमा नहीं किया गया है। ससमय कारणपृच्छा प्राप्त नही होने की स्थिति में संबंधित अनुज्ञप्तिधारियों का अनुज्ञप्ति रद्द करने की कार्रवाई की जायेगी।

**इसे अंतिम सूचना एवं सख्त ताकीद समझा जाय।**

**जिला शस्त्र दण्डाधिकारी**
**-सह- उपायुक्त, पाकुड़**

PR 339478 Pakur (24-25)_D

## एक नजर

### अशोक लेलैंड को चेन्नई एमटीसी से मिला 500 इलेक्ट्रिक बसों का ठेका



**नई दिल्ली(एप्र)।** वाणिज्यिक वाहन विनिमार्ता कंपनी अशोक लेलैंड की इकाई ओएचएम ग्लोबल मोबिलिटी को चेन्नई स्थित मेट्रोपोलिटन ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन से 12 मीटर लंबी 500 अल्ट्रा-लो फ्लोर इलेक्ट्रिक बसों का ठेका मिला गया है। कंपनी बयान के अनुसार मेट्रोपॉलिटन ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन (एमटीसी) से मिले ठेके के अनुसार अशोक लेलैंड की एक अन्य अनुषंगी कंपनी स्विच मोबिलिटी, ओएचएम को स्विच ईआईवी12 मॉडल बसों की आपूर्ति करेगी। इनमें से 400 बसें गैर-वातानुकूलित होंगी, जबकि 100 बसें वातानुकूलित होंगी। ओएचएम अशोक लेलैंड की इलेक्ट्रिक परिवहन शाखा है, जो मोबिलिटी-एज-ए-सर्विस व्यवसाय पर केंद्रित है। अशोक लेलैंड के एक अधिकारी ने कहा कि हम इलेक्ट्रिक परिवहन की ओर बढ़ने को प्रतिबद्ध हैं। एमटीसी के साथ यह साझेदारी स्वच्छ एवं अधिक कुशल परिवहन प्रणाली बनाने की दिशा में एक कदम है।

### सरकार ने ईश्रम पोर्टल पर 12 योजनाओं का किया एकीकरण

**नई दिल्ली(एप्र)।** केंद्र सरकार के ईश्रम वन स्टॉप सॉल्यूशन पोर्टल, जिसका उद्देश्य असंगठित कामगारों के लिए कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी को एक ही मंच पर प्रभावी ढंग से एकीकृत करना है, ने अब विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों की 12 योजनाओं को इस साइट पर एकीकृत कर दिया है। केंद्र सरकार ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से भी आग्रह किया है कि वे असंगठित कामगारों के लिए अपनी योजनाओं और लाभों को ईश्रम प्लेटफॉर्म पर लाएं। केंद्रीय श्रम मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने कहा कि अब ई-श्रम पोर्टल पर रजिस्टर्ड असंगठित क्षेत्र के 30 करोड़ श्रमिक सरकार द्वारा संचालित विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का बिना किसी रुकावट के लाभ उठा पाएंगे। इसका विचार यह है कि एक क्लिक में, जो लोग असंगठित क्षेत्र से इस पोर्टल पर पंजीकरण कर रहे हैं, वे सभी सुविधाएं एक ही जगह पर प्राप्त कर सकें। श्रम और रोजगार मंत्रालय और युवा मामले और खेल मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि व्यापक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए, हम कुछ क्षेत्रीय भाषाओं में सेवाएं प्रदान कर रहे हैं और पोर्टल के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए और पंजीकरण करने और लाभ प्राप्त करने के तरीके पर जागरूकता कार्यक्रम और गतिविधियां आयोजित कर रहे हैं। उन्होंने यह भी जोड़ा कि ईश्रम पोर्टल एक मध्यस्थ के रूप में काम करेगा और सुनिश्चित करेगा कि असंगठित कामगार योजनाओं के बारे में जागरूक हों और उन्हें आसानी से पहुंच प्राप्त हो सके।

### गुजरात सरकार किसानों को 1,419 करोड़ को राहत पैकेज देगी

**नई दिल्ली(एप्र)।** गुजरात सरकार ने इस साल अगस्त में राज्य के कई हिस्सों में हुई भारी बारिश के कारण नुकसान का सामना करने वाले किसानों के लिए 1,419.62 करोड़ रुपये के राहत पैकेज की घोषणा की। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया कि राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष (एसडीआरएफ) से 1,097.31 करोड़ रुपये का भुगतान किया जाएगा, जबकि राज्य सरकार बजट से 322.33 करोड़ रुपये का भुगतान करेगी। राहत पैकेज की घोषणा 20 प्रभावित जिलों झ्र पंचमहल, सुरेंद्रनगर, नवसारी, देवभूमि द्वारका, खेड़ा, आनंद, भरूच, वड़ोदरा, मोरबी, जामनगर, कच्छ, तापी, दाहोद, डांग, अहमदाबाद, राजकोट, जूनागढ़, सूरत, पाटन और छोटा उदयपुर के 136 तालुकों में नुकसान-मूल्यांकन सर्वेक्षण के बाद की गई।

### मुद्रास्फीति के स्थायी रूप से सही होने की स्थिति का इंतजार करना होगा: दास

**मुंबइ(एप्र)।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि भारत मुद्रास्फीति की एक और लहर का जोखिम नहीं उठा सकता है। वर्तमान में सबसे अच्छा तरीका लचीला रहना होगा। केंद्रीय बैंक के लक्ष्य के साथ मुद्रास्फीति के स्थायी रूप से सही होने की स्थिति का इंतजार करना होगा। महीने की शुरआत में हुई मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक का ब्योरा देते हुए दास ने कहा कि मौद्रिक नीति केवल मूल्य स्थिरता बनाए रखने से ही स्थायी विकास का समर्थन कर सकती है। मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने बेंचमार्क ब्याज दर को 6.5 फीसदी पर बनाए रखने का फैसला किया है, जो लगातार दसवीं बार है जब एमपीसी ने दरों में कोई बदलाव नहीं किया है। हालांकि, समिति ने अपनी स्थिति समायोजन की वापसी से तटस्थ में बदल दी है। एमपीसी की बैठक के ब्योरे के अनुसार दास ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था स्थिरता और ताकत की तस्वीर प्रस्तुत करती है और मुद्रास्फीति और विकास के बीच संतुलन अच्छी तरह से स्थापित है। उन्होंने कहा कि मुद्रास्फीति में निकट अवधि में बढ़ोतरी के बावजूद, साल के अंत में और अगले साल की शुरूआत में हेडलाइन मुद्रास्फीति का दृष्टिकोण 4 प्रतिशत लक्ष्य के साथ आगे बढ़ने की ओर इशारा करता है।

### रिलायंस पावर को 1,525 करोड़ जुटाने शेयरधारकों की मंजूरी मिली

**नई दिल्ली(एप्र)।** रिलायंस पावर को तरजीही शेयर जारी कर 1,524.60 करोड़ रुपये जुटाने के लिए शेयरधारकों की मंजूरी मिल गई है। कंपनी ने बुधवार देर रात शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि डाक मतपत्र के जरिये प्रस्ताव को अपेक्षित बहुमत से पारित कर दिया गया है। डाक मतपत्र नोटिस के अनुसार कंपनी 33 रुपये प्रति शेयर के मूल्य पर 46.20 करोड़ शेयर और/या समतुल्य संख्या में शेयर में परिवर्तनीय वारंट के तरजीही निर्गम के जरिये 1,524.60 करोड़ रुपये तक जुटाएगी। रिलायंस पावर लिमिटेड के निदेशक मंडल ने 23 सितंबर को तरजीही निर्गम के जरिये 1,525 करोड़ रुपये जुटाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी थी। इसके तहत प्रवर्तक कंपनी के कारोबार को आगे बढ़ाने के लिए इसमें 600 करोड़ रुपये डालेंगे। तरजीही निर्गम से कंपनी की नेटवर्थ करीब 11,155 करोड़ रुपये से बढ़कर 12,680 करोड़ रुपये से अधिक हो जाएगी।

### मोबिक्विक ने 9.5 फीसदी ब्याज दर वाली एफडी पेश की

**नई दिल्ली(एप्र)।** डिजिटल वित्तीय सेवा मंच मोबिक्विक ने वित्तीय सेवा कंपनियों के साथ साझेदारी में अपने मोबाइल ऐप पर त्वरित सावधि जमा (एफडी) उत्पाद पेश करने की घोषणा की। मोबिक्विक ने एक बयान में कहा कि इस वित्तीय उत्पाद का उद्देश्य अपने उपयोगकताओं के लिए बचत प्रक्रिया को सरल बनाना है। कंपनी ने सावधि जमा उपयोगकताओं को 1,000 रुपये से निवेश शुरू करने और नया बैंक खाता खोले बगैर सालाना 9.5 प्रतिशत तक का रिटर्न पाने की पेशकश की है। उपयोगकर्ता सात दिनों से लेकर 60 महीने तक की जमा अवधि चुन सकते हैं।

# कोई भी देश भारत को नजरअंदाज नहीं कर सकता: वित्त मंत्री

## भारत की प्राथमिकता अपना प्रभुत्व जमाने की नहीं, हम दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र

**वॉशिंगटन(एजेंसी)।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण इस समय अमेरिका के दौरे पर हैं। अमेरिका में एक कार्यक्रम के दौरान वित्त मंत्री ने दुनिया में भारत की अहमियत बताते हुए कहा कि दुनिया का कोई भी देश भारत को नजरअंदाज नहीं कर सकता। निर्मला सीतारमण अमेरिका में विश्व बैंक की सालाना बैठक में भाग लेने से पहले सेंटर फॉर ग्लोबल डेवलपमेंट द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भी शिरकत की। इस कार्यक्रम में वित्त मंत्री ने कहा कि पीएम मोदी का कहना है कि भारत की प्राथमिकता अपना प्रभुत्व जमाने की नहीं है। हम दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र हैं। दुनिया की सबसे बड़ी आबादी हमारी है। दुनिया का आज हर छठा व्यक्ति भारतीय है। ऐसे में अमेरिका दूर है या चीन पास, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता क्योंकि कोई भी देश भारत और भारत की अर्थव्यवस्था को नजरअंदाज नहीं कर सकता। खासकर उस स्थिति में जिसमें भारतीय अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है। केंद्रीय वित्त मंत्री ने इस कार्यक्रम के दौरान ये भी कहा कि भारत, आईएमएफ से पहले से अपने पड़ोसियों को उनके मुश्किल समय में आर्थिक मदद दे रहा है। सेंटर फॉर ग्लोबल डेवलपमेंट के कार्यक्रम में बोलते हुए वित्त मंत्री ने बताया कि भारत ने कई अफ्रीकी देशों को लाइन ऑफ क्रेडिट योजना के तहत आर्थिक मदद दी है, जिससे वहां संस्थानों, सड़कों, पुलों और रेलवे स्टेशन का निर्माण हुआ है। आईएमएफ की धीमी प्रक्रिया पर निशाना साधते हुए सीतारमण ने कहा कि आईएमएफ से बहुत पहले हम अपने पड़ोसियों की मदद करते आ रहे हैं। मैं ये बात पूरी जिम्मेदारी से कह रही हूं कि मेरा आईएमएफ की अहमियत को कमतर करने का कोई इरादा नहीं है, लेकिन हमने बिनी किसी शर्त के पड़ोसियों को पैसे दिए हैं। मैं उन पड़ोसियों का नाम नहीं लेना चाहती और ना ही कोई नंबर देना चाहती हूं क्योंकि हमारे पड़ोसी हमें बहुत प्यारे हैं।



## सोना-चांदी की कीमत धनतेरस से पहले बढ़ी

**नई दिल्ली(एप्र)।** दिवाली और धनतेरस पहले सराफा बाजार में गुरुवार को सोने-चांदी के वायदा भाव में तेजी देखने को मिल रही है। दोनों के वायदा भाव तेजी के साथ खुले। दोनों के वायदा भाव बुधवार को रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गए थे। हालांकि कारोबार के अंत में भाव गिरावट के साथ बंद हुए थे। खबर लिखे जाने के समय आज सोने के वायदा भाव 78,000 रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 97,500 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। वैश्विक बाजार में सोने-चांदी की वायदा कीमतों में तेजी देखने को मिल रही है। सोने के वायदा भाव की शुरूआत तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने का बेंचमार्क दिसंबर कॉन्ट्रेक्ट 344 रुपये की तेजी के साथ 78,156 रुपये के भाव पर खुला। इस समय यह 150 रुपये की तेजी के साथ 77,962 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के वायदा भाव की शुरूआत भी तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क दिसंबर कॉन्ट्रेक्ट 491 रुपये की तेजी के साथ 97,451 रुपये पर खुला। इस समय यह 520 रुपये की तेजी के साथ 97,480 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। वैश्विक बाजार में सोने के वायदा भाव की शुरूआत हल्की गिरावट के साथ हुई। लेकिन बाद में इसके भाव में तेजी देखी जाने लगी। चांदी के वायदा भाव तेजी के साथ ही खुले। कॉमेक्स पर सोना 2,729.20 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 2,729.40 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 6.40 डॉलर की तेजी के साथ 2,735.80 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 33.87 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव 33.83 डॉलर था। इस समय यह 0.18 डॉलर की तेजी के साथ 34.02 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

## अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 84.07 पर बंद हुआ रुपया




**मुंबई(एप्र)।** रुपया गुरुवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 84.07 पर बंद हुआ। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 84.06 प्रति डॉलर पर खुला। शुरूआती सौदों के बाद एक पैसे की गिरावट के साथ 84.07 प्रति डॉलर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव के बराबर है। रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 84.07 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.07 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 104.20 पर रहा।




चीनी ऑटोमेकर डोंगफेंग का पहला बिक्री और तकनीकी केंद्र मध्य स्लोवेनिया में खुला। चीन से इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के स्लोवेनिया के सबसे बड़े आयातक और डोंगफेंग कारों के आधिकारिक आयातक प्लान-नेट एव्टो ने केंद्र खोला, जिसमें चार नए इलेक्ट्रिक और तीन नए पेट्रोल डोंगफेंग कार मॉडल पेश किए गए।

## शिक्षा में निवेश के मामले में भारत ने कई पड़ोसी देशों को पछाड़ा



**मुंबई(एप्र)।** संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) ने हाल ही में भारत की शिक्षा बजट में आवंटन को लेकर सराहना की है। रिपोर्ट के अनुसार, 2015 से 2024 के बीच भारत ने अपनी जीडीपी का 4.1 फीसदी से 4.6 फीसदी शिक्षा के लिए आवंटित किया है, जो शिक्षा 2030 फ्रेमवर्क फॉर एक्शन के निर्धारित अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप है। इस फ्रेमवर्क के तहत देशों को जीडीपी का 4-6 फीसदी शिक्षा के लिए खर्च करने की सिफारिश की गई है। यूनेस्को इंस्टीट्यूट फॉर स्टैटिस्टिक्स की नई रिपोर्ट के अनुसार, भारत का शिक्षा पर सरकारी खर्च इसी अवधि में 13.5 फीसदी से 17.2 फीसदी के बीच रहा है, जो एजुकेशन 2030 के लक्ष्य के अनुरूप है। यह लक्ष्य सरकारों को सार्वजनिक व्यय का 15-20 फीसदी शिक्षा में खर्च करने के लिए प्रोत्साहित करता है ।रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत का शिक्षा निवेश अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बना हुआ है और वह अपने पड़ोसी देशों की तुलना में अधिक निवेश कर रहा है। नेपाल और भूटान जैसे देशों के विपरीत, जहां जीडीपी का 4-6 फीसदी शिक्षा पर खर्च होता है, भारत का खर्च जीडीपी और सरकारी व्यय के प्रतिशत के मामले में अफगानिस्तान और पाकिस्तान से कहीं अधिक है। रिपोर्ट में इस बात पर रोशनी डाली गई है कि कुल खर्च के प्रतिशत के रूप में, विश्व औसत में गिरावट आ रही है। मध्य और दक्षिणी एशिया के देश 2010 के दशक की तुलना में अधिक निवेश कर रहे हैं। अन्य क्षेत्रों में गिरावट देखी गई है। साल 2022 में, मध्य और साउथ एशिया में जीडीपी के प्रतिशत के रूप में शिक्षा पर भारत का खर्च केवल भूटान (7.5 प्रतिशत), कजाकिस्तान (7.2 प्रतिशत), मालदीव (4.7 प्रतिशत), ताजिकिस्तान (5.7 प्रतिशत) और उज्बेकिस्तान (5.2 प्रतिशत) से कम है। पूरे एशिया की तुलना में भारत का व्यय चीन और जापान जैसे देशों से अधिक है। वैश्विक स्तर पर, शिक्षा पर सार्वजनिक व्यय के विश्व औसत में गिरावट देखी गई है, जो 2010 में 13.2 प्रतिशत से घटकर 2020 में 12.5 प्रतिशत हो गई है, जिसमें कोविड-19 महामारी के बाद उल्लेखनीय कमी आई है।

# लगातार चौथे दिन लाल निशान पर बंद हुआ बाजार

**मुंबइ(एप्र)।** भारतीय शेयर बाजार लगातार चौथे दिन गुरुवार को लाल निशान में बंद हुआ। स्टॉक मार्केट में सुस्ती के पीछे की वजह मुख्य रूप से पश्चिमी एशियाई देशों में तनाव, एफपीआई की ओर से जमकर शेयरों की बिकवाली, चीन से सस्ते इंट्रेस्ट पर लोन और अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप और कमला हैरिस के बीच बढ़ती कांटे की टक्कर मानी जा रही है। 24 अक्टूबर को सेंसेक्स 16.82 अंक गिरकर 80,065.16 के लेवल पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 50 36.10 अंक गिरकर 24,399.40 पर बंद हुआ। हालांकि, बैंकिंग और वित्तीय सेक्टर के बड़ी गिरावट को रोकने में कामयाबी हासिल की।



गुरुवार को सबसे ज्यादा, 1.22 प्रतिशत का उछाल निफ्टी पीएसयू बैंक में दिखाई दिया। निफ्टी बैंक में 0.57 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। इसके साथ ही साथ फाइनेंशियल सर्विसेज के सेक्टर में बढ़त देखने को मिली। इसके अलावा, निफ्टी फार्मा में 0.44 प्रतिशत, निफ्टी प्राइवेट बैंक में 0.37 प्रतिशत और ऑयल एंड गैस में 0.07 प्रतिशत की तेजी आई।

सबसे बड़ी गिरावट दर्ज करने वाला सेक्टर एफएमसीजी सेक्टर रहा। एफएमसीजी स्टॉक्स ने गुरुवार ओवरआल 2.83 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की। इसके अलावा, रियल्टी सेक्टर 1.13 प्रतिशत, मेटल 0.23 प्रतिशत, मीडिया 0.17प्रतिशत, आईटी 0.19 प्रतिशत और ऑटो सेक्टर ने 0.52 प्रतिशत की गिरावट देखी। कंज्यूमर ड्यूरेबल्स के सेक्टर में भी 0.39 प्रतिशत की गिरावट देखी गई।

बाजार में गुरुवार को निफ्टी 50 के 50 शेयरों में से 26 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। अल्ट्राटेक सीमेंट का शेयर सबसे ज्यादा 2.66 प्रतिशत की बढ़त बनाने वाला शेयर रहा। इसके अलावा, श्रीराम फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम, ग्रासिम, टाइटन, एसबीआई, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स (बीईएल) के शेयर 1 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़त बना सके। बीएसई सेंसेक्स पर भी अल्ट्राटेक 2.77 प्रतिशत की बढ़त के साथ टॉप बढ़ता वाला शेयर रहा। वहीं हिंदुस्तान यूनिलीवर (एचयूएल) का शेयर गुरुवार को सबसे ज्यादा 5.81 प्रतिशत गिरा। इसके अलावा, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी, हिंडाल्को, नेस्ले इंडिया और बजाज ऑटो, आईटीसी के शेयर 2 प्रतिशत से ज्यादा लुढ़क गए। सेंसेक्स पर भी गुरुवार को का टॉप लूजर स्टॉक 5.83 प्रतिशत की गिरावट के साथ एचयूएल ही रहा। इसके अलावा, नेस्ले इंडिया, आईटीसी, मारुति सुजूकी, एशियन पेंट्स,टीसीएस, इंफोसिस, एलएंडटी, कोटक बैंक, एचसीएल टेंक और टेक महिंद्रा के शेयर लाल निशान में बंद हुए।

### ग्लोबल मार्केट

एशियाई बाजारों में, सियोल, शंघाई और हांगकांग निचले स्तर पर बंद हुए जबकि टोक्यो बढ़त के साथ पर बंद हुआ। यूरोपीय मार्केट पॉजिटिव सेक्टर में कारोबार कर रहे थे। ओवरनाइट, अमेरिकी बाजार नकारात्मक दायरे में बंद हुए। वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 1.99 प्रतिशत उछलकर 76.45 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

# मध्य प्रदेश में 5जी के लिए सर्वश्रेष्ठ मोबाइल नेटवर्क सेवा प्रदाता एयरटेल : ओपन सिग्नल

**इन्दौर(एप्र)।** ओपन सिग्नल की हाल ही में जारी मोबाइल नेटवर्क एक्सपीरियंस रिपोर्ट के अनुसार भारती एयरटेल ने अक्टूबर 2024 के लिए मध्य प्रदेश में सर्वश्रेष्ठ 5 जी नेटवर्क प्रदाता के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत किया है। दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल ने पांच प्रमुख नेटवर्क क्वालिटी कैटिगरी में से चार यानी 5 जी वीडियो एक्सपीरियंस, 5 जी लाइव वीडियो एक्सपीरियंस, 5 जी गेम्स एक्सपीरियंस, 5 जी डाउनलोड स्पीड और 5 जी अपलोडिंग की रफ़्तार में अपनी श्रेष्ठता साबित करते हुए इस क्षेत्र में 5 जी सेवाओं के लिए शीर्ष विकल्प के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत किया है और अपने ग्राहकों को सुविधाएँ प्रदान करने में बेजोड़ प्रदर्शन किया है।

ओपन सिग्नल द्वारा मोबाइल एक्सपीरियंस का विश्लेषण करने के लिए वैश्विक मानक स्थापित किये गये हैं। ये ग्राहकों के वास्तविक अनुभव को समझने के लिए एक निश्चित मार्गदर्शिका/गाइड है। अपनी नवीनतम उपभोक्ता रिपोर्ट में, ओपनसिग्नल मध्य प्रदेश में एयरटेल के प्रभुत्व को मान्यता देता है, जो विभिन्न स्तरों पर एयरटेल की जबरदस्त जीत का प्रतीक है।

5जी वीडियो अनुभव : सीमलेस 5 जी वीडियो स्ट्रीमिंग के लिए एयरटेल मध्य प्रदेश में नंबर 1 नेटवर्क है। एयरटेल के उपभोक्ता बिना किसी रुकावट या बफरिंग के वीडियो का आनंद ले सकते हैं।

5जी लाइव वीडियो एक्सपीरियंस : मध्य प्रदेश में एयरटेल का 5जी नेटवर्क न्यूनतम विलंब के साथ सर्वश्रेष्ठ लाइव वीडियो स्ट्रीमिंग प्रदान करता है। चाहे वह स्पोर्ट्स हो या म्यूजिक कॉन्सर्ट, उपभोक्ता बिना किसी अंतराल के रियल टाइम में ही कॉन्टेंट का आनंद लेते हैं। इस तरह के निर्बाध लाइव वीडियो के लिए एयरटेल यूजर्स की पहली पसंद है।

5जी गेम्स एक्सपीरियंस : एयरटेल का नेटवर्क, गेमिंग के दीवानों का सबसे पसंदीदा विकल्प है। नेटवर्क की सभी शैलियों में निर्बाध मल्टीप्लेयर अनुभव प्रदान करने की क्षमता के कारण, उपभोक्ताओं को सर्वश्रेष्ठ गेमिंग अनुभव प्राप्त होता है।

5जी डाउनलोड स्पीड : मध्य प्रदेश में एयरटेल उपभोक्ता 5 जी डाउनलोड की तेज स्पीड का आनंद उठा रहे हैं। इससे मिली सुविधाओं में तेजी से डाउनलोड होने वाली बड़ी फाइल्स, अल्ट्रा हाई डेफनिशन में बिना रुकावट स्ट्रीमिंग और क्लाउड बेस्ड ऐप्लीकेशन्स का आसानी से इस्तेमाल शामिल है।

5जी अपलोड की रफ़्तार : जब कॉन्टेंट अपलोड करने की बात आती है, चाहे वह वीडियो, डॉक्यूमेंट्स हों या लाइव स्ट्रीमिंग हो, एयरटेल सबसे तेज अपलोड तेज अपलोड सुविधा प्रदान करता है, जिससे क्रिएटर्स हों या आम उपभोक्ता सभी का अनुभव कई गुना बेहतर हो जाता है।

## सर्दियों में चाय की चुस्की के लिए ज्यादा पैसे खर्च करने पड़ेंगे!

**मुंबई(एप्र)।** अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में सर्दी के मौसम ने दस्तक देना शुरू कर दिया है। इस मौसम में चाय की खपत बढ़ जाती है लेकिन अब चाय की चुस्की के लिए आपको ज्यादा पैसे खर्च करने पड़ सकते हैं। देश की प्रमुख चाय कंपनियों में से एक टाटा टी कीमतों में बढ़ोतरी करने जा रही है। टाटा टी भारत की सबसे अधिक बिकने वाली चाय ब्रांडों में से एक है और यह देश की पुरानी चाय कंपनियों में भी शामिल है। बताया जा रहा है कि टाटा टी अपने ब्रांड पोर्टफोलियो में अगले कुछ महीनों में कीमतों में वृद्धि करने का विचार बना रही है। कंपनी का उद्देश्य अपने लाभ मार्जिन को बढ़ाना है, जो हालिया कच्चे माल की लागत में वृद्धि के कारण प्रभावित हुआ है। टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स के एक अधिकारी के अनुसार कंपनी को कुल मात्रा में वृद्धि की उम्मीद है, हालांकि शहरी बाढ़, ग्रामीण अर्थव्यवस्था में सुस्ती और विकास में सामान्य मंदी जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। जुलाई-सितंबर तिमाही में राजस्व में 11 प्रतिशत की वृद्धि के बावजूद, मुनाफा केवल 1 प्रतिशत बढ़ा है। उन्होंने कहा कि इस साल चाय की कीमतों में 25 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है, जिसका कारण आपूर्ति में व्यवधान है। टाटा टी भारत के चाय खुदरा बाजार में लगभग 28 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी रखती है और इसकी प्रतिस्पर्धा हिंदुस्तान यूनिलीवर जैसी कंपनियों से है। उन्होंने चाय की कीमतों में बढ़ोतरी के कारणों को विस्तार से बताते हुए कहा कि कुल चाय उत्पादन में 20 प्रतिशत की कमी आई है और निर्यात में भी वृद्धि हुई है।

हिन्दी दैनिक
# श्वेत पत्र
आपकी बात सच के साथ
देवघर, शुक्रवार, 25 अक्टूबर, 2024



## संक्षिप्त समाचार

### हथौड़े-पेचकस से लिव इन पार्टनर का कत्ल कर 8 घंटे लाश के साथ रही महिला, थाने पहुंच कबूला जुर्म

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के भलस्वा डेरी इलाके के मुकुंदपुर में एक महिला ने अपने घर में अपने प्रेमी की पत्थर, हथौड़े और पेचकस से हत्या कर दी। दिल्ली पुलिस ने बताया कि 28 वर्षीय विधवा महिला चार बच्चों की मां है। वारदात को अंजाम देने के आठ घंटे बाद आरोपी महिला खुद थाने पहुंची और उसने पुलिस के सामने अपना जुर्म कुबूल कर लिया। आरोपी महिला ने पुलिस को बताया कि उसने अपने प्रेमी की हत्या इसलिए की क्योंकि वह शराब के नशे में था और अक्सर उसके और उसके बच्चों के साथ दुर्व्यवहार करता था। एक अधिकारी ने बताया कि महिला को हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है। मृतक की पहचान मोहम्मद तवारक उर्फ साहिल खान के रूप में हुई है। साहिल (30) प्लंबर था। करीब सात साल पहले उसकी महिला से जानपहचान हुई थी। साल 2018 से महिला अपने पति को छोड़कर साहिल के साथ रह रही थी। इस बीच उसके पति की भी मौत हो गई। इसके बाद महिला ने अपने चारों बच्चों को ससुराल में छोड़ दिया था। साहिल खान शादीशुदा था और उसका एक बच्चा भी है। महिला पिछले दो सालों से खान के साथ रिलेशनशिप में थी। महिला एक साल पहले ही अपने बच्चों को दिल्ली लेकर आई थी। महिला एक महीने पहले अपने गांव बिहार के खगड़िया गई थी। वह रविवार को लौटकर आई और उसने साहिल को घर छोड़कर जाने के लिए कहा। इस पर साहिल ने मना कर दिया। महिला ने बताया कि साहिल मंगलवार को दोपहर करीब 1.30 बजे नशे में घर आया। इसके बाद उसने महिला को परेशान करना शुरू कर दिया। मंगलवार दोपहर को चारों बच्चे भी घर पर थे। एक बार फिर महिला ने साहिल से घर छोड़कर जाने के लिए कहा। इस दौरान बात बढ़ गई और गुस्से में आकर आरोपी महिला ने भारी पत्थर, हथौड़े से साहिल खान के सिर पर वार किया। इस हमले में साहिल को गंभीर चोटें आईं। जब वह अचेत हो गया तो पेचकस से पूरे शरीर को गोद डाला। बताया जाता है कि साहिल की हत्या करने के बाद महिला उसकी लाश के साथ करीब आठ घंटे तक घर में ही पड़ी रही।

### अतिक्रमण पर ऐक्शन, छह अवैध कॉलोनियों पर चला बुलडोजर

**नईदिल्ली , एजेंसी।** गुरुग्राम में नगर एवं ग्राम



नियोजन विभाग ने बहरामपुर-कादरपुर में में अवैध रूप से पनप रही छह कॉलोनियों में बुधवार दोपहर को बुलडोजर चलाया। ये नई कॉलोनियां करीब 20 एकड़ जमीन पर विकसित हो रही थीं। तोड़फोड़ के दौरान भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद था, जिसके चलते किसी ने विरोध सामने नहीं किया। डीटीपीई कार्यालय की तरफ से जमीन मालिकों, भूमाफियाओं की पहचान करने के पश्चात उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की तैयारी की जा रही है। साथ ही साथ इन कॉलोनियों में खरीद-फरोख्त को रोकने के लिए तहसीलदार को पत्र लिखा जाएगा। तोड़फोड़ में आए खर्च को जमीन मालिकों से वसूल किया जाएगा। बुधवार दोपहर को नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग के डीटीपीई मनीष यादव के नेतृत्व में तोड़फोड़ दस्ता पहले गांव बहरामपुर में पहुंचा। इस गांव में करीब 16 एकड़ में चार कॉलोनियां काटी जा रही थीं। डीटीपीई का आदेश मिलने के बाद इन कॉलोनियों में बुलडोजर चलना शुरू हो गया। बुलडोजर ने 73 चारदीवारी को मलबे में मिला दिया। इसके बाद तोड़फोड़ दस्ता गांव कादरपुर में पहुंच गया। चार एकड़ में इस गांव में दो कॉलोनियां काटी जा रही थीं। सड़क का निर्माण भी किया जा चुका था। गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) ने बुधवार को शीशपाल विहार रोड पर बुलडोजर चलाया। में अवैध रूप से बने 10 क्योसक और छह रेहड़ियों को बुलडोजर से तोड़ दिया।

# लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में आशीष मिश्रा को चेतावनी

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा माननी होंगी जमानत की शर्तें

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
लखीमपुर खीरी 2021 हिंसा मामले में हत्या के आरोपित पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा के पुत्र आशीष मिश्रा को सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि वह जमानत की शर्तों का सख्ती से पालन करें।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत, दीपांकर दत्ता और उज्जल भुइयां की पीठ ने पीड़ितों को अवमानना याचिका दायर करने की अनुमति दी। पीठ ने मिश्रा की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता से कहा कि जमानत शर्तों का सख्ती से पालन करना होगा। पीड़ितों की ओर से वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने 22 जुलाई को मिश्रा को जमानत दी थी। साथ ही जमानत की शर्तों का पालन करने का निर्देश दिया था और उन्हें तय तारीख से केवल एक दिन पहले अपने मुकदमे के स्थान पर जाने की अनुमति दी थी। लेकिन वह एक अक्टूबर को वहां (लखीमपुर खीरी) ऐसे गए जैसे दो अक्टूबर को राष्ट्रीय अवकाश वाले दिन सुनवाई हो। जबकि



अगले दिन अदालत बंद थी और उन्होंने एक अक्टूबर को एक विशाल सार्वजनिक रैली को संबोधित किया। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ ने वैवाहिक दुष्कर्म मामले की सुनवाई बुधवार को चार सप्ताह के लिए टाल दी है। दोनों पक्षों के वकीलों द्वारा अपनी दलीलें रखने के लिए मांगे गए एक-एक दिन के समय को देखते हुए चीफ जस्टिस को लगा कि मामले की सुनवाई दीपावली की छुट्टियों के पहले पूरी होनी संभव नहीं है, इसलिए सुनवाई चार सप्ताह के लिए टाल दी गई। चार सप्ताह बाद नयी पीठ मामले पर सुनवाई करेगी। जस्टिस चंद्रचूड़ 10 नवंबर को सेवानिवृत हो रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट में कई याचिकाएं लंबित हैं जिनमें वैवाहिक दुष्कर्म को अपराध घोषित करने की मांग की गई है। याचिकाओं में आइपीसी की धारा 375 के अपवाद दो और नये कानून बीएनएस की धारा 63 के अपवाद दो को रद करने की मांग की गई है जो पति को दुष्कर्म से छूट देता है। बुधवार को मामला प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जेबी पार्डीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ के समक्ष सुनवाई पर लगा था। पीठ ने जब पक्षकारों के वकीलों से पूछा कि वे बहस के लिए कितना समय लेंगे, इस पर वरिष्ठ वकील गोपाल शंकर नारायण ने एक दिन का समय मांगा। उन्होंने कहा कि जितनी सामग्री रिकॉर्ड पर रखी गई है उसे देखते हुए उन्हें बहस के लिए एक दिन का समय चाहिए होगा। सालिसिटर जनरल तुषार मेहता ने भी कहा कि उन्हें एक दिन का समय चाहिए होगा क्योंकि इस मामले के परिणाम दूरगामी हैं। अन्य वकीलों ने भी इसी तरह समय मांगा जिसके बाद चीफ जस्टिस ने कहा कि मामले की सुनवाई निकट भविष्य में पूरी करना संभव नहीं होगा। इस मामले की सुनवाई चार सप्ताह बाद नयी पीठ द्वारा की जाएगी। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने 17 अक्टूबर को सुनवाई शुरू की थी। एक याचिकाकर्ता की वकील करुणा नंदी और कुछ और वकीलों की ओर से पक्ष रखा जा चुका था। बुधवार को मामले पर आगे सुनवाई होनी थी। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को स्वामी श्रद्धानंद (84) की याचिका पर विचार करने से इन्कार कर दिया। कारावास में पत्नी की हत्या के आरोपित श्रद्धानंद ने अदालत से उस फैसले की समीक्षा की मांग की थी, जिसमें उन्हें आजीवन कारावास का आदेश दिया गया था।

## इन्हें ब्रेस्ट कहो, संतरे नहीं; दिल्ली मेट्रो में लगे पोस्टर पर छिड़ गया विवाद

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ब्रेस्ट कैंसर के प्रति जागरूक करने के लिए दिल्ली मेट्रो में लगाए गए एक पोस्टर पर विवाद छिड़ गया है। सोशल मीडिया पर यह वायरल हो गया है। कई महिलाओं ने ब्रेस्ट को ऑरेंज कहे जाने पर आपत्ति जताई है। पोस्टर में हर महीने ब्रेस्ट की जांच करने की सलाह दी गई है, लेकिन ब्रेस्ट की बजाय ऑरेंज शब्द का इस्तेमाल किया गया है। दरअसल, दिल्ली मेट्रो में ब्रेस्ट कैंसर के प्रति जागरूक करने के लिए पोस्टर लगाए गए हैं। खासकर लेडीज कोच में इन्हें लगाया गया है। पोस्टर में एआई से बनाई गई तस्वीर है जिसमें कुछ महिलाएं बस में सफर करती दिख रही हैं। एक लड़की हाथ में दो संतरे लिए हुए है। तस्वीर पर लिखा गया है, अपने ऑरेंजेज (संतरों) की हर महीने जांच करिए। पोस्टर के जरिए महिलाओं को यह बताने की कोशिश की गई है कि हर महीने खुद ही अपने ब्रेस्ट की जांच करते रहें ताकि यदि कोई गांठ बनने पर जल्दी पता जल जाए। हालांकि, कई महिलाओं को ब्रेस्ट की तुलना संतरे से करना पसंद नहीं आया। उन्होंने सोशल मीडिया पर आपत्ति जाहिर की है। एक यूजर ने एक्स पर पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, नहीं, मैं अपने संतरे चेक नहीं करूंगी। मैं एक पेड़ नहीं जिसमें फल लटके हैं। मैं एक महिला हूं। मैं अपने ब्रेस्ट चेक करूंगी और आपसे भी अपने ब्रेस्ट की जांच करते रहने को कहूंगी। क्या बकवास है। एक अन्य यूजर ने लिखा कि अक्सर छेड़खानी करने वाले लोग ब्रेस्ट के लिए इस तरह के शब्दों का इस्तेमाल करते हैं। ब्रेस्ट कैंसर से जंग लड़ चुकीं कुछ महिलाओं ने भी इन पोस्टरों को तुरंत हटाने की मांग की है। वहीं, कुछ लोगों ने पोस्टर का समर्थन भी किया और कहा कि उद्देश्य अच्छा है और यह ध्यान खींचने लायक है। टाइम्स ऑफ इंडिया के मुताबिक, यूवीकैन फाउंडेशन की ट्रस्टी पूनम नंदा ने पोस्टर का यह कहते हुए बचाव किया कि उनकी संस्था ने 3 लाख महिलाओं को जागरूक किया और 1.5 लाख की स्क्रीनिंग की है। उन्होंने कहा कि यदि संतरों के इस्तेमाल से लोग ब्रेस्ट के स्वास्थ्य की बात करते हैं और एक भी जिंदगी बचती है तो यह सार्थक है।

## एनसीआर के गांवों के किनारे बनेगी पेरिफेरल रोड



**नईदिल्ली, एजेंसी।** यमुना विकास प्राधिकरण ने अपने अधिसूचित क्षेत्र के गांवों का सर्वे करने के बाद उसकी बाउंड्री तय कर पेरिफेरल रोड बनाने का फैसला लिया है। अब तक 15 गांवों में आबादी का सर्वे पूरा कर लिया गया है। इसकी रिपोर्ट पर बोर्ड की स्वीकृति लेकर पेरिफेरल रोड का निर्माण किया जाएगा। इससे संबंधित प्रस्ताव आगामी बोर्ड बैठक में रखा जाएगा। गांवों के चारों तरफ पेरिफेरल रोड का निर्माण होने से आबादी की जमीन का अधिग्रहण किए जाने की समस्या का समाधान हो जाएगा। बता दें कि ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने भी आबादी का ड्रोन सर्वे कराया है। नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण द्वारा विभिन्न परियोजनाओं के लिए किसानों की जमीन अधिग्रहित की जाती है। आबादी की जमीन के अधिग्रहण को लेकर जिले के किसान आए दिन धरना प्रदर्शन करते रहते हैं। कोर्ट में मामला विचाराधीन होने की वजह से कई परियोजनाएं अटकी हुई हैं। ऐसे में आबादी संबंधित मामलों के समाधान के लिए यमुना प्राधिकरण ने नई रणनीति तैयार की है। इसके तहत गांवों का ड्रोन सर्वे कराया जा रहा है। गांवों की मूल आबादी के साथ विस्तारित आबादी को भी शामिल किया गया है। इस सर्वे के आधार पर गांव के चारों ओर पेरिफेरल रोड का निर्माण किया जाएगा। आबादी की ओर की जमीन पर जिन किसानों का कब्जा है, उन्हीं के पास रहेगी। प्राधिकरण की योजना के मुताबिक, जिन गांवों में प्राधिकरण जमीन अधिग्रहित या बेच चुका है और सर्वे में वह जमीन आबादी क्षेत्र में शामिल है, तो उस जमीन पर 7 फीसदी के आबादी भूखंड विकसित कर किसानों को आवंटित कर दिया जाएगा।

## केजरीवाल का था वादा और सचदेवा ने लगा दी डुबकी; कुर्सी लगा यमुना में आने की चुनौती

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
2025 में विधानसभा चुनाव से पहले यमुना को साफ करके इसमें डुबकी लगाने का वादा करने वाले दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पवित्र नदी के प्रदूषण को लेकर घेरने में जुटी है। इस बीच भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने प्रदूषण को लेकर विरोध दर्ज करते हुए यमुना में डुबकी लगाई है। उन्होंने दिल्ली की सीएम आतिशी और आप प्रमुख केजरीवाल को चुनौती दी कि वे यमुना का पानी हाथ में लेकर देखें।




भाजपा ने आईटीओ छठघाट पर अरविंद केजरीवाल और आतिशी के लिए कुर्सी लगाई थी। भाजपा ने दोनों नेताओं को वहां पहुंचकर यमुना की हालत देखने को कहा था। सचदेवा ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने यमुना जी को साफ करने के नाम पर दिल्ली की जनता को धोखा दिया है और वह हर वादे की तरह, 2025 चुनाव से पहले यमुना जी में डुबकी लगाने का वादा भी नहीं पूरा कर पाए।

सचदेवा ने कहा, पिछले 8 सालों में केंद्र सरकार ने 8500 करोड़ रुपए दिल्ली सरकार को यमुना की सफाई के लिए दिए थे। वह पैसे गए कहां। अरविंद केजरीवाल वह पैसे भ्रष्टाचार में हजम कर गए। आप टॉयलेट सीट भी गायब कर देते हैं यमुना जी को कैसे छोड़ेंगे। पैसे की भूख और सत्ता के मद ने आम आदमी पार्टी को निरंकुश और संवेदनहीन बना दिया। दिल्ली बद से बदतर होती जा रही है, लेकिन इन्हें दिल्ली के लोगों की परवाह नहीं। मैं 2021 का वह वीडियो याद दिलाना चाहता हूं वह छाती ठोककर कह रहे थे कि हम यमुना को साफ करेंगे, हम कोई ब्लेम गेम नहीं खेलेंगे, हम यमुना में डुबकी लगाएंगे जी और यदि 2025 तक यमुना साफ ना हो तो हमें वोट मत देना। दरअसल भाजपा केजरीवाल को उनके पुराने वीडियो दिखाकर घेर रही है जो 2020 विधानसभा चुनाव और 2021 के एक टीवी कार्यक्रम के दौरान का है। तब दिल्ली के मुख्यमंत्री रहते हुए अरविंद केजरीवाल ने वादा किया था कि वह 2025 तक यमुना को पूरी तरह साफ कर देंगे। उन्होंने कहा था कि अगले विधानसभा चुनाव से पहले वह इसमें डुबकी लगाकर दिखाएंगे। अब भाजपा यमुना में झाग वाली तस्वीरें दिखाकर उन्हें वादा याद दिला रही है।

## गाजा में इजरायली बमबारी में पांच फिलिस्तीनी मारे गए

**गाजा/यरूशलम , एजेंसी।**
गाजा पट्टी में इजरायली बमबारी में एक डॉक्टर और नगर निगम के कर्मचारियों समेत कम से कम पांच फिलिस्तीनी मारे गए हैं। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, बुधवार को सूत्रों ने बताया कि उत्तरी गाजा पट्टी के बेत लाहिया स्थित कमाल अदवान अस्पताल के डॉक्टर मोहम्मद गनेम की इजरायली ड्रोन हमले में मौत हो गई। गाजा नगर निगम ने एक प्रेस बयान में कहा कि शहर के तुफ्फाह पड़ोस के पूर्व में पानी के कुओं का संचालन कर रहे उसके दो कर्मचारियों को इजरायली सेना ने निशाना बनाया और मार डाला। बयान में इजरायली हमले की निंदा की गई है और घटना की अंतरराष्ट्रीय समूह से तत्काल जांच का आग्रह किया है। इसके अतिरिक्त, फिलिस्तीनी रेड क्रिसेंट सोसाइटी ने एक बयान में कहा कि मध्य गाजा के दीर अल-बलाह शहर के दक्षिण में एक वाहन को इजरायली हमले में निशाना बनाया गया, जिसमें दो फिलिस्तीनी मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। चश्मदीदों के अनुसार, वाहन फिलिस्तीन शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत एवं कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) का था। मृतकों और घायलों को दीर अल-बलाह स्थित अल-अक्सा अस्पताल में पहुंचाया गया है। फिलिस्तीनी सूत्रों ने बताया कि इजरायली विमानों ने उत्तरी, मध्य और दक्षिणी गाजा में आवासीय घरों को निशाना बनाकर कई हमले किए, जिनमें कई फिलिस्तीनी मारे गए और घायल हो गए।

## अमेरिका चुनावों पर ईरान के हैकर की नजर, चुनावी प्रक्रिया को कर सकते हैं प्रभावित

**वाशिंगटन एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से संबंधित वेबसाइटों और मीडिया आउटलेट्स पर ईरान के हैकिंग ग्रुप की नजर को लेकर माइक्रोसॉफ्ट ने अपने ब्लॉग में एक रिपोर्ट प्रकाशित की है। इस रिपोर्ट में सीधे चुनाव की तैयारियों को प्रभावित करने की ईरानी और चीनी हैकरों की कोशिशों की ओर इशारा किया गया है। मई में भी इन्होंने कई अमेरिकी न्यूज आउटलेट्स की जांच की थी ताकि उनकी कमियों को ढूंढ़ा जा सके। माइक्रोसॉफ्ट ने इन हैकर्स को काटन सैंडस्टार्म नाम दिया है। ये ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड से जुड़े हैं। इन्होंने अमेरिकी चुनाव के लिए अहम स्विंग रुझान वाले राज्यों में चुनाव से जुड़ी वेबसाइटों की टोह लेकर इनमें घुसपैठ भी की। हालांकि अमेरिकी नेशनल इंटेलिजेंस डायरेक्टर के ऑफिस ने इस पर तात्कालिक प्रतिक्रिया नहीं दी है।



यह एजेंसी चुनावों को विदेशी प्रभाव से बचाने के लिए भी काम करती है। वहीं, संयुक्त राष्ट्र में ईरान के मिशन ने अपनी टिप्पणियों में 2024 के अमेरिकी चुनावों में किसी तरह की संलिप्तता या हैकिंग की कोशिशों से इनकार किया है। पिछले अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से पहले भी काटन सैंडस्टार्म ने साइबर आपरेशन को अंजाम दिया था। उस समय फ्लोरिडा राज्य के नागरिकों को दक्षिणपंथी प्राउड ब्वायज नाम से हजारों ईमेल भेज कर धमकियां दी गई थीं। इस समूह ने इंटरनेट मीडिया पर एक वीडियो भी जारी किया था। हालांकि, वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारी के मुताबिक चुनाव प्रक्रिया कभी प्रभावित नहीं हुई। ये सिर्फ संदेह और भ्रम फैलाने के उद्देश्य से किया गया था। सांसदों को बदनाम कर रहे चीनी हैकर माइक्रोसॉफ्ट की रिपोर्ट में यह भी पता चला है कि चीनी सोशल मीडिया बॉट संचालित करने वालों की बड़ी संख्या अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के अंतर्गत अल्बामा, टेनेसी और टेक्सास में मतदाताओं को प्रभावित करने के साथ फ्लोरिडा की अमेरिकी सीनेटर मार्को रुबियो को बदनाम करने की कोशिशों में जुटी है। ये फर्जी अकाउंट से अल्बामा से अमेरिकी सांसद बैरी मूर, टेक्सास से माइकल मैकाल और टेनेसी से मार्शा ब्लैकबर्न और रुबियो को बदनाम करने में जुटे हुए हैं।

# अमेरिका बोला- भारत के साथ मजबूत संबंध; कनाडा के वालमार्ट स्टोर में मृत मिली सिख युवती

**वाशिंगटन एजेंसी।**
अमेरिका ने कहा है कि भारत, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका के साथ उसके मजबूत और सकारात्मक संबंध हैं। वह इन देशों के साथ काम करना जारी रखेगा। पत्रकारों से बात करते हुए अमेरिकी विदेश विभाग के प्रधान उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने कहा कि अमेरिका कई प्रमुख क्षेत्रों में इन देशों के साथ द्विपक्षीय रूप से काम करता है। अमेरिका चीन के साथ अपने संबंधों और प्रतिस्पर्धा का प्रबंधन जिम्मेदारी से करना चाहता है।

ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के बारे में पूछे जाने पर वेदांत पटेल ने कहा कि हमारा मानना है कि सभी देश संप्रभु हैं। उनकी अपनी पसंद है। वे अपनी पसंद के आधार पर समूह बनाते हैं। अमेरिका अपने साझा लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करने के लिए दुनियाभर के भागीदारों के साथ काम करने पर ध्यान देता है, ताकि सबसे व्यापक और गहन गठबंधन बनाया जा सके। इसी दृष्टिकोण को हम अपनी विदेश नीति और कूटनीति में लाते हैं। बताते चलें, भारत, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका ब्रिक्स के भी सदस्य देश हैं।

कनाडा के वालमार्ट स्टोर में मृत मिली सिख युवती

कनाडा के हैलिफैक्स में



वालमार्ट स्टोर के वाक इन ओवन में 19 वर्षीय सिख युवती मृत मिली। उसकी पहचान नहीं हो पाई है। वह स्टोर में कार्यरत थी। पुलिस ने कहा कि उन्हें शनिवार रात करीब साढ़े नौ बजे इसकी सूचना मिली। उसका शव वाक इन ओवन में पड़ा था। वॉक इन ओवन को बैच ओवन भी कहा जाता है। यह एक पहिएदार रैक होता है, जिसमें बड़ी संख्या में चीजों को सुखाया, पकाया जाता है। यह अक्सर सुपरमार्केट जैसी जगहों पर पाए जाते हैं। बहुत दुखद है, क्योंकि वह बेहतर भविष्य के लिए आई थी और उसने अपनी जान गंवा दी। वह हाल ही में भारत से कनाडा आई थी। स्टोर शनिवार रात से बंद है और जांच जारी है। वालमार्ट कनाडा ने बयान में कहा कि कंपनी इस घटना से दुखी है और उनकी संवेदनाएं युवती के परिवार के साथ है। मलेशिया में सैकड़ों बच्चों से कथित यौन उत्पीड़न का मामला सामने आने के बाद एक इस्लामी फर्म के सीईओ सहित 22 सदस्यों पर बुधवार को संगठित अपराध समूह का हिस्सा होने का आरोप लगाया गया है। दोषी पाए जाने पर प्रत्येक को 20 साल तक की सजा का सामना करना पड़ सकता है। पिछले महीने समूह से जुड़े वेलफेयर हाउस से 500 बच्चों को बचाया गया था। ग्लोबल इखवान सर्विसेज एंड बिजनेस होल्डिंग्स के सीईओ नसीरुद्दीन मोहम्मद अली और उनकी पत्नी अजुरा मोहम्मद यूसुफ सहित दर्जनों लोगों को पिछले महीने हिरासत में लिया गया था।

## ब्रिटिश उच्चायुक्त ने कहा- दिल्ली में किंग चार्ल्स का जन्मदिन मनाना दिलचस्प

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटिश हाई कमिशनर लिंडी कैमरन ने बुधवार को कहा कि दिल्ली में किंग चार्ल्स तृतीय का जन्मदिन मनाना शानदार है। उन्होंने कहा कि किंग चार्ल्स के दिल में भारत के लिए एक विशेष स्थान है। लिंडी कैमरन ने किंग चार्ल्स के पिछले भारत दौरे याद किए, जो सबसे 2019 में हुआ था। उन्होंने कहा कि किंग चार्ल्स भारतीय संस्कृति से बहुत आकर्षित हैं और उन्हें दिल्ली और मुंबई की पिछली यात्रा बहुत पसंद आई थी। लिंडी कैमरन ने कहा, आज हमारे लिए एक विशेष दिन है। यह किंग चार्ल्स तृतीय का जन्मदिन मनाने का दिन है, और इसे दिल्ली में कई दोस्तों के साथ मनाना शानदार है। मैं यहां छह महीने से हूं और भारत में रहकर बहुत खुश हूं। मुझे इस समय यहां होना बहुत दिलचस्प लग रहा है। उन्होंने कहा कि किंग चार्ल्स ने भारत में आधिकारिक रूप से दस बार यात्रा की है, और इस देश का उनके दिल में विशेष स्थान है। ब्रिटिश हाई कमीशन ने दिल्ली में किंग चार्ल्स का जन्मदिन मनाने के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में भारत सरकार के प्रतिनिधियों, राष्ट्रमंडल देशों के नेताओं और विभिन्न क्षेत्रों के लोगों को आमंत्रित किया गया।

आर. एन .आई रजि0 न0 JHAHIN/2006/24924 स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक-मुद्रक कमलेश तुलस्यान एस बी राय रोड देवघर द्वारा प्रकाशित तथा आदित्य पब्लिकेशन हाउस, बंधा बाय-पास रोड,बंधा, देवघर (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक-कमलेश तुलस्यान (मो0 9431132132)। कार्यकारी संपादक- श्याम कुमार श्रृंगारी' (इस अंक में प्रकाशित समाचारों का चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी)। फोन नं. 7004539007 फैक्स नं. (06432) 275355, डाक पंजीयन संख्या : SP-13/09 Email : shwetpatra10@gmail.com

# इंडिया-न्यूजीलैंड टेस्ट: वाशिंगटन सुंदर ने झटके 7 विकेट, न्यूजीलैंड 259 रन पर ऑलआउट

**पुणे, एजेंसी।** भारत-न्यूजीलैंड के बीच 3 मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा मैच पुणे के महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में गुरुवार (24 अक्टूबर) से खेला जा रहा है। न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। न्यूजीलैंड की पहली पारी पहले दिन चायकाल के बाद 79.1 ओवर में 259 रन पर ऑलआउट हुई। उसकी ओर से डेवोन कॉनवे और रचिन रविंद्र ने अर्धशतक लगाए। मिचेल सैंटनर ने 51 गेंद में 33 रन की तेज पारी खेली। इन तीनों के अलावा उसका कोई भी बल्लेबाज खुलकर नहीं खेल पाया। भारत की ओर से वाशिंगटन सुंदर ने 7 और रविचंद्रन अश्विन ने 3 विकेट लिये।

डेवोन कॉन्वे 76, रचिन रविंद्र 65 रन बनाकर आउट हुए। टॉम लैथम 15, टॉम ब्लंडेल 3 और विल यंग 18 रन बनाकर आउट हुए। रविचंद्रन अश्विन ने 3 और वाशिंगटन सुंदर ने 2 विकेट लिए। सुंदर ने चाय से पहले रचिन और ब्लंडेल को आउट करके भारत की वापसी कराई। ह्यह्य कीवी टीम में एक बदलाव हुआ। चोट के कारण मैट हेनरी की जगह मिचेल सैंटनर को मौका मिला। भारत की प्लेइंग 11 की बात करें तो 3 बदलाव हुए हैं। शुभमन गिल, आकाशदीप और वाशिंगटन सुंदर की वापसी हुई। केएल राहुल, मोहम्मद सिराज और कुलदीप यादव को बेंच पर बैठाया गया। बेंगलुरु में खेले गए पहले टेस्ट में भारतीय टीम को हार का सामना करना पड़ा था। न्यूजीलैंड 1-0 से आगे है। 2013 से 2022 तक दस वर्षों में सिर्फ घरेलू सरजमीं पर 2 टेस्ट हारने के बाद भारत ने अगले दो वर्षों में तीन टेस्ट गंवाए हैं।




## केएल राहुल के साथ धोखा

### अपनी बात से पलटे गौतम और रोहित, 12 घंटे के बाद किया टीम से बाहर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पुणे टेस्ट की प्लेइंग इलेवन से बाहर होने के बाद अगर ये कहा जाए कि केएल राहुल के साथ धोखा हुआ है, तो गलत नहीं होगा. आखिर, यही तो किया है टीम इंडिया के कोच गौतम गंभीर और कप्तान रोहित शर्मा ने उनके साथ. गंभीर और रोहित जो पहले कह रहे थे, पुणे टेस्ट की प्लेइंग इलेवन का ऐलान करते वक्त किया ठीक उसके उलटा. गौतम गंभीर तो प्रेस कॉन्फ्रेंस में इतनी बड़ी बड़ी बातें कर आए थे, जिसके बाद ये लगने लगा था कि केएल राहुल पुणे टेस्ट खेलेंगे ही खेलेंगे. लेकिन, टॉस के बाद कप्तान रोहित शर्मा ने जब टीम बताई तो केएल राहुल का उसमें नाम नहीं दिखा. सवाल है कि जब यही करना था तो फिर गौतम गंभीर और रोहित शर्मा ने केएल राहुल के बारे में पूछे जाने पर वैसा कहा ही क्यों था?



गौतम गंभीर और रोहित शर्मा ने केएल राहुल को लेकर कहा क्या था, पहले उसे जरा बारी-बारी जान लीजिए. टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर ने पुणे में किए प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि केएल राहुल ने कानपुर में अच्छी पारी खेली थी. टीम मैनेजमेंट उन्हें सपोर्ट करता रहेगा. इतना ही नहीं वो तब भड़क भी उठे थे जब ये पता चला कि सोशल मीडिया पर केएल राहुल को टीम से बाहर किए जाने की मुहिम चल रही है.गंभीर ने तब साफ लहजे में कहा था कि सोशल मीडिया पर क्या चल रहा है, एक्सपर्ट क्या सोचते हैं, ये जरूरी नहीं है. महत्वपूर्ण ये है कि टीम मैनेजमेंट क्या राय रखता है. और, केएल राहुल को टीम मैनेजमेंट का फुल सपोर्ट है. उन्होंने कानपुर की मुश्किल विकेट पर अच्छी पारी खेली थी. गंभीर के इस बयान से तो अब कोई भी यही अंदाजा लगा सकता था कि वो फिलहाल टीम से बाहर नहीं होने वाले. लेकिन, गंभीर के ऐसा कहने के 12 घंटे बाद जब टॉस हुआ तो असली हकीकत सामने आ गई. केएल राहुल टीम से बाहर हो गए.

## विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के इतिहास में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बने आर.अश्विन




**पुणे, एजेंसी।** भारत के स्टार ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन गुरुवार को पुणे के महाराष्ट्र क्रिकेट संघ (एमसीए) स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दौरान आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। अश्विन ने पहले दिन के शुरुआती सत्र में न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लैथम, सलामी बल्लेबाज विल यंग और डेवोन कॉनवे को आउट करके यह उपलब्धि हासिल की। इन तीन विकेटों के साथ, अश्विन ने 2019 से 2024 तक विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के इतिहास में 39 मैचों में 189 विकेट लिए हैं और ऑस्ट्रेलिया के नाथन लियोन को पीछे छोड़ दिया है, जिनके नाम 43 टेस्ट में 187 विकेट हैं। ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट कप्तान पैट कमिंस 42 मैचों में 175 विकेट लेकर तीसरे स्थान पर हैं। भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह 30 मैचों में 124 विकेट लेकर सातवें स्थान पर हैं। अश्विन ने अब तक 104 मैचों में 24 से कम की औसत से 530 विकेट लिए हैं, जो उन्हें भारत की सर्वकालिक टेस्ट विकेट लेने वाली सूची में दूसरे स्थान पर रखता है, जो कि केवल दिग्गज अनिल कुंबले से पीछे है, जिन्होंने 619 विकेट लिए हैं। अपनी शानदार गेंदबाजी के अलावा, इस ऑलराउंडर ने 26.44 की औसत से 3,438 रन बनाए हैं, जिसमें छह शतक और 14 अर्धशतक शामिल हैं।




## नीरज ने की एनआईएस पटियाला में मोंडोट्रैक लगाने की मांग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मोंडोट्रैक एक नई सतह है जिसका उपयोग ट्रैक स्पर्धाओं के लिए किया जा रहा है। ऐसा माना जाता है कि यह प्रदर्शन के स्तर को बढ़ाने के साथ चोट की संभावना को कम करता है।केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया के साथ राष्ट्रीय खेल विधेयक पर चर्चा के दौरान भारत के शीर्ष भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने बुधवार को यहां सरकार से पटियाला स्थित राष्ट्रीय खेल संस्थान में मोंडोट्रैक को जल्दी लगाने की मांग की।मोंडोट्रैक एक नई सतह है जिसका उपयोग ट्रैक स्पर्धाओं के लिए किया जा रहा है। ऐसा माना जाता है कि यह प्रदर्शन के स्तर को बढ़ाने के साथ चोट की संभावना को कम करता है। पेरिस ओलंपिक और ब्रसेल्स में आयोजित डायमंड लीग के फाइनल में ट्रैक स्पर्धाओं का आयोजन इसी पर किया गया था। दुनिया भर के शीर्ष खिलाड़ियों ने इसकी सराहना की थी। वल्केनाइज्ड रबर से बना यह ट्रैक खिलाड़ियों के चोटिल होने की संभावनाओं को कम करने के साथ उनकी गति को बढ़ता है। यह खिलाड़ियों के लिए लय बनाए रखने में मददगार होता है और इस पर उन्हें कम थकान महसूस होती है। नीरज ने इस चर्चा में ऑनलाइन भाग लिया और कहा कि वह 2018-19 से पटियाला में 'मोंडोट्रैक' की मांग कर रहे हैं। जमीनी स्तर पर सुविधाएं एक और अहम मुद्दा है।नीरज ने कहा कि स्टेडियमों का इस्तेमाल सिर्फ राष्ट्रीय शिविर और विश्वकप जैसे बड़े टूर्नामेंटों के लिए ही नहीं होना चाहिए।

## जॉर्डन कॉक्स, रेहान अहमद कैरेबियाई दौरे के लिए इंग्लैंड की टीम में शामिल




**लंदन, एजेंसी।** विकेटकीपर बल्लेबाज जॉर्डन कॉक्स और गेंदबाजी ऑलराउंडर रेहान अहमद को 31 अक्टूबर से एंटीगा में शुरू होने वाले कैरेबियाई दौरे के लिए इंग्लैंड की व्हाइट-बॉल टीम में शामिल किया गया है।कॉक्स ने पिछले महीने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इंग्लैंड की टी20 सीरीज में अपना अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया था, वह कैरेबियाई दौरे में शामिल होने से पहले रावलपिंडी में पाकिस्तान के खिलाफ चल रहे तीसरे और अंतिम टेस्ट के पहले दिन के अंत के बाद यूके के लिए उड़ान भरेंगे। उम्मीद है कि वह तीनों वनडे मैचों के लिए उपलब्ध रहेंगे, लेकिन उसके बाद के टी20 चरण के लिए नहीं, क्योंकि वह न्यूजीलैंड के अगले टेस्ट दौरे की तैयारी करेंगे। रेहान, जो पाकिस्तान के खिलाफ चल रहे टेस्ट की प्लेइंग इलेवन में भी शामिल हैं, मैच के अंत में व्हाइट-बॉल टीम में शामिल होंगे। नियमित कप्तान जोस बटलर की अनुपस्थिति में, जो पिंडली की चोट से उबरने में थोड़ी परेशानी के कारण मैच से बाहर हो गए हैं, ऑलराउंडर लियाम लिविंगस्टोन वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी वनडे सीरीज में इंग्लैंड की कप्तानी करेंगे।




## जोहोर कप: ऑस्ट्रेलिया ने भारत का विजय रथ रोका

**जोहोर बाहरू, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को सुल्तान ऑफ जोहोर कप में 4-0 की जीत दर्ज कर भारत के विजय रथ को रोक दिया। आज यहां खेले गए मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के पैट्रिक एंड्रयू ने (29वें मिनट में) गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। ऑस्ट्रेलियाई खिलाडियों ने मैच के दौरान आक्रामक रूख अख्तियार किया। डेकिन स्टैंगर ने (33वें, 39वें, 53वें मिनट में) गोल कर हैट्रिक बनाई। जबकि भारत की फॉरवर्ड लाइन ऑस्ट्रेलियाई रक्षापंक्ति तोड़ने के लिए संघर्ष करती देखी गई। भारतीय रक्षापंक्ति ने शानदार खेल का मुजाहिरा करते हुए पहले क्वार्टर में ऑस्ट्रेलिया हमलों विफल किया।

ऑस्ट्रेलिया के पैट्रिक एंड्रयू ने (29वें मिनट में) गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद उत्साहित डेकिन ने 33वें मिनट में गोलकर बढ़त को दोगुना कर दिया। उन्होंने भी 39वें मिनट अपना दूसरा गोला दागा। डेकिन ने 53वें मिनट में गोलकर अपनी हैट्रिक बनाई। बढ़त को 4-0 पहुंचा दिया। कई अवसर मिलने के बावजूद भारतीय टीम गोल नहीं कर पाई। इस हार के बावजूद भारत नौ अंकों के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर बना हुआ है जबकि ऑस्ट्रेलिया न्यूजीलैंड के बाद तीसरे स्थान पर है।

## मीरपुर टेस्ट: साउथ अफ्रीका ने 7 विकेट से जीता मैच

### बांग्लादेश की दूसरी पारी 307 रन पर सिमटी, रबाडा को मैच में 9 विकेट

**मीरपुर, एजेंसी।** मीरपुर टेस्ट के चौथे दिन साउथ अफ्रीका ने बांग्लादेश को 7 विकेट से हरा दिया। टीम की तरफ टोनी डी जॉर्जी ने सबसे ज्यादा 41 रन बनाए। बांग्लादेश से तैजुल इस्लाम ने 3 विकेट लिए।

मैच में साउथ अफ्रीका के काइल वीरेन ने 114 रन की पारी खेली। कागिसो रबाडा ने कुल 9 विकेट लिए। वहीं बांग्लादेश की तरफ से मेहदी हसन मिराज ने दूसरी पारी में 97 रन की पारी खेली। टीम की तरफ से तैजुल इस्लाम ने मैच में 8 विकेट लिए। बांग्लादेश ने 106 रन का टारगेट दिया बांग्लादेश ने साउथ अफ्रीका को 106 रन का टारगेट दिया। टीम ने अपने कल के स्कोर 283 रन से आगे खेलना शुरू किया और 307 रन पर सिमट गई। मेहदी हसन मिराज ने 97 रन की पारी खेली। जाकेर हसन ने 58 रन बनाए। गुरुवार को साउथ अफ्रीका की तरफ से कागिसो रबाडा ने 6 विकेट लिए। जबकि केशव महाराज को 3 विकेट मिले।



### मेहदी हसन मिराज ने 97 रन की पारी खेली।

तीसरे दिन का खेल... मीरपुर टेस्ट के तीसरे दिन बांग्लादेश ने दूसरी पारी में 81 रन की बढ़त ले ली है। टीम ने बुधवार को अपने कल के स्कोर 101 रन से आगे खेलना शुरू किया। ऑलराउंडर मेहदी हसन मिराज की फिफ्टी के चलते बांग्लादेश ने 7 विकेट खोकर 283 रन बना लिए हैं। खराब रोशनी की वजह से तीसरे दिन का स्टंप्स कर दिया गया था। प्रोटियाज टीम की तरफ से कागिसो रबाडा ने सबसे ज्यादा 6 विकेट लिए। उनके अलावा केशव महाराज को 3 विकेट मिले।

मेहदी और जाकिर ने पारी संभाली ऑलराउंडर मेहदी हसन मिराज और जाकेर अली ने बांग्लादेश की लड़खड़ाती पारी संभाली। टीम ने एक समय अपने पांच विकेट 106 रन पर खो दिए थे। इसके बाद दोनों ने मिलकर 138 रन जोड़े। इस साझेदारी को केशव महाराज ने तोड़ा। मेहदी हसन मिराज 87 रन बनाकर नाबाद है।

जाकेर अली ने अपने डेब्यू पर फिफ्टी लगाई। उन्होंने 58 रन की पारी खेली। दूसरे दिन का खेल... मीरपुर टेस्ट के दूसरे दिन बांग्लादेश ने दूसरी पारी में 3 विकेट खोकर 101 रन बनाए। ओपनर महमूद हसन 40 और मुश्फिकुर रहीम 33 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इससे पहले मंगलवार की सुबह साउथ अफ्रीका ने पहली पारी में 202 रन की बढ़त ली। प्रोटियाज टीम 308 रन बनाकर ऑलआउट हुई। टीम ने अपने कल के स्कोर 140 रन से आगे खेलना शुरू किया और विकेटकीपर बल्लेबाज काइल वीरेन के शानदार शतक और वियान मुल्डर की फिफ्टी के चलते टर्निंग ट्रैक पर 308 रन बनाए। बांग्लादेश की तरफ से तैजुल इस्लाम ने 5 विकेट लिए। जबकि हसन महमूद को 3 और मेहदी हसन मिराज को 2 विकेट मिले।

काइल वीरेन और वियान मुल्डर की शतकीय साझेदारी पहली पारी में बांग्लादेश की शुरुआत खराब रही। टीम ने अपने 6 विकेट 108 रन पर गंवा दिए। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए काइल वीरेन और वियान मुल्डर ने शानदार बल्लेबाजी की। दोनों ने मिलकर 119 रन जोड़े। वीरेन ने शानदार शतक लगाते हुए 114 रन की पारी खेली। वहीं मुल्डर ने 54 रन बनाए।

## बदौनी के अर्धशतक से भारत ए ने ओमान को हराया, सेमीफाइनल में पहुंचा

**मस्कट (ओमान), एजेंसी।** मध्यक्रम के बल्लेबाज आयुष बदौनी के अर्धशतक की मदद से भारत ए ने बुधवार को यहां अल अमरत में एसीसी टी20 इमर्जिंग टीम एशिया कप 2024 के सेमीफाइनल में जगह पक्की की।भारत ए ने ग्रुप बी के अंतिम मैच में मेजबान ओमान पर छह विकेट से जीत दर्ज करके इस प्रतियोगिता में अपना अपराजेय क्रम बरकरार रखा। इस जीत के साथ भारत ए छह अंकों के साथ ग्रुप बी में शीर्ष पर रहा और शुक्रवार को सेमीफाइनल में उसका सामना अफगानिस्तान से होगा। चार अंकों के साथ पाकिस्तान भी ग्रुप बी उपविजेता के रूप में क्वालीफाई कर गया और दूसरे सेमीफाइनल में उसका सामना श्रीलंका ए से होगा।



पहले बल्लेबाजी करते हुए ओमान ने 20 ओवर में 140/5 का मामूली स्कोर बनाया। जवाब में भारत ने कप्तान तिलक वर्मा (30 गेंदों पर 36 रन) और बदौनी (27 गेंदों पर 51 रन) के बीच 85 रनों की साझेदारी की बदौलत 15.2 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। मेजबान टीम ने भारत के खिलाफ अच्छी शुरुआत की और पहले चार ओवरों में आठ से अधिक रन की दर से आगे बढ़ रही थी। भारत के आकिब खान, निशांत सिंधु और रमनदीप सिंह ने पावरप्ले में विकेट चटकाए और ओमान के स्कोरिंग रेट को कम किया और छह ओवरों में उन्हें 46/3 पर रोक दिया। मोहम्मद नदीम और वसीम अली ने चौथे विकेट के लिए 47 रनों की साझेदारी की, लेकिन यह साझेदारी स्कोरिंग रेट की कीमत पर हुई, जिसमें 60 गेंदें लगीं। वसीम अली 15वें ओवर में साई किशोर की गेंद पर लेग बिफोर विकेट आउट हो गए, तब ओमान का स्कोर 80/4 था। हम्माद मिर्जा ने 15 गेंदों पर 28 रन बनाए और ओमान ने 20 ओवरों में 140/5 रन बनाकर बहुत जरूरी गति प्रदान की।

तिलक वर्मा ने एक बार 20 ओवर में आठ गेंदबाजों का इस्तेमाल किया। आकिब खान, रसिख सलाम, निशांत सिंधु, रमनदीप सिंह और साई किशोर ने एक-एक विकेट लिया। 141 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए अनुज रावत (11 गेंदों पर 8 रन) ने अपना विकेट जल्दी गंवा दिया, लेकिन अभिषेक शर्मा ने 15 गेंदों पर 34 रन बनाकर भारत को गति दिलाई। अभिषेक शर्मा की संक्षिप्त पारी में पांच चौके और एक छक्का शामिल था और इससे भारत ने पांच ओवर में 44/2 रन बनाए। कप्तान तिलक वर्मा और आयुष बदौनी ने 85 रनों की साझेदारी की और तेजी से आगे बढ़े। भारत ए का स्कोर नौ ओवर में 80/2 था और टीम को अभी भी 66 गेंदों पर 61 रनों की जरूरत थी। हालांकि, बदौनी ने समय श्रीवास्तव द्वारा किए गए 10वें ओवर को निशाना बनाया और पहली पांच गेंदों पर 4,4,6,6,4 रन बनाए, जिससे अंतिम 10 ओवर में आवश्यक रन दर चार रन से भी कम रह गई।